सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट
2014-15

के वि वि आयोग
CERC

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी)

तृत्तीय एवं चतुर्थ तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली –110001

Phone : +91 11 23353503 • +91 11 23753923

www.cercind.gov.in

अध्यक्षीय वक्तव्य

वर्ष 2014–15 में, केविविआ ने भारत में विद्युत क्षेत्र में सुधारों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

आयोग ग्रिड के सुरक्षित प्रचालन को सुनिश्चित करने के अपने उत्तरदायित्व के भाग के रूप में ग्रिड निरंतरता बैंड प्रचालन को कड़ा करते हुए और विचलन व्यवस्थापन प्रभारों के माध्यम सहित महत्वपूर्ण पहल करता रहा है। वर्ष के दौरान ग्रिड अननुशासन के मामलों की सुनवाई करते हुए आयोग ने ग्रिड संहिता के उल्लंघन की ओर जाने वाले मामलों पर कड़ाई से कार्य किया और एसएलडीसी के प्रमुखों एवं राज्यों के एसटीयू को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

आयोग का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व विद्युत बाजार को उन्नत बनाना है। अपने उत्तरदायित्व के निर्वहण में आयोग विभिन्न विनियामक हस्तक्षेपों के माध्यम से बाजार का विकास करता है और इसी के साथ साथ निगरानी के रूप में भी कार्य करता है और प्रतिस्पर्धा में आने वाली कठिनाइयों को दूर करता है।

निर्बाध पहुँच की मनाही के दृष्टांत आयोग के नोटिस में लाए गए और आयोग ने विभिन्न स्तरों पर प्रयोग के लिए अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली को गैर भेदभाव निर्बाध पहुंच को सरल बनाने के लिए समुचित निर्देश जारी किए।

आयोग नियमित अंतरालों पर अल्पकालिक विद्युत बाजार में विकास की मॉनिटरिंग करता रहा है। आयोग ने पावर एक्सचेंजों के बोर्ड में निदेशक के रूप में अर्हकताओं और अनर्हकताओं को विनिर्दिष्ट करते हुए विनियमों को अधिसूचित किया।

वर्ष के दौरान आयोग द्वारा लिया गया एक महत्वपूर्ण कदम दिन रात अंतःदिवस/आकस्मिक बाजार के प्रचालन के लिए पावर एक्सचेंजों के लिए फ्रेमवर्क तैयार करना था। इस तथ्य पर विचार करते हुए यह महत्वपूर्ण है कि आयोग वितरण कंपनियों द्वारा ऊर्जा अपेक्षा की पूर्ति के लिए अननुसूचित अंतःपरिवर्तन पर निर्भरता को हतोत्साहित करता रहा है। आयोग ने सहायक सेवाओं को आरंभ करने पर लोक परामर्श की प्रक्रिया भी आरंभ की है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य भार उत्पादन संतुलन का बेहतर संचालन और बड़े पैमाने पर समन्वित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का बेहतर संचालन रहा है।

आयोग नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में सदैव सक्रिय रहा है। इसके लिए आयोग ने अंतरराज्यिक स्तर पर पवन और सौर पर आधारित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन केन्द्रों के लिए पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण, असंतुलन संचालन के लिए फ्रेमवर्क पर विचार विमर्श आरंभ किया। आयोग ने आरईसी फ्रेमवर्क के सुदृढ़ीकरण के निर्णय लिए और कई मुद्दों के समाधान किए। इस संदर्भ में आयोग ने वितरण कंपनियों को आरपीओ स्तर से आगे आरईसी के क्रय के लिए पात्र बनाया। सौर आरईसी कीमतों को तर्कसंगत बनाया जाए और आरईसी की मल्टिप्लायर की अवधारणा को पुरानी सौर आरईसी आधारित परियोजनाओं के लिए आरंभ किया गया।

विद्युत मंत्रालय ने मौजूदा विद्युत अधिनियम 2003 में संशोधनों का प्रस्ताव किया जिसमें अन्य बातों के साथ साथ वितरण क्षेत्र में अंतर्वस्तु एवं पृथक्करण, नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए उपाए, टैरिफ की तर्कसंगतता, ग्रिड सुरक्षा के लिए उपाए आदि शामिल है। आयोग ने अधिनियम के कार्यान्वयन के बारे में कई पहलुओं पर विचार किया।

आयोग ने अपने संसाधनों को उपलब्ध कराते हुए विनियामक फोरम(एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम(एफओआईआर) और दक्षिण एशिया अवसंरचना विनियम फोरम (साफिर) के कार्यकलापों को प्रोत्साहित

किया। आयोग विनियामक फोरम(एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम(एफओआईआर) और दक्षिण एशिया अवसंरचना विनियम फोरम (साफिर) को सचिवीय सेवाएं प्रदान करता है।

विनियामक फोरम (एफओआर) अध्यक्ष, केविविआ की अध्यक्षता के अधीन विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत एक निकाय है। एसईआरसी / जेईआरसी के अध्यक्ष एफओआर के सदस्य हैं। फोरम की वर्ष के दौरान 7 बैठकें हुई और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतैक्य विकसित किया। फोरम ने कई अध्ययन जैसे "क्रास सब्सिडी में कमी के लिए रोड़ मैप" "24 x 7 विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पर अध्ययन" तथा "ग्रामीण तथा कृषि उपभोक्ताओं के फीडर पृथक्करण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करने के लिए फ्रेमवर्क और प्रभावी मीटरिंग पर उपायों का सुझाव देना" जैस अध्ययन किए गए।

आयोग अपने उत्तरदायित्व के निर्वहण में सभी स्टेकहोल्डरों से उनके सतत सहयोग की कामना करता है।

गिरीश भा. प्रधान

विषय सूची

1.	आयोग	11
2.	मिशन विवरण	15
3.	आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का संक्षिप्त विवरण	19
4.	पूर्व वर्ष : एक अवलोकन	27
5.	उपभोक्ता के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष	33
6.	विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियां	37
7.	वर्ष 2014–15 के दौरान गतिविधियां	41
8.	2014–15 के दौरान जारी की गई अधिसूचनाएं	85
9.	2015–16 के लिए कार्यसूची	89
10.	लेखों की वार्षिक विवरणी	93
11.	आयोग का मानव संसाधन	97
अनुबंध		101

संक्षेप अक्षरों की सूची

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप
एबीटी	उपलब्धता आधारित टैरिफ
एडीएमएस	स्वचालित मांग प्रबंधन योजना
एईआरए	एयरपोर्ट आर्थिक विनियामक अधिकरण
एपीपीसी	औसत पूल क्रय लागत
एपीटीईएल/एटीई	विद्युत का अपीलीय न्यायाधीकरण
एयूएफआर	फ्रीक्वेंसी रिले
बीईई	ऊर्जा कुशलता ब्यूरों
बीपीटीए	बल्क विद्युत पारेषण करार
बीयू	बिलियन यूनिट
सीएसी	केन्द्रीय परामर्शदात्री समिति
सीसीजीटी	समन्वित साईकिल गैस टर्बाइन
सीसीआई	भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग
सीईआरसी	केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग
सीजीपी	केप्टिव उत्पादन संयंत्र
सीआईएल	कोयला इंडिया लि.
सीओडी	वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख
सीपीआरआई	केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
सीपीएसयू	केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम
सीटीयू	केन्द्रीय पारेषण कंपनी
डीएएम	डे अहेड मार्केट
डिस्काम	वितरण कंपनी
डीवीसी	दामोदर घाटी निगम
ईए	विद्युत अधिनियम
ईआर	पूर्वी क्षेत्र
ईआरसी	विद्युत विनियामक आयोग
ईआरएलडीसी	पूर्वी क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्र
ईआरपीसी	पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति
एफजीएमओ	फ्री गवर्नर मोड प्रचालन
एफआई	वित्तीय संस्था
एफओआईआर	भारतीय विनियामक फोरम
एफओआर	विनियामक फोरम
एफएसए	ईंधन आपूर्ति करार
जीसीवी	सकल क्लोफिक मूल्य
जीएफए	सकल नियत आस्तियां

जीआईएस	भौगोलिक सूचना प्रणाली
जीओआई	भारत सरकार
जीपीएस	गैस विद्युत केन्द्र
जीएसईएस	ग्रिड सुरक्षा विशेषज्ञ प्रणाली
जीडब्ल्यू	गीगा वाट
एचईपी	हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना
एसपीएस	हाइड्रो विद्युत केन्द्र
आईसी	स्थापित क्षमता
आईडीसी	निमार्ण के दौरान हित
आईईजीसी	भारतीय विद्युत ग्रिड कोड
आईईएक्स	भारतीय ऊर्जा विनिमय
आईपीपी	स्वतंत्र क्रय उत्पादक
आईएसजीएस	अंतर–राज्यिक उत्पादन प्रणाली
आईएसटीएस	अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली
जेईआरसी	संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
जेएनएनएसएम	जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय सौर मिशन
जेवी	संयुक्त उद्यम
केवी	किलो वॉल्ट
केडब्ल्यू	किलोवाट
केडब्ल्यूएच	किलावोट घंटा
लीलो	लूप इन लूप आउट
एलटीए	दीर्घकालिक पहुंच
एमएटी	न्यूनतम वैकल्पिक कर
एमएमसी	बाजार मानिटरिंग कक्ष
एमएनआरई	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
एमओपी	विद्युत मंत्रालय
एमटीओए	मध्यकालिक निर्बाध पहुंच
एमयू	मिलियन यूनिट
एमडब्ल्यू	मेगावाट
एमवाईटी	बहुवर्ष टैरिफ
एनडीसी	राष्ट्रीय विकास परिषद
निपको	उत्तर–पूर्वी विद्युत ऊर्जा कंपनी
एनईआर	उत्तर–पूर्वी क्षेत्र
एनईआरएलडीसी	उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र
एनईआरपीसी	उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति
एनटीपीसी	राष्ट्रीय थर्मल पावर कार्पोरेशन
ओएंडएम	प्रचालन तथा रखरखाव
ओसीसी	प्रचालन समन्वय समिति

ओसीजीटी	निर्बाध चक्र गैस टर्बाइन
ओटीसी	ओवर दि काउंटर
पीएएफ	संयंत्र उपलब्धता घटक
पीजीसीआईएल	पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लि
पीएलएफ	संयंत्र भार घटक
पीएमयू	फेजर परिमापन यूनिट
पीएनजीआरबी	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड
पीओसी	प्वाइंट ऑफ कनैक्शन
पोसोको	विद्युत प्रणाली प्रचालन निगम लि
पीपीए	विद्युत क्रय करार
पीएसडीएफ	विद्युत प्रणाली विकास निधि
पीएक्सआईएल	भारतीय विद्युत विनिमय लि.
आरई	नवीकरणीय ऊर्जा
आरईए	क्षेत्रीय ऊर्जा लेखा
आरईसी	नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र
आईएफपी	प्रस्ताव के लिए अनुरोध
आरजीएमओ	नियंत्रित गवर्नर मोड प्रचालन
आरएलडीसी	क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र
आरएलएनजी	पुनर्गैसकृत लिक्वीफाईट प्राकृत गैस
आरओसीई	नियोजित पूंजी पर रिटर्न
आरओई	इक्विटी पर रिटर्न
आरओआर	रन ऑफ दी रिवर
आरपीसी	क्षेत्रीय विद्युत समिति
आरपीओ	नवीकरणीय क्रय बाध्यता
आरआरआई	विनियामक अनुसंधान संस्थान
साफिर	दक्षिण एशिया अवसरंचना विनियम फोरम
स्काडा	पर्यवेक्षण नियंत्रण एवं डाटा अधिग्रहण
एससीओडी	वाणिज्यिक प्रचालन की अनुसूचित तारीख
एसईआरसी	राज्य विद्युत विनियामक आयोग
एसईजैड	विशेष आर्थिक क्षेत्र
एसएचआर	स्टेशन हीट दर
एसजीवीएनएल	सतलज जल विद्युत निगम लि.
एसएलडीसी	राज्य भार प्रेषण केन्द्र
एसआर	दक्षिणी क्षेत्र
एसआरएलडीसी	पूर्वी क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्र
एसआरपीसी	दक्षिण क्षेत्रीय विद्युत समिति
एसएसयू	राज्य क्षेत्र कंपनियां
एसटीओए	अल्पकालिक निर्बाध पहुंच

एसटीपीएस	सुपर थर्मल पावर स्टेशन
एसटीयू	राज्य पारेषण कंपनी
टीएएम	टर्म एहेड बाजार
टीएएमपी	बड़े पत्तनों की ट्रेफिक अधिकरण
टीएचडीसी	टिहरी हाइड्रो विकास निगम
टीपीएस	थर्मल विद्युत केन्द्र
टीएसए	पारेषण सेवा करार

1
आयोग

1. आयोग

विद्युत क्षेत्र के लिए स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना 1990 के दशक के प्रारंभ में उस समय की गई थी, जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री, श्री शरद पवार की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने "सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यावसायिक टैरिफ बोर्डों का गठन" करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि "टैरिफ बोर्डों से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफो को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यावसायिकता आ सकेगी।"

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में, अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए, यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इनको एक निश्चित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया।

इस प्रकार, केंद्र तथा राज्यों में विनियामक आयोगों को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को अलग रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में विद्युत टैरिफ तर्कसंगतता आदि के बारे में, पारदर्शी नीतियों के सुव्यवस्थीकरण के लिए केंद्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन केंद्रीय सरकार ने जुलाई 1998 में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (के.वि.वि.आ.) का गठन किया। चूंकि, अब विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 को विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के उपबंधों के अधीन सृजित सीईआरसी को विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के रूप में मान्यता दी गई है।

आयोग अर्ध–न्यायिक हैसियत में कार्य करता है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त है। इसमें एक अध्यक्ष, तीन पूर्णकालिक सदस्य और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (कें.वि.प्रा.) के अध्यक्ष, पदेन सदस्य के रूप में शामिल है। स्वतंत्र विनियमन से संबंधित मुद्दों पर विचार करते समय, एक बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, अधिनियम यह विहित करता है कि अध्यक्ष और सदस्य ऐसे व्यक्ति होंगे, जिन्हें इंजीनियरी, विधि, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, वित्त अथवा प्रबंधन में पर्याप्त ज्ञान और अनुभव प्राप्त हो। यह आयोग में निरूपित की जाने वाली विभिन्न विद्याओं के एक व्यापक स्वरूप को भी निर्धारित करता है। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति अधिनियम में यथा विहित केंद्रीय सरकार द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अधिनियम एक सचिव की नियुक्ति के लिए भी उपबंध करता है, जो अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन कार्य करता है और जिसकी शक्तियां और कर्तव्य आयोग द्वारा परिभाषित किए जाते हैं।

विद्युत अधिनियम, 2003 ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के उत्तरदायित्व में एक महत्वपूर्ण

अभिवृद्धि की है। विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन केवल टैरिफ नियतन की शक्तियां ही केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग में निहित थी। विद्युत अधिनियम 2003 के अधीन केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग को टैरिफ नियतन की शक्तियों के अतिरिक्त विभिन्न अन्य उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं, अर्थात्, अंतरराज्यिक पारेषण, अंतरराज्यिक व्यापार के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने और परिणामस्वरूप लाइसेंस में संशोधन करने, उसे निलंबित करने और निरस्त करने की शक्तियां, अनुज्ञप्तिधारियों के लिए निष्पादन मानक बनाकर और उनका पालन सुनिश्चित करते हुए विनियमित करने की शक्तियां, आदि।

अधिदेश

जैसाकि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) द्वारा दायित्व सौपा गया है, आयोग निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करने के लिए उत्तरदायी है :–

(क) केंद्रीय सरकार के स्वामित्व अथवा उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कंपनियों के टैरिफ का विनियमन करना;

(ख) खंड (क) में विनिर्दिष्ट केंद्रीय सरकार के स्वामित्व वाली या उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कंपनियों से भिन्न उत्पादन कंपनियों के टैरिफ का विनियमन करना यदि ऐसी उत्पादन कंपनियां एक राज्य से अधिक राज्यों में विद्युत के उत्पादन और विक्रय के लिए संयुक्त स्कीम में शामिल होती हैं या अन्यथा उनकी ऐसी कोई संयुक्त स्कीम है;

(ग) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण को विनियमित करना;

(घ) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण के लिए टैरिफ अवधारित करना;

(ङ) किन्हीं व्यक्तियों को पारेषण अनुज्ञप्तिधारी और उनकी अंतर–राज्यिक संक्रियाओं की बाबत विद्युत व्यापारी के रूप में कृत्य करने के लिए अनुज्ञप्ति जारी करना;

(च) उपर्युक्त खंड (क) से खंड (घ) तक से संसक्त विषयों के संबंध में उत्पादन कंपनियों या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी को अंतर्वलित करने वाले विवादों का न्यायनिर्णयन करना तथा मध्यस्थता के लिए किसी विवाद को निर्दिष्ट करना;

(छ) अधिनियम के प्रयोजनों के लिए फीस उदगृहीत करना;

(ज) ग्रिड मानकों को ध्यान में रखते हुए, ग्रिड कोड विनिर्दिष्ट करना;

(झ) अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता और विश्वसनीयता की बाबत मानकों को विनिर्दिष्ट और प्रवृत्त करना;

(ञ) विद्युत के अंतर–राज्यिक व्यापार में, यदि आवश्यक समझा जाए, व्यापार अंतर को नियत करना;

(ट) ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो अधिनियम के अधीन समनुदेशित किए जाएं। केंद्रीय सरकार को केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(2) के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों पर सलाह देना

(i) राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति बनाना;
(ii) विद्युत उद्योग के क्रियाकलाप में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययता का संवर्धन करना;
(iii) विद्युत उद्योग में विनिधान का संवर्धन; और
(iv) केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय आयोग को निर्दिष्ट कोई अन्य विषय।

2
मिशन विवरण

2. मिशन विवरण

आयोग की थोक विद्युत बाजारों में प्रतिस्पर्धा, कार्यकुशलता और मितव्ययता को बढावा देने, सप्लाई की गुणवत्ता में सुधार करने, मांग आपूर्ति के अंतर, जिससे ग्राहकों के हितों का सम्पोषण हो, को पाटने के लिए संस्थागत बाधाओं को दूर करने के संबंध में सरकार को सलाह दने की योजना है। इन उद्देश्यों के अनुसरण में, आयोग का उद्देश्य :–

क भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी), उपलब्धता आधारित टैरिफ (एबीटी) के माध्यम से क्षेत्रीय पारेषण प्रणालियों के प्रचालन और प्रबंधन में सुधार करना।

ख एक कारगर टैरिफ अवधारण तंत्र तैयार करना जिससे थोक विद्युत और पारेषण सेवाओं की कीमत के संबंध में मितव्ययता और कार्यकुशलता और न्यूनतम लागत पर निवेश सुनिश्चित होगा।

ग अंतर–राज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच को सुकर बनाना।

घ अंतर–राज्यिक व्यापार को सुकर बनाना।

ड विद्युत बाजार के विकास को प्रोत्साहन देना।

च सभी पणधारियों के लिए जानकारी देने में सुधार लाना।

छ थोक ऊर्जा तथा पारेषण सेवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक बाजार के विकास के लिए अपेक्षित तकनीकी तथा संस्थानिक परिवर्तनों को सुकर बनाना।

ज प्रतिस्पर्धात्मक बाजारों के सृजन के प्रथम उपाय के रूप में, पर्यावरणीय, सुरक्षा तथा विद्यमान विधायी अपेक्षाओं की सीमा के भीतर पूंजी तथा प्रबंधन के लिए प्रवेश तथा निकासी की बाधाओं के संबंध में सलाह देना।

मार्गदर्शक सिद्धांत

मिशन विवरण और इसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आयोग का मार्गदर्शन निम्नलिखित सिद्धांतों द्वारा किया जाता है:

क सभी पणधारियों (स्टेक होल्डरों) के प्रति पारदर्शी और निष्पक्ष रहते हुए उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ताओं के हितों सहित समाज के हित का संरक्षण।

ख पक्षकारों को सुने जाने के पर्याप्त और समान अवसर दिए जाने के पश्चात् याचिकाओं के माध्यम से इसके समक्ष लाए गए विवाद समाधान में निष्पक्ष रहना।

ग एक ओर विचारों में संगत रहते हुए, विनियामक निश्चितता बनाए रखना और दूसरी ओर उभरते हुए विद्युत क्षेत्र में खुले मन से परिवर्तनों को अंगीकार करना।

घ यह सुनिश्चित करने के लिए अपने विनियम बनाने में पणधारी परामर्श और भागीदारी प्रक्रिया अपनाना जिससे कि विनियम यथासंभव पणधारियों की आशाओं के अनुरूप हों।

ड विनियामक और बाजार आधारित तंत्र का प्रयोग करते हुए विद्युत क्षेत्र में स्रोतों का अनुकूल आबंटन सुनिश्चित करना।

च विद्युत उत्पादन में नवीकरणीय स्रोतों के संवर्धन द्वारा कायम रखने योग्य विकास को प्रोत्साहित करना।

3

आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का संक्षिप्त विवरण

श्री गिरीश भा. प्रधान
अध्यक्ष
(22 अक्तूबर 2013 से पदासीन हैं)

राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर दोनों के 37 वर्षों से अधिक सिविल सेवा कैरियर का अनुभव रखने वाले श्री गिरीश भा. प्रधान का जन्म 20 दिसम्बर 1952 को मुंबई में हुआ। इन्होंने सेंट जेवियर स्कूल, जयपुर, राजस्थान (1969) से स्कूल की शिक्षा प्राप्त की तथा सेंट स्टीफन कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास (आनर्स) में (1970–73) में स्नातक डिग्री प्राप्त की। इन्होंने वर्ष (1973–75) में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री (इतिहास) में प्राप्त की, स्कूल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, कार्लेटन विश्वविद्यालय, ओटावा, कनाडा से लोक प्रशासन स्नातकोत्तर (एमपीए 1984–85) की डिग्री प्राप्त की एवं नेशनल डिफेंस कालेज (एनडीसी 1992) से स्ट्रेटेजिक अध्ययन में मास्टर की डिग्री प्राप्त की। औपचारिक शैक्षणिक कार्यक्रमों के अलावा, श्री प्रधान ने विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सेवा कार्यक्रमों में भी भाग लिया।

वर्ष 1977 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री प्रधान ने दिल्ली विश्वविद्यालय में अंडरग्रेज्युट स्तर पर इतिहास पढ़ाया एवं स्टेट बैंक ग्रुप में प्राबेशनरी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्हें वर्ष 1977 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में महाराष्ट्र का कैडर आवंटित किया गया एवं इन्होंने राज्य एवं जिला स्तर पर महाराष्ट्र राज्य में कार्य किया। उन्होंने महाराष्ट्र के शोलापुर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, मुंबई, ठाणे, नागपुर एवं पुणे जैसे विभिन्न जिलों में विनियामक एवं विकासात्मक कार्यों को संचालित किया।

वे वर्ष 1980–81 में सिंधु दुर्ग के नए जिले से निकटता से संबद्ध रहें। बाद में, उन्होंने महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड के सदस्य एवं सचिव के रूप में कार्य किया। श्री प्रधान पुणे के नगरपालिका आयुक्त एवं मुंबई के अपर नगरपालिका आयुक्त रहे। यशवंत राव चव्हाण ऐकेडमी आफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन के महानिदेशक के रूप में वे उस संस्था को देश का उच्च सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान बनाने में अग्रणी रहे। स्वतंत्र भारत में सिविल सेवा सुधारों के लिए उनके पास मोनोग्राफ है।

श्री प्रधान ने राष्ट्रीय स्तर पर, खाद्य एवं सिविल आपूर्ति, गृह कार्य एवं विद्युत मंत्रालय में कार्य किया है। इन्होंने वर्ष 1992 से 1997 तक भारत के राष्ट्रपति के कार्यालय में निदेशक तथा राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव दोनों के रूप में कार्य किया। उन्होंने वर्ष 2002 से 2003 तक लोक सभा के स्पीकर के सचिव के रूप में कार्य किया।

श्री प्रधान ने नवम्बर 2003 में विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया जहां उन्होंने योजना, समन्वयन, ऊर्जा कुशलता, पारेषण एवं ओएम सहित विभिन्न विषयों में महत्वपूर्ण कार्य किया। वे जनवरी, 2008 में अपर सचिव के रूप में पदोन्नत हुए और पावर ग्रिड कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. से संबंधित मामलों एवं उनकी केन्द्रीय क्षेत्र परियोजनाओ, पावर ट्रेडिंग कार्पोरेशन, पावर फाइनेंस कार्पोरेशन, प्रचालन एवं मानिटरिंग, समन्वयन, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, जलवायु परिवर्तन एवं विद्युत मंत्रालय के सूचना तकनीक प्रभाग से

संबंधित मामलों को शामिल करते हुए नीति एवं योजना, पारेषण में कार्य किया। उन्होंने दामोदर घाटी निगम के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

श्री प्रधान 1 फरवरी, 2011 से विद्युत मंत्रालय में विशेष सचिव के रूप में पदोन्नत किए गए और अक्तूबर, 2011 में उन्होंने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा (एमएनआरई) मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया।

उक्त के अलावा, श्री प्रधान ने विद्युत क्षेत्र से संबंधित विवेच्य रिपोर्टो के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका राज्य तथा केन्द्रीय स्तर दोनों पर विद्युत क्षेत्र में (12 वर्षों) का एक दीर्घकालीन अनुभव रहा है। वे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत एक मिशन जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय सौर मिशन नामक मिशन में सक्रिय रूप से शामिल रहे जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा में विश्व लीडर के रूप में भारत को स्थापित करना रहा है।

श्री एम. दीनदयालन
सदस्य
(4 मार्च 2010 – 21 फरवरी, 2015)

श्री एम. दीन दयालन (जन्म तिथि 22 फरवरी, 1950) के पास भारत सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य करने का 37 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

श्री दयालन ने अपने जीवन की शुरूआत क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, त्रिचिरापल्ली, तमिलनाडु (1972) में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में की और फिर इंडियन बैंक, जो एक राष्ट्रीयकृत बैंक है, में पदभार ग्रहण किया जहां इन्होंने विभिन्न पदों पर लगभग 6 वर्ष तक सेवा की। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार में प्रवेश किया और 1978 में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा में शामिल हो गए। श्री दयालन ने राज्यों और उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की लेखापरीक्षा एवं लेखा देखरेख के मध्यम व वरिष्ठ प्रबंधन स्तरों पर विभिन्न पदों पर कार्य किया।

विशेष रूप से श्री दयालन ने हरियाणा और केरल में महालेखाकार के पद पर सेवा की है। इन्होंने दूरसंचार विभाग में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्य किया है और इसे बीएसएनएल के रूप में निगम बनाए जाने के दौरान कार्य किया है। इन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, प्रशासन तथा राज्य राजस्व विभाग की लेखापरीक्षा रिपोर्टों के प्रभारी निर्देशक के पद पर सेवा की है।

श्री दयालन वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार रहे हैं, जिसमें सभी विभाग, अर्थात् राजस्व, व्यय, आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवा एवं विनिवेश विभाग तथा प्रधानमंत्री कार्यालय तथा मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति कार्यालय, उपराष्ट्रपति कार्यालय संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा, राज्य सभा तथा उच्चतम न्यायलय सहित विधि विभाग शामिल हैं। वे 1994 से भारत सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य पद और 2006 से अपर सचिव के पद पर आसीन रहे हैं।

श्री दयालन ने सिंडीकेट बैंक में सरकार के नामित निदेशक, पेंशन निधि विनियामक विकास प्राधिकरण के बोर्ड के अंशकालिक सदस्य तथा भारतीय सुरक्षा मुद्रण एवं टकसाल निगम में सरकार के नामित निदेशक के रूप में कार्य किया है। श्री दयालन गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के अपील प्राधिकरण के सदस्य के रूप में कार्य करते रहे हैं।

श्री दयालन रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा लीड्स विश्वविद्यालय, यूके से कारपोरेट वित्त में एमबीए की उपाधि से सम्मानित हैं।

श्री दयालन को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र संघ तथा हनोई वियतनाम स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग की लेखापरीक्षा में विविध एवं व्यापक अनुभव है।

श्री दयालन सरकारी सेवा से 28 फरवरी, 2010 को सेवानिवृत्त हुए।

श्री ए. के. सिंघल
सदस्य
(9 अक्तूबर 2013 – कार्यरत)

व्यवसाय से चार्टर्ड अकाउंटेंट, श्री ए.के.सिंघल का उत्कृष्ट कैरियर रहा है जिसमें सिद्धान्तों के अनुपालन की विशिष्टता विद्यमान रही है। उनका निगमित वित्त प्रबंधन में 37 वर्षो से अधिक का समृद्ध एवं वैविध्यपूर्ण अनुभव हैं। उन्होंने 8 वर्षों से अधिक एनटीपीसी लि. (महारत्न कंपनी) के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्य किया।

एनटीपीसी में, श्री सिंघल ने विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लेकर बोर्ड को बहुमूल्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और कंपनी की लक्ष्य प्राप्ति में सहायता प्रदान की। वे संगठन के वित्तीय प्रबंधन के संपूर्ण कार्य के लिए जिम्मेदार थे जिसमें स्वदेशी एवं विश्व स्रोतों से वित्तीय संसाधन संग्रहण करना, निधियों का अनुकूलतम उपयोग करना, बजट नियंत्रण एवं निवेश निर्णय शामिल है। एनटीपीसी में 12 वर्षों की अवधि के दौरान कंपनी के लिए उन्होंने इक्विटी के आईपीओ, एफपीओ एवं ओएफएस जैसे बड़े महत्वपूर्ण संव्यवहार किए, बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं से अत्यधिक बड़ी दीर्घकालिक ऋण सुविधाएं लीं एवं यूएसडी 2 बिलियन मध्यकालिक नोट कार्यक्रम की स्थापना की एवं उसके अंतर्गत नोट्स जारी किए। सीएफओ के रूप में उन्होने पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की स्थापना की और बेहतर निगमित सुशासन प्रणालियों का अनुपालन किया।

उन्होंने विलयन एवं अधिग्रहणों को शामिल करने वाले निर्णयों में सक्रिय भूमिका अदा की जिसमें उत्पादन, पारेषण, कोयला खनन जैसे विद्युत क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों की गहन जानकारी एवं इसके प्रचालन तथा परिरक्षण के लिए अवधारण, निर्माण से नवीकरणों को ध्यान मे रखते हुए कारोबार का बेकवर्ड एवं फारवर्ड समाकलन शामिल है। उन्होंने निवेशकारी समुदाय तथा कपंनी के प्रबंधन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य किया। उन्होंने अनुभव प्राप्ति के लिए निर्माणाधीन यूनिटों का दौरा किया। उन्होंने अपनी सेवा के दौरान संबद्ध शासकीय कार्यों के लिए कई देशों का दौरा भी किया।

श्रेष्ठता एवं सुदृढ कार्य नैतिकता के लिए श्री सिघंल स्थायी कारबार की सफलता के लिए केवल सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं विनम्रता को महत्वपूर्ण मानते है। उनके निर्देशन एवं नेतृत्व में एनटीपीसी ने वित्तीय रिपोर्टिग एवं निगमित सुशासन में उत्कृष्टता के लिए कई पुरस्कार प्राप्त किए। श्री सिंघल को विभिन्न फोरमों में सर्वोत्तम सीएफओ के रूप में मान्यता प्राप्त हैं जिसमें आईसीएआई (दो बार) आईएमए (लाईफटाइम एचीवमेंट अवार्ड), सीएनबीसी टीवी 18, एएसबीए टॉप रेंकर शामिल है और वे 9 डाट 9 मीडिया सीएफओ संस्थान द्वारा देश के सर्वोच्च 100 सीएफओ में तीन बार श्रेष्ठ रैंक पर भी रहे।

श्री सिंघल निगमित सामाजिक प्रतिबद्धता (सीएसआर) के लिए विभिन्न प्रकार की पहल के लिए प्रेरक बने रहे। उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि प्रत्येक सीएसआर पहल का लक्ष्य निम्नतम स्तर के लोगों के जीवन में सुधार लाना है और उन्हें ध्यान में रखकर ही उन्होंने कार्य किए ताकि उनको अंत तक उसका लाभ मिल सके। एनटीपीसी में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, श्री सिंघल ने ईपीआई, क्रिबको एवं एनएफएल में विभिन्न पदों पर कार्य किया। श्री सिंघल के अनुभव को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने उन्हें 5 वर्ष की अवधि के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया और उन्होंने विद्युत क्षेत्र विनियामक के रूप में उच्चतर उत्तरदायित्वों को ग्रहण करते हुए, 9 अक्तूबर 2013 को आयोग में पदभार ग्रहण किया।

श्री ए. एस. बख्शी
सदस्य
(5 अगस्त 2014 – कार्यरत)

श्री ए.एस.बख्शी, मैकेनिकल इंजिनियर व एमबीए का विद्युत क्षेत्र में 39 वर्षों से अधिक का कुल अनुभव रहा है। श्री बख्शी ने वर्ष 1974 में बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन (नई दिल्ली) में अपना कैरियर आरंभ किया जबकि प्रोजेक्ट अभी निर्माणाधीन था। उन्होंने वर्ष 1974 की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (सीपीईएस) का कार्य सौंपा गया। उन्होंने वर्ष 1975 में केन्द्रीय जल एवं विद्युत आयोग में कार्यभार ग्रहण किया और दोबारा बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन में तैनात किए गए।

वर्ष 1979 में श्री बख्शी को भारत सरकार द्वारा विदेश कार्य पर जल एवं विद्युत विभाग, आबूधाबी सरकार के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। श्री बख्शी ने अपने परिरक्षण विभाग में उम अल नार(पश्चिम) विद्युत संयंत्र में कार्य किया। इस संयंत्र में 6 आयल फायर्ड विद्युत उत्पादनकारी यूनिट और 6 डिसेलीनेशन संयंत्र हैं। वर्ष 1984 में आबूधाबी से प्रत्यावर्तन पर श्री बख्शी ने अपने मूल विभाग केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण किया जहां उन्होंने विद्युत संयंत्रों तथा थर्मल संयंत्रों की ऊर्जा आडिट के आरएंडएम में विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया। वर्ष 2002 में उन्हें सीईए का निदेशक (प्रशासन) बनाया गया और वर्ष 2004 में उन्हें मुख्य अभियंता के रूप में पदोन्नत किया गया और योजना विंग में तैनात किया गया – मुख्य इंजीनियर के रूप में वे समग्र रूप से देश के लिए उत्पादनकारी योजना के लिए उत्तरदायी थे। वे वर्ष 2007 और वर्ष 2011 में राष्ट्रीय विद्युत योजनाओं को सामने लाने में प्रेरक रहे। वे 12वीं योजना के लिए विद्युत में कार्यकारी समूह के सदस्य सचिव भी थे जब वे सदस्य (योजना), सीईए थे। वे सदस्य (हाइड्रो) और सदस्य (जीएंडओडी), सीईए भी रहे।

वे केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर रहे और जुलाई 2011 में भारत सरकार के पदेन सचिव भी रहे। वे उत्पादनकारी योजना, पारेषण योजना और समग्र रूप से देश के लिए भार पूर्वानुमान के लिए भी उत्तरदायी रहे। उन्होंने हाइड्रो परियोजनाओं को सहमति प्रदान करने के लिए समिति की अध्यक्षता की। वे इस अवधि के दौरान अध्यक्ष, सीबीआईपी और अध्यक्ष ईईसी भी रहे। श्री बख्शी 2011 से 2013 की अवधि के दौरान कई समितियों के सदस्य या अध्यक्ष रहे।

कई महत्वपूर्ण रिपोर्टों को सीईए के अध्यक्ष के रूप में उनकी अवधि के दौरान अंतिम रूप दिया गया जिसमें 17वीं विद्युत ऊर्जा सर्वेक्षण, अतिविवेचनीय यूनिटों के लिए मानव विनिर्देशन, 2011–12 की सामान्य समीक्षा, कार्बनडाईआक्साइड बेस लाइन डाटा विद्युत क्षेत्र से सीटीसी की समाप्ति, 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए इनपुट इत्यादि शामिल हैं।

श्री बख्शी ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में सदस्य के रूप में 5 अगस्त 2014 को कार्यभार ग्रहण किया।

4

पूर्व वर्ष – एक अवलोकन

4. पूर्व वर्ष – एक अवलोकन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए विद्युत क्षेत्र में सुधार को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं।

आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपलब्धता और बाध्यता इकाइयों की उपलब्धता के बीच असमानता का पता लगाने के लिए वर्ष 2010 में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र तंत्र विकसित किया ताकि उनकी नवीकरणीय क्रय बाध्यताओं की पूर्ति की जा सके। नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र तंत्र का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में अतिरिक्त निवेश को बढ़ावा देना और उनकी लागतों की वसूली के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों के लिए वैकल्पिक तरीका उपलब्ध करना है। आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र फ्रेमवर्क को सुदृढ़ करने तथा मुद्दों को तैयार करने तथा इसके कार्यान्वयन को प्रभावित कर रहे संदिग्धताओं को दूर करने के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र की मान्यता एवं जारी करने के लिए निबंधन और शर्तें) (तीसरा संशोधन) विनियम 2014 अधिसूचित किया है।

आयोग ने अनुमोदित किया कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी प्रमाण पत्रों को जारी करने के लिए केन्द्रीय एंजेसियों के साथ पंजीकरण के लिए लागू करने के पात्र होंगे यदि इसने नवीकरणीय क्रय बाध्यता की अधिकता में अधिनियम की धारा 63 के अंतर्गत अपनाए गए या धारा 62 के अंतर्गत निर्धारित टैरिफ पर पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त की है जैसा कि अन्य शर्तों की पूर्ति के अध्यधीन जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना या टैरिफ नीति या उपयुक्त आयोग द्वारा, जो भी अधिक है, विनिर्दिष्ट किया जाता है। आयोग ने यह भी विनिर्दिष्ट किया है कि इन विनियमों के अंतर्गत जारी किए गए प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख से 1095 दिनों के लिए वैध होंगें

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र एवं संबद्ध मामले) विनियम 2014 दिनांक 6.01.2014 को अधिसूचित किया गया और मूल विनियमों का शुद्धिपत्र 17.02.2014 को अधिसूचित किया गया। आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र एवं संबद्ध मामले)(प्रथम संशोधन) विनियम 2014 को अधिसूचित करते हुए यह स्पष्ट किया कि समयब्लॉक के दौरान किसी क्रेता द्वारा विद्युत के अधिक निकासी/कम निकासी अनुसूचित निकासी या 150 मेगावाट, जो भी कम है, की 12 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी '49.70 एचजेड और अधिक तथा 50.10 एचजैड से कम' है बशर्ते कि किसी क्रेता द्वारा विद्युत की अधिक निकासी की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी '49.70 एचजैड से कम' है और किसी क्रेता द्वारा विद्युत की कम निकासी की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी '50.10 एचजैड और अधिक' है।

आयोग ने स्टार्टअप विद्युत अर्थात विचलन व्यवस्थापन तंत्र के अंतर्गत आईएसटीएस से वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से पूर्व परीक्षण और पूर्ण भार परीक्षण सहित गतिविधियों को आरंभ करने के लिए सहायक उपकरण के लिए अपेक्षित विद्युत प्राप्ति के लिए आगामी उत्पादकों की आवश्यकता का पता लगाया। तदनुसार केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच, प्रदान करना और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के चतुर्थ संशोधन को अधिसूचित किया। ग्रिड से स्टार्टअप पावर प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए उत्पादक से आवेदन करते हुए संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र की पूर्व अनुमति प्राप्त करना अपेक्षित है। स्टार्टअप पावर की निकासी की प्रथम सिन्क्रोनाईजेशन की तारीख के बाद 6 महीने के लिए

और प्रथम सिन्क्रोनाईजेशन की प्रत्याशित तारीख से पूर्व 15 महीनों की अधिकतम अवधि के लिए अनुमति दी गई है। संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र को स्टार्टअप पावर की निकासी के लिए अनुमति देते समय और भुगतान में चूक की स्थिति में इस प्रकार की निकासी को रोकते समय ग्रिड सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट किया गया है या यह स्थापित हो जाता है कि स्टार्टअप निर्माण गतिविधि के लिए प्रयुक्त किया गया है।

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पावर मार्केट) विनियम 2010 को 21.01.2010 को अधिसूचित किया गया। बोर्ड के गठन एवं बोर्ड में शेयरहोल्डरों के प्रतिनिधित्व सहित पावर एक्सचेंज के स्वामित्व और अधिशासन के लिए प्रदत्त पावर मार्केट विनियम के विनियम 22 में व्यवस्था की गई है। तथापि, यह विनिमय बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकता और अनर्हकता के बारे में मौन थे। पावर एक्सचेंज के पारदर्शी निगमित अधिशासन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पावर मार्केट) (प्रथम संशोधन) विनियम 2014 के माध्यम से आयोग ने विनिमय बोर्ड के लिए निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकता और अनर्हकता की व्यवस्था की गई है। संशोधन विनियमों में यह भी व्यवस्था की गई है कि यदि पावर एक्सचेंज का कोई शेयर होल्डर किसी अनर्हकताओं से ग्रस्त है तो इस प्रकार को शेयरहोल्डर या उसका नामिती पावर एक्सचेंज के बोर्ड मे निदेशक के रूप में नियुक्त होने से हटा दिया जाएगा।

बाजार के विकास के अनुसरण में ग्रिड संबद्ध कंपनियों की व्यवस्था के उद्देश्य से आयोग ने एक्सचेंजों द्वारा अतःदिवस बाजारों या आगामी दिवस आकस्मिकता के लिए मौजूदा उत्पादों के प्रचालन को जारी करते समय रात दिन अंतः दिवस/ आकस्किमता बाजार के प्रचालन को आरंभ करने के लिए पावर एक्सचेंजों को निर्देश देते हुए आदेश जारी किए। आयोग ने इन उत्पादों के लिए समयसीमा भी विनिर्दिष्ट की ताकि व्यापार विंडो उक्त निर्णयों के अनुरूप अवधि के लिए खुली रह सके।

प्रकृति से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों अनिश्चित एंव परिवर्ती समझा गया है। इन पहलुओं पर विचार करते हुए तथा ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के समेकन के लिए ग्रिड कोड में विशेष उपबंध किए गए हैं तथापि इन उपबंधों के कार्यान्वयन के लिए कई कठिनाइयां अनुभव की गई हैं। इस प्रकार आयोग ने अनुभव किया है कि इंफर्म नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन (पवन एवं सौर जैसे) के लिए अनुसूची से विचलनों को संचालन और पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण के लिए फ्रेमवर्क सृजित करने की आवश्यकता अनुभव की है जो इस प्रकार के उत्पादन की प्रकृति में परिवर्ती घटक हैं। तदनुसार 'अंतरराज्यिक स्तर पर पवन एवं सौर पर आधारित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकारी केन्द्रों के लिए पूर्वानुमान अनुसूचीकरण और असंतुलन' पर फ्रेमवर्क तथा ड्राफ्ट संशोधन तैयार किए हैं और (I) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम (II) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) विनियम (III) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीरकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र की मान्यता और जारी करने के लिए निबंध और शर्तें) विनियम में दिए गए उपबंधों को तैयार किया और स्टेक होल्डरों से प्रतिक्रिया आमंत्रित करते हुए इसे सार्वजनिक रूप से रखा गया। अन्य बातों के साथ साथ प्रस्तावित ड्राफ्ट फ्रेमवर्क में यह शामिल है कि पूर्वानुमान और अनुसूचीकरण को सौर एवं पवन प्रादेशिक कंपनियों के लिए किया जाना चाहिए ताकि पूर्वानुमान को उत्पादक और/या आरएलडीसी को उपलब्ध कराया जा सके। इसमें बेहतर/कमतर पूर्वानुमान एवं तदनुरूपी अनुसूचीकरण के लिए प्रोत्साहन/गैर प्रोत्साहन को भी प्रस्तावित किया गया है।

विद्युत बाजार के विकास के उन्नयन के लिए उपाय के रूप में "कुल (बंडलिंग) और गैर कुल (अंबडंलिंग) कान्ट्रेक्ट के लिए विद्युत व्यापारियों को अनुमति प्रदान करना और संव्यवहारों के लिए औसत व्यापार मार्जिन संगणित करना" के संबंधित स्टाफ पेपर तैयार किया गयां। इस स्टाफ पेपर में अनिवार्य रूप से विभिन्न कीमतों पर विभिन्न उत्पादकों या विक्रेताओं से विद्युत के क्रय के मामले में व्यापार मार्जिन की संगणना के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया और एक कीमत पर सिंगल डिस्काम या क्रेता को बेचने या एक कीमत पर सिंगल उत्पादक से विद्युत का क्रय करने और इसे विभिन्न कीमतों पर बहुविध क्रेताओं को (डिस्काम औद्योगिक उपभोक्ता आदि) पर बेचना है। इस पेपर में डिस्कॉम, निर्बाध पहुंच के उन्नयन, उत्पादन प्रयोग में सुधार, नवीकरणीय ऊर्जा इत्यादि की बलैंडिग इत्यादि द्वारा भार प्रबंधन पर कुल एवं गैर कुल के प्रभाव पर विचार विमर्श किया गया है।

आयोग विनियामक फोरम (एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर), दक्षिण एशिया अवसंरचना विनियमन फोरम (साफिर) को सचिवीय सेवाएं प्रदान करता है। विनियामक फोरम केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता के अंतर्गत विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत एक निगमित निकाय है। राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष विनियामक फोरम के सदस्य हैं। फोरम ने वर्ष के दौरान 7 बैठकें आयोजित की। और कई विवेचनीय मुद्दों पर सर्वसम्मति प्राप्त की। फोरम ने "क्रास सब्सिडी में कमी के लिए रोडमैप" **"24 x 7** विद्युत आपूर्ति प्रदान करने से संबंधित अध्ययन" और ''ग्रामीण तथा कृषि उपभोक्ताओं के फीडर पृथक्करण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना तैयार करना और प्रभावी मीटरिंग के उपायो का सुझाव देना" से संबंधित अध्ययन किए गए।

भारतीय विनियामक फोरम एक सोसायटी है जिसे विद्युत, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, एयरपोर्ट, बड़े पोर्ट इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विनियामकों से प्रतिनिधित्व सहित वर्ष 1999 में निर्मित किया गया। यह विनियामक प्रक्रिया और पद्धतियों में उभरते मुद्दों पर विचार विमर्श के लिए एक सामान्य प्लेटफार्म उपलब्ध करवाता है ताकि भारत में विनियामको से समक्ष आने वाली चुनौतियों को पूरा करने के लिए सामान्य रणनीतियां तैयार की जा सके और सूचनाओं का आदान प्रदान किया जा सके। भारतीय विनियामक फोरम के सदस्यों में सभी राज्य विद्युत विनियामकों के अलावा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी), विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) भारतीय प्रतिस्पर्धात्मक आयोग (सीसीआई) एवं वृहतपत्तनों टैरिफ प्राधिकरण (टीएएमपी), भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज(एएससीआई) तथा ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान(टीईआरआई) शामिल हैं। केन्द्रीय विद्युत आयोग द्वारा फायर को सचिवीय सेवाएं भी दी जाती हैं। वर्ष के दौरान गवर्निंग बॉडी की तीन बैठकें, वार्षिक जनरल बाडी तथा विशेष गवर्निंग बाडी प्रत्येक की एक बैठक आयोजित की गई।

साफिर दक्षिण एशिया देशों का आधार भूत संरचना विनियामकों का एक फोरम है जो 1999 से अस्तित्व में रहा है। साफिर के सचिवालय के रूप में सीईआरसी ने 27 से 29 जनवरी 2015 के दौरान बंगलादेश प्रशासनिक एवं प्रबंधन संस्थान (बीआईएएम) ढाका, बंगालदेश में अवसंरचना विनियम एवं सुधारों पर कोर पाठ्यक्रम आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। साफिर की आठवीं कार्यकारी समिति की बैठक 27 जनवरी 2015 को बंगलादेश में आयोजित की गई और साफिर की 21वीं स्थाई समिति की बैठक थिम्पू, भूटान में 25 से 27 मार्च 2015 के दौरान कार्यकारी समिति की नौंवी बैठक के साथ आयोजित की गई।

5

उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष

5.उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष

क. उपभोक्ताओं के लाभ

केविविआ के मार्गदर्शक सिद्धान्तों में से एक नागरिक समाज के हितों की रक्षा करना है जिनमें वे उपभोक्ता तथा प्रदायकर्त्ता शामिल है जो सभी स्टेक होल्डरों के प्रति उचित और पारदर्शी और तटस्थ रवैया अपनाते हैं। उपभोक्ताओं के हितों के सुरक्षा उपायों के लिए केविविआ द्वारा शुरू की गई पहल निम्नानुसार है:

1. ऊर्जा सुरक्षा के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उन्नयन हरित सुरक्षा के लिए हरित ऊर्जा

क. परिवर्ती नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के समेकन के लिए विनियामक फ्रेमवर्क ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य सहित आरंभ किया गया था।

ख. वितरण कंपनियों को नवीकरणीय क्रय बाध्यता के आगे नवीकरणीय ऊर्जा के अवाप्ति के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्रों के लिए पात्र बनाया गया।

2. ऊर्जा की गुणवत्ता आपूर्ति सुनिश्चित करना

क. ग्रिड अनुशासन के लिए पूववर्ती वर्ष (वर्षों) में प्रयास आरंभ किए गए जिससे बेहतर ग्रिड फ्रीक्वेंसी और सुरक्षित ग्रिड प्रचालन रहा।

ख. सभी स्टेक होल्डरों द्वारा ग्रिड फ्रीक्वेंसी मानदंडों का अनुपालन जिससे उपभोक्तओं के लिए विद्युत की बेहतर गुणवत्ता हुई।

3. निर्बाध पहुंच

क. अंतरराज्यिक पारेषण नेटवर्क के लिए गैर विभेदककारी पहुंच के अवरोध को कार्रवाई करके हटाकर निर्बाध पहुंच को सरल बनाना।

ख. 3000 से अधिक उपभोक्ताओं ने पावर एक्सचैंज मे निर्बाध पहुंच के माध्यम से विद्युत का क्रय करने के लिए रिपोर्ट की।

ख. क्षेत्र का विकास

क्षेत्र के विकास के लिए आयोग द्वारा उठाए गए कदम निम्नानुसार है :

1. नवीकरणीय ऊर्जा पर बल

क. नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र के शेल्फ जीवन का विस्तार

ख. विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए वरीयता टैरिफ

ग. बायोमास विद्युत परियोजनाओं के लिए संशोधित मानकीय पैरामीटर

2. ग्रिड अनुशासन

क. आयोग के लिए ग्रिड सुरक्षा चिंता का विषय है।

ख. फ्रीक्वैंसी बैंड का कडा करके ग्रिड परिचालन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास।

ग. ग्रिड अनुशासन के उल्लंघनकर्त्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई।

घ. इन सभी पहलुओं का उद्देश्य ग्रिड के परिचालन को सुनिश्चित करने को सरल बनाना है, जो कि सभी स्टेक होल्डरों, उत्पादकों, प्रदायकत्ताओं तथा उपभोक्ताओं के हित में है।

3. अल्पकालिक बाजार विकास

क. पावर एक्सचेंजों में विस्तारित 24 x 7 बाजार सत्र के लिए सृजित विनियामक फ्रेमवर्क

ख. ग्रिड सुरक्षा के लिए अनुपूरक बाजार तंत्र के रूप में सहायक सेवाओं के लिए प्रक्रिया आरंभ की और भार तथा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन भिन्नता का संचालन;

6

विनियामक प्रक्रियाएँ एवं कार्यवाहियाँ

6.विनियामक प्रक्रियाएं एवं कार्यवाहियाँ

केंद्रीय आयोग, विद्युत अधिनियम, 2003 के उपबंधों के अधीन अपने निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करता है:–

1. विनियमों को अधिसूचित करता है;
2. निम्नलिखित से संबंधित याचिकाओं पर आदेश जारी करता है:–
   - ✧ टैरिफ का अवधारणा करने
   - ✧ अनुज्ञप्ति जारी करने
   - ✧ पुनर्विलोकन और प्रकीर्ण याचिकाएँ

क विनियमों के लिए प्रक्रिया

आयोग विनियम जारी करने से पूर्व विस्तृत और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन करता है। प्रारंभ में, उन मुद्दों पर जिन पर विनियम बनाया जाना प्रस्तावित है, परामर्श पेपर तैयार किए जाते हैं। प्रायः परामर्श पेपर कर्मचारीवृंद स्तर पर तैयार किया जाता है और उसे स्टाफ पेपर के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद, परामर्श पेपर/स्टाफ पेपर का पणधारियों (स्टेक होल्डरों) से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए इलैक्ट्रानिक और प्रिंट माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाता है। आक्षेप और सुझावों की प्राप्ति पर, मुद्दों पर विस्तृत रूप से विचार–विमर्श करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई की जाती है।

प्राप्त आक्षेपों एवं सुझावों और सार्वजनिक सुनवाई में हुए विचार–विमर्श के आधार पर प्रारूप विनियम तैयार किए जाते हैं। अधिनियम की अपेक्षानुसार, प्रारूप विनियमों पर पूर्व प्रकाशन की कार्रवाई की जाती है। इससे यह लक्षित होता है कि प्रारूप विनियम पणधारियों से टीका टिप्पणियाँ प्राप्त करने के लिए प्रकाशित किए गए हैं। आक्षेप और सुझाव प्राप्त होने और उन पर विचार करने के पश्चात् ही विनियमों को अंतिम रूप से भारत के राजपत्र में प्रकाशित/अधिसूचित किया जाता है तथा कारणों के कथन को पृथक रूप से वेबसाइट पर डाला जाता है।



याचिकाओं से संबंधित आदेश के लिए प्रक्रिया

आयोग के समक्ष याचिकाएं/आवेदन प्राथमिक रूप से निम्नलिखित के लिए किए जाते हैं:–

1. उत्पादन और पारेषण के लिए टैरिफ का निर्धारण करने;
2. विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण और अंतर–राज्यिक व्यापार में अनुज्ञप्ति प्रदान करने।

उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित याचिकाएं/आवेदन भी आयोग के समक्ष फाइल किए जाते हैं :

1. विविध याचिकाएं
2. पुनर्विलोकन याचिकाएं

आवेदक विहित फीस के साथ याचिकाएं दायर करते हैं और अपनी याचिकाओं के प्रति सभी संबंधितों को तामील करते हैं। आवेदकों से, टैरिफ तथा अनुज्ञप्ति के लिए अपने आवेदन को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने और जनता से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए समाचारपत्र से नोटिस देने की अपेक्षा भी की जाती है। तत्पश्चात, सार्वजनिक सुनवाई की जाती है जहां याचिकाकर्त्ता और प्रत्यर्थी आयोग के समक्ष अपने मामले का तर्क प्रस्तुत करते हैं। आयोग सभी संबंधित व्यक्तियों की सुनवाई करने के पश्चात् याचिका पर अंतिम आदेश पारित करता है। याचिकाकर्त्ता और प्रत्यर्थी को, आयोग के समक्ष पुनर्विलोकन करने और विद्युत अपील प्राधिकरण के समक्ष आयोग के आदेश के विरूद्ध अपील करने के लिए विधि के अधीन अनुमति है।

ख टैरिफ अवधारण करने की प्रक्रिया और सिद्धान्त

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सृजन के पूर्व, केंद्रीय उत्पादन कंपनियों, अर्थात एनटीपीसी, एनएचपीसी, एनएलसी और नीपको, का टैरिफ, परियोजना विशिष्ट अधिसूचनाओं के माध्यम से केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया जा रहा था। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन जुलाई, 1998 से अस्तित्व में आया। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग को, अन्य बातों के साथ–साथ, केंद्रीय उत्पादन कंपनियों के टैरिफ के निर्धारण का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य का निर्वहन करने के लिए, आयोग से टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अंतिम रूप देने की अपेक्षा की गई थी। सभी पणधारियों की सुनवाई की पारदर्शी प्रक्रिया पूरा करने के पश्चात आयोग ने टैरिफ के निबंधनों एवं शर्तों को तीन वर्ष की अवधि, अर्थात 2001–04 के लिए मार्च, 2001 में अंतिम रूप दिया तथा उन्हें अधिसूचित किया। विद्युत अधिनियम, 2003 (जिससे अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 निरसित हो गया) के अधिनियमन के पश्चात, आयोग ने 2004–09 की पांच वर्ष की अवधि तथा मार्च, 2009 में 2009–14 की पांच वर्ष की अवधि के लिए टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अधिसूचित किया। उपर्युक्त अधिसूचनाओं में केन्द्र/स्टेशन/राज्य–वार उत्पादन टैरिफ तथा लाइन या प्रणाली–वार पारेषण टैरिफ को निर्धारण करने का उपबंध है। आयोग ने 21 फरवरी 2014 की अधिसूचना द्वारा केविविआ (टैरिफ के निबंधन और शर्तें) विनियम, 2014 जारी किए जो 1.4.2014 से प्रभावी हैं।

टैरिफ समय–समय पर यथा लागू टैरिफ के निबंधनों और शर्तों के अनुसार तय किया जाता है। निबंधन और शर्तों में वित्तीय मानदंड और तकनीकी मानदंड विहित हैं। टैरिफ को प्रायः लागत प्लस टैरिफ कहा जाता है क्योंकि परियोजना की पूंजी लागत टैरिफ संगणना के लिए आंरभिक बिन्दु होती है। इसे विनियमित टैरिफ कहना अधिक समुचित होगा क्योंकि वास्तविक पूंजी व्यय से भिन्न टैरिफ के लिए स्वीकार्य अधिकांश वित्तीय और तकनीकी पैरामीटर मानकीय होते हैं न कि वास्तविक थर्मल केंद्रों के परिवर्तनीय प्रभार, मासिक भारित औसत कीमत और ईंधन के हीट मूल्य के अनुसार ईंधन कीमत के लिए संशोधित किए जाते हैं।

टैरिफ संगणना बहुत ही लम्बी होती है क्योंकि टैरिफ के लिए, लिए जाने वाले विभिन्न तत्वों को, पूर्ण टैरिफ में सम्मिलित करने के लिए व्यष्टिक रूप से संगणित किया जाता है। प्रत्येक उत्पादन केंद्र के लिए उसकी स्वीकृत पूंजी लागत, आधार ईंधन कीमत और सकल कैलोरीफिक मूल्य (जीसीवी) तथा दक्ष प्रचालन के लागू संनियमों पर निर्भर करते हुए, टैरिफ भिन्न–भिन्न होता है। प्रक्रिया में काफी समय लगता है किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि ये केंद्र दक्ष और मितव्ययी रीति से कार्य करते हैं और क्रेता केंद्रों से उच्च कीमत प्राप्त करने के लिए अपनी प्रबल स्थिति का दुरुपयोग नहीं करते हैं।

7

2014–15 के दौरान गतिविधियां

7. 2014-15 के दौरान गतिविधियां

7.1.कानूनी कार्यवाहियां :

वर्ष 2014–15 के दौरान 365 याचिकाओं को गतवर्ष अर्थात 2013–14 से आगे ले जाया गया। इसके अलावा 1.4.2014 से 31.3.2015 के दौरान 652 याचिकाओं को दायर किया गया जिससे याचिकाओं की कुल संख्या 1017 हो गई। इनमें से 234 याचिकाएं वर्ष 2014–15 के दौरान निपटा दी गई। वर्ष 2014–15 के दौरान 38 अंतरिम आदेश एवं 477 आरओपी जारी किए गए। केविविआ के समक्ष दाखिल याचिकाओं की विस्तृत प्रास्थिति के ब्यौरे **अनुबंध I** में दी गए हैं।

7.2. वर्ष 2014–15 में जारी किए गए प्रमुख निर्णय/अधिसूचनाएं:

7.2.1 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार)(प्रथम संशोधन) विनियम, 2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार) विनियम, 2010 को 21.01.2010 को अधिसूचित किया गया। विद्युत बाजार विनियमों के विनियम 22 में बोर्ड के गठन और बोर्ड में शेयरहोल्डरों के प्रतिनिधित्व सहित पावर एक्सचेंज के स्वामित्व और अधिशासन की व्यवस्था है। तथापि, विनिमय बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकता और अनअर्हकता के बारे में मौन है। पावर एक्सचेंज की पारदर्शी निगमित अधिशासन के लिए आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पावर मार्केट)(प्रथम संशोधन) विनियम 2014 के माध्यम से आयोग ने विनिमय बोर्ड के निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकताओं और अनर्हकताओं के लिए व्यवस्था की है। संशोधन विनियमों में यह भी व्यवस्था की गई है कि यदि पावर एक्सचेंज को काई शेयरहोल्डर किसी प्रकार की अनर्हकता से ग्रस्त है तो इस प्रकार के शेयर होल्डर या उसका नामित पावर एक्सचेंज के बोर्ड मे निदेशक के रूप में नियुक्ति से बाहर हो जाएगा।

7.2.2 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रणाली विकास निधि) विनियम, 2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने अधिसूचना संख्या एल 1/148/2014/सीईआरसी दिनांक 9.6.2014 के माध्यम से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रणाली विकास निधि) विनियम, 2014 को अधिसूचित किया। विनियम की मुख्य विशेषता निम्नानुसार है:

1. विद्युत प्रणाली विकास निधि या पीएसडीएफ के सृजन का प्रावधान जिसमें निम्नलिखित शामिल होगाः–
   - क. संकुलता प्रभार लेखा में पड़े संकुलता प्रभार
   - ख. विभिन्न क्षेत्रों के बाजार कीमतों में अंतर से उदभूत संकुलता रकम
   - ग. दावों के अंतिम निपटान के बाद "प्रोदशिक विचलन पूर्व लेखा निधि में पड़ी विचलन व्यवस्थापन प्रभार
   - घ. ग्रिड कोड के अनुसार रिएक्टिव ऊर्जा प्रभार लेखा में पड़ी आरएलडीसी रिएक्टिव ऊर्जा प्रभार
   - ङ. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) विनियम 2008 और उसके संशोधन के अनुसार एसटीओए अग्रिम द्विपक्षीय संव्यवहारों में नीलामी प्रक्रिया स उदभूत अतिरिक्त पारेषण प्रभार
   - च. इस प्रकार के अन्य प्रभार से जिसे समय समय केन्द्रीय आयोग द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है।

2. **पीएसडीएफ को निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त किया जाएगाः**
   - क. अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) तथा अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली, जो कि आईएसटीएस के आकस्मिक हैं, में कंजेशन को दूर करने के लिए भार प्रेषण केन्द्रों द्वारा प्रचालनात्मक

फीडबैक के आधार पर कार्यनीतिक महत्व की पारेषण प्रणालियां।

ख. ग्रिड में सुधार वोल्टेज प्रोफाइल के लिए रिएक्टिव ऊर्जा अवशोषण तथा स्टैटिक वीएआर कंपेन्सेटर (एसवीसी) और स्टैटिक सिंक्रोनस कंपेन्सेटर (स्टैटकॉम) जैसे बड़े रिएक्टिव समर्थन सहित शंट कैपिसिटरों, क्रमबद्ध कंपेंसेटरों तथा अन्य रिएक्टिव ऊर्जा उत्पादकों की संस्थापना।

ग. विशेष सुरक्षा स्कीमों, पायलट और प्रदर्शनात्मक परियोजनाओं, मानक सुरक्षा स्कीमों की संस्थापना तथा क्षेत्रीय आधार पर सुरक्षा लेखा परीक्षाओं में चिह्नित की गई त्रुटियों को ठीक करना।

घ. कंजेशन को दूर करने के लिए पारेषण प्रणाली का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण (आरएण्डएम)

ङ. उपर्युक्त उद्देश्यों, जैसे कि तकनीकी अध्ययनों, क्षमता निर्माण, फेसर मापन यूनिट (पीएमयू) की संस्थापना आदि को अग्रसर करने में कोई अन्य स्कीम/परियोजना।

च. पीएसडीएफ का उपयोग उन क्षेत्रों, जो अंतर्राज्यीय पारेषण प्रणाली के प्रति आकस्मिक हैं और जिनका प्रभाव ग्रिड की सुरक्षा और संरक्षा पर पड़ा है, में वितरण यूटिलिटियों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए भी किया जाएगा, बशर्ते कि ये परियोजनाएं भारत सरकार की किसी अन्य स्कीम, जैसे कि पुनर्गठित–त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आर–एपीडीआरपी), राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई)/राष्ट्रीय विद्युत निधि (एनईएफ) आदि के अंतर्गत शामिल न हों।

3. योजनाओं के मानदंड पर प्राथमिकता के लिए उपबंधों में निम्नलिखित शामिल हैं (i)ग्रिड सुरक्षा चिंता का पता लगाना (ii)राष्ट्रीय महत्व का होना (iii) राष्ट्रीय/बहुकंपनीय, क्षेत्रीय राज्य महत्व के क्रम में होना (iv) प्रकृति में अंतरराज्यिक होना।

7.2.3 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(अंतरराज्यिक प्रणाली में दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच, संयोजकता प्रदान करने और संबद्ध मामले) (चतुर्थ संशोधन) विनियम 2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक प्रणाली में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच, प्रदान करने और संबद्ध मामले) विनियम 2009 का चतुर्थ संशोधन आने वाले उत्पादकों के लिए किया गया है ताकि स्टार्टअप पावर अर्थात विचलन व्यवस्थापन तंत्र के अंतर्गत आईएसटीएस से वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से पूर्व पूर्ण भार परीक्षण और परीक्षण सहित गतिविधियों को आरंभ करने के लिए सहायक उपकरण हेतु अपेक्षित विद्युत प्राप्त की जा सकती है।

ग्रिड से स्टार्टअप पावर प्राप्त करने के लिए प्रयोजन के लिए उत्पादक से आवेदन करते हुए संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र की पूर्व अनुमति प्राप्त करने की अपेक्षा है। स्टार्टअप पावर के निकासी की प्रथम सिन्क्रोनाईजेशन की प्रत्याशित तारीख से पूर्व अधिकतम 15 महीनों की अनुमति दी गई है और प्रथम सिन्क्रोनाईजेशन की प्रत्याशित तारीख के बाद अधिकतम 6 महीनों की अनुमति दी गई है। चतुर्थ संशोधन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैः

(क) स्टार्टअप पावर की निकासी पारेषण प्रभारों के भुगतान के अध्यधीन होगी और उत्पादक को स्टार्टअप पावर के निकासी के पूर्व दो माह पारेषण प्रभारों के समतुल्य अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए रिवाल्विंग और प्रति सहरणीय साखपत्र को खोलना होगा।

(ख) संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र को स्टार्टअप पावर की निकासी के लिए और भुगतान में चूक की स्थिति में इस प्रकार के निकासी को बंद करने के लिए अनुमति प्रदान करते समय ग्रिड सुरक्षा की डयूटी निर्दिष्ट की गई है या यदि यह स्थापित हो जाता है कि स्टार्टअप को निर्माण गतिविधि के लिए प्रयुक्त किया गया है।

7.2.4 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (परामर्शदाताओं की नियुक्ति) दूसरा संशोधन विनियम 2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(परामर्शदाताओं की नियुक्ति विनिमय 2008 के संशोधन के लिए अधिसूचना संख्या एल 7/1/ओएस 44(59) केविविआ दिनांक 30.09.02014 के माध्यम से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(परामर्शदाताओं की नियुक्ति) द्वित्तीय संशोधन विनियम 2014 को अधिसूचित किया है। मूल विनियम के निम्नलिखित संशोधन किए गए:

1. परामर्शदाताओं की नियुक्ति की लगातार अवधि अधिकतम चार वर्षों के लिए बढ़ा दी गई।
2. वयैक्तिक परामर्शदाताओं को संदेय पारिश्रमिक प्रदान किया गया।
3. स्टाफपरामर्शदाताओं की विभिन्न श्रेणियों को उनकी मूल पात्रता मानदंड प्रतिदेय पारिश्रमिक इत्यादि सहित विनिर्दिष्ट किया गया।
4. सरकारी /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त/सांविधिक निकायों से सेवानिवृत व्यक्तियों से परामर्शदाआतों की नई श्रेणी सृजित की गई। परामर्शदाताओं की श्रेणी के लिए प्रतिदेय पारिश्रमिक और पात्रता मानदंड भी सृजित किए गए।

7.2.5 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए निबंधन और शर्तें) (तीसरा संशोधन) विनियम 2014

आयोग ने 2010 में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र तंत्र विकसित किया ताकि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपलब्धता और बाध्यता कंपनियों की अपेक्षाओं के बीच असमानता का पता लगाया जा सके ताकि उनकी नवीरकणीय क्रय बाध्यताओं की पूर्ति की जा सके। नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में अतिरिक्त निवेश को बढ़ावा देना और उनकी लागतों की वसूली के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों का वैकल्पिक रूप उपलब्ध करवाना था। आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र को सुदृढ़ करने और उनका पता लगाने और उन संदिग्धताओं को दूर करने के लिए जो इसके कार्यान्वयन को प्रभावित कर रहे हैं। इसके लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए निबंधन और शर्तें) (तीसरा संशोधन) विनियम 2014 को अधिसूचित किया।

आयोग ने व्यवस्था की कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी प्रमाण पत्रों को जारी करने के लिए केन्द्रीय एजेंसी से रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे यदि इसने नवीकरणीय क्रय बाध्यता की अधिकता में अधिनियम की धारा 63 के अंतर्गत स्वीकार किए गए या धारा 62 के अंतर्गत निर्धारित टैरिफ पर पूर्व वित्तीय वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा आवाप्त की है जैसा कि अन्य शर्तों के पूरा करने के अध्यधीन उपयुक्त आयोग द्वारा या राष्ट्रीयकारी योजना में या जलवायु परिवर्तन में या टैरिफ नीति में, जो भी अधिक हो, द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

आयोग ने यह भी विनिर्दिष्ट किया है कि विनियमों के अंतर्गत जारी किए गए प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख से 1095 दिनों के लिए वैध होंगे बशर्ते कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र जिनकी अवधि वितीय वर्ष 2014–15 में समाप्त हो गई है और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र की मान्यता और जारी करने के लिए निबंधन और शर्तें)(तीसरा संशोधन) विनियम 2014 के प्रभाव की तारीख तक जारी किए गए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण

पत्र जारी करने की तारीख से 1095 दिनों के लिए या 31 मार्च 2017 तक, जो भी बाद में हो, वैध होंगे।

7.2.6 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) (प्रथम संशोधन) विनियम 2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले)(प्रथम संशोधन) विनियम 2014 को 6.1.2014 को अधिसूचित किया गया और आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले)(प्रथम संशोधन) विनियम, 2014 को 18.12. 2014 को अधिसूचित किया।

यह निर्णय किया गया कि समय ब्लाक के दौरान किसी क्रेता द्वारा विद्युत की अधिक निकासी/कम निकासी इसकी अनुसूचित निकासी के 12 प्रतिशत या 150 मेगावाट, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी जब ग्रिड फ्रीक्वेंसी "49.70 एचजैड से अधिक तथा 50.10 एचजैड से कम है" बशर्ते कि किसी क्रेता द्वारा विद्युत की अधिक निकासी की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी " "49.70 एचजैड से कम है" और किसी क्रेता द्वारा विद्युत की कम निकासी की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी 50.10 एचजैड और अधिक" है।

यह भी विनिर्दिष्ट किया गया है कि समयब्लाक के दौरान विक्रेता द्वारा विद्युत की कम अंतःक्षेपण/अधिक अंतःक्षेपण इस प्रकार के विक्रेता की अनुसूचित अंतःक्षेपण के 12 प्रतिशत से अधिक या 150 मेगावाट, जो भी कम है, नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी "49.70 एचजैड और अधिक तथा 50.10 एचजैड से कम" है। बशर्ते कि (1) क्रेता द्वारा विद्युत के कम अंतःक्षेपण की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी"49.70 एचजैड से कम" है और विक्रेता द्वारा विद्युत का कोई अधिक अंतःक्षेपण की अनुमति नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी "50.10 एचजैड और अधिक" है। (2)परीक्षण और आरंभ की गई गतिविधियों के दौरान यूनिट की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से पूर्व उत्पादन केन्द्र द्वारा विद्युत के किसी इन्फर्म अंतःक्षेपण की 6 महीने से अनधिक अवधि के लिए या संयोजकता विनियमों के अनुसार आयोग द्वारा अनुमत्त बढ़ाए गए समय के लिए उक्त विनिर्दिष्ट मात्रा सीमा से छूट होगी। (3) स्टार्टअप गतिविधियों के लिए यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से पूर्व उत्पादन केन्द्र द्वारा विद्युत की किसी निकासी की उक्त विनिर्दिष्ट मात्रा सीमा से छूट नहीं होगी जब ग्रिड फ्रिक्वेंसी "49.70 और अधिक" है।

7.2.7 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) (दूसरा संशोधन) विनियम 2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) (दूसरा संशोधन)विनियम 2014 के माध्यम से आयोग ने विनिर्दिष्ट किया है कि जीवाश्म ईंधन का प्रयोग 31.3.2017 तक वार्षिक आधार पर क्लॉरिफिक मूल्य के आधार पर 15 प्रतिशत की सीमा तक होगा। यह भी विनिर्दिष्ट किया गया है कि मूल विनियम में शामिल उपबंधों के प्रयोग के लिए पात्रता मानदंड में रैंकिन साईकिल तकनीक पर आधारित बायोमास विद्युत परियोजना–रैंकिन साईकिल तकनीक पर आधारित नए संयंत्र एवं मशीनरी का प्रयोग करने वाली बायोमास विद्युत परियोजनाए और बायोमास ईंधन स्रोतों का प्रयोग करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं बशर्ते जीवाश्म ईंधन का प्रयोग 31.3.2017 तक वार्षिक आधार पर क्लारिफिक मूल्य के अनुसार केवल 15 प्रतिशत तक सीमित है।

7.3 विद्युत बाजार : व्यापार, पावर एक्सचेंज और निर्बाध पहुंच

7.3.1 अंतरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारी

आयोग ने विद्युत व्यापार गतिविधियों को विनियमित करने के लिए फरवरी 2009 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन एवं शर्तें और अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2009 अधिसूचित किया।

31 मार्च 2015 को आयोग ने विद्युत में अंतरराज्यिक व्यापार के लिए 72 आवेदकों को व्यापार अनुज्ञप्तियां प्रदान की इनमें से 25 अनुज्ञप्ति धारियों ने अपनी अनुज्ञप्तियों का अभ्यर्पण किया। वर्ष 2014–15 के दौरान विद्युत में अंतरराज्यिक व्यापार के लिए 7 अनुज्ञप्तियों को जारी किया गया।

कुल 47 मौजूदा अनुज्ञप्तिधारियों में 28 अनुज्ञप्तिधारियों ने वर्ष 2014–15 के दौरान विद्युत में व्यापार आंरभ किया।

आयोग ने दिनांक 11.1.2010 की अधिसूचना के माध्यम से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार मार्जिन का निर्धारण) विनियम 2010 जारी किया। इन विनियमों के अनुसार विद्युत के अंतरराज्यिक व्यापार के लिए अनुज्ञप्तिधारियों को 7 पैसे/किलोवाट घंटे से अधिक व्यापार मार्जिन प्रभारित करने की अनुमति नहीं है। यदि विद्युत की बिक्री कीमत 3 रु/किलोवाट घंटे से अधिक है और 4 पैसे/किलोवाट घंटे जहां बिक्री कीमत 3 रु/किलोवाट घंटे के बराबर या उससे कम है। इस मार्जिन में अनुसूचित विद्युत, निर्बाध पहुंच और पारेषण हानियों के लिए प्रभारों को छोड़कर सभी प्रभार शामिल है। व्यापार मार्जिन विद्युत की अनुसूचित मात्रा पर प्रभारित किया जाता है।

7.3.2 पावर एक्सचेंज

दो पावर एक्सचेंज अर्थात भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज लि (आईईएक्स) नई दिल्ली, और मैसर्स पावर एक्सचेंज इंडिया लि(पीएक्सआईएल)मुबंई भारत मे प्रचालन में है। आईईएक्स और पीएक्सआईएल में क्रमशः 27 जून 2008 और 22 अक्तूबर 2008 से प्रचालनों को आरंभ किया।

जनवरी 2010 में आयोग ने विद्युत बाजार के विनिमयों और विकास के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार) विनियम 2010 जारी किया। इस विनियम का उद्देश्य व्यापक बाजार ढांचे के सृजन मे मदद करना था और विद्युत बाजार में सभी प्रकार के संभव उत्पादों के संव्यवहार, कार्यनिष्पादन और उसका कान्ट्रेक्ट करना था। इसके बाद पावर एक्सचेंज की पारदर्शी निगमित सुशासन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार) प्रथम संशोधन, विनियम 2014 के माध्यम से विनिमय बोर्ड के निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकताओं और अनर्हकताओं की व्यवस्था की।

7.3.3 बाजार निगरानी प्रकोष्ठ

अगस्त 2008 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में एक बाजार निगरानी प्रकोष्ठ (एमएमसी) स्थापित किया गया था। अगस्त 2008 से एमएमसी विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार पर मासिक रिपोर्ट जारी कर रहा है और इस रिपोर्ट को वेबसाइट पर डाल रहा है।

विद्युत का अल्पकालिक संव्यवहार व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों (द्विपक्षीय संव्यवहार) पावर एक्सचेंजों और अननुसूचित विनिमयों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत के प्रति निर्देश करता है। (i) रिपोर्ट का उद्देश्य है कि विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा और मूल्य में परवर्तियों पर ध्यान देना। (ii) बाजार के व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करता (iii) स्टेक होल्डरों को संगत बाजार सूचना प्रसारित करना।

एमएमसी व्यापार अनुज्ञधिारियों द्वारा दी जारी द्विपक्षीय संविदाओं/ओटीसी संविदाएं पर एक मासिक रिपोर्ट निकालता है। जिसका शीर्षक ओटीसी संविदाओं की साप्ताहिक रिपोर्टिंग : मासिक विश्लेषण है। रिपोर्ट में एक अग्रवक्र जो भावी अवधि के लिए स्थानिक कीमतों की वर्तमान दिन की आशा को दर्शाता है और कार्य के उपरान्त विश्लेषण है जो गत माह के विद्युत परिदानों के संबंध में विद्युत केन्द्रों के तुलना में औसत ओटीसी कीमत को दर्शाता है। एमएमसी अल्पकालिक संव्यवहार पर एक वार्षिक रिपोर्ट भी निकालता है। "2014–15 में भारत में अल्पकालिक विद्युत बाजार पर रिपोर्ट " से संबंधित रिपोर्ट अगस्त 2015 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग की वेबसाइट पर दर्शाई गई और इसे प्रकाशित किया जाना है। अल्पकालिक संव्यवहारों में प्रवृतियों को नीचे संव्यवहारों में दिया गया है।

विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा (बिलियन यूनिट)

वर्ष	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से विद्युत संव्यवहार	पावर एक्सचेंजों (आई ईएक्स और पीएक्स आईएल) के माध्यम से विद्युत संव्यवहार	डीएसएम की मात्रा	डिस्काम के बीच प्रत्यक्षतः संव्यवहारित विद्युत
2009 - 10	26.72	7.19	25.81	6.19
2010 - 11	27.70	15.52	28.08	10.25
2011 - 12	35.84	15.54	27.76	15.37
2012 - 13	36.12	23.54	24.76	14.52
2013 - 14	35.11	30.67	21.47	17.38
2014 - 15	34.56	29.40	19.45	15.58

कुल विद्युत उत्पादन के संबंध में विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा			
वर्ष	विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा (बिलियन यूनिट)	कुल विद्युत उत्पादन (बिलियन यूनिट)	कुल विद्युत उत्पादन के प्रतिशत के रूप में विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा
2009 -10	65.90	764.03	9%
2010 -11	81.56	809.45	10%
2011 -12	94.51	874.17	11%
2012 -13	98.94	907.49	11%
2013 -14	104.64	962.90	11%
2014 -15	98.99	1045.09	9%

व्यापारियों और पावर एक्सचेंजों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (रू0/कि0 घंटा)			
वर्ष	व्यापारियों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत	पावर एक्सचेंजों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (डीएमएम+टीएएम)	डीएसएम की कीमत
2009 -10	5.26	4.96	4.62
2010 -11	4.79	3.47	3.91
2011 -12	4.18	3.57	4.09
2012 -13	4.33	3.67	3.86
2013 -14	4.29	2.90	2.05
2014 -15	4.28	3.50	2.26

7.3.4 बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ अभिवृद्धि कारकों तथा अन्य मानकों की अधिसूचना

वर्ष 2005 में विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी किए गए "वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत की अवाप्ती के लिए बोली प्रक्रिया द्वारा टैरिफ के अवधारण के लिए मार्ग निर्देश" के अनुसार आयोग से बोली मूल्याकन और भुगतान के प्रयोजन के लिए प्रत्येक 6 माह में विभिन्न घटकों और अन्य मानकों की अधिसूचना अपेक्षित है।

विद्युत मंत्रालय ने केस 2 और केस 1 बोली के लिए अलग से मानक बोली दस्तावेजों (माडल आरएफक्यू, आरएफपी और पीएसए) सहित नए मार्ग निर्देश जारी किए हैं। उन नए मार्ग निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा कोई वृद्धि दरें सूचित करना अपेक्षित नहीं है। तथापि आयोग ने पूर्व बोली मार्ग निर्देशों के अंतर्गत कान्ट्रेक्ट की गई परियोजनाओं के लिए भुगतान के प्रयोजन हेतु वृद्धि दरें अधिसूचित करता रहा है।

7.4 थर्मल उत्पादन

केन्द्रीय आयोग केन्द्रीय क्षेत्र की थर्मल पावर उत्पादन कंपनियों अर्थात एनटीपीसी लि., उत्तर–पूर्वी विद्युत पावर कार्पोरेशन लि. (नीपको), नेवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन(एनएलसी), दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), संयुक्त उद्यम कंपनियों जैसे कंपनियों के टैरिफ को नियमित करता है जिसमें सीपीएसयू और आईपीपी शामिल है जिन्होंने आरंभ की गई प्रतिस्पर्धा टैरिफ आधारित बोली की निर्धारित अवधि से पूर्व दीर्घकालीन हिताधिकारियों के साथ पीपीए हस्ताक्षरित किया।

7.4.1 थर्मल उत्पादन का टैरिफ निर्धारण

7.4.1.1 एनटीपीसी लिमिटेड के थर्मल उत्पादन स्टेशनों के टैरिफ

क. 31.03.2015 को एनटीपीसी लिमिटेड की उत्पादनकारी केन्द्रों की कुल संस्थापित क्षमता

37031.64 मैगावाट (वाणिज्यिक) थी जिसमें कोयले पर आधारित 33015.00 मैगावाट तथा प्राकृतिक गैस/तरल ईंधन पर आधारित 4016.64 मैगावाट शामिल है। वर्ष 2014–15 के दौरान एनटीपीसी ने बढ़ एसटीपीएस-II में (1x660) में नई क्षमता को जोड़ा। 31.03.2015 को संस्थापित क्षमता तथा एनटीपीसी के प्रत्येक उत्पादनकारी स्टेशन/यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख **अनुबंध II** में दी गई है।

ख. 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ

आयोग ने 2009–14 अवधि के लिए तल्चर टीपीएस (460 मेगावाट) के लिए टैरिफ अनुमोदन किया। क्रमशः अपील संख्या 70/2012 और 71/2012 में 25.10.2013 को विद्युत के लिए अपीलीय न्यायाधीकरण के निर्णय के अनुसार 1.4.2009 से 31.03.2014 तक की अवधि के लिए कवास गैस पावर स्टेशन (656.20 मेगावाट) और झन्नौर गंधार गैस पावर स्टेशन (657.39 मेगावाट) के टैरिफ का अनुमोदन।

न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय के अनुसार गैस टर्बाइन का उपयोगी जीवन 15 वर्ष के स्थान पर आरएंड एम के पूरा होने के बाद 10 वर्षों तक बढ़ा दिया गया है और आयोग को उसे पुनःनिर्धारण करने का निर्देश दिया गया है।

इस तथ्य को नोट करने के बाद आयोग ने कि गैस टर्बाइन का नवीकरण और आधुनिकीकरण अभी पूरा नहीं कया गया है और यह टैरिफ अवधि (2014–19) के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा पूरा किया जाना प्रत्याशित है। यह निर्देश दिया कि 2009–14 की अवधि के लिए उत्पादन केन्द्र के टैरिफ का तदंतर संशोधन और गैस टर्बाइन के उपयोगी जीवन का पुनःनिर्धारण न्यायाधीकरण के अधिनिर्णय के अनुपालन में नवीकरण और आधुनिकीकरण गतिविधियों के पूरा होने के बाद विचार किया गया। याचिकाकर्ता को तदनुसार निदेश दिया गया कि न्यायाधीकरण के अधिनिर्णय के अनुसार इस उत्पादन केन्द्र के शेष उपयोगी जीवन के पुनःनिर्धारण के उद्देश्य से नवीकरण और आधुनिकीकरण गतिविधियों के पूरा करने की स्थिति आयोग के नोटिस में लाई जाए।

ग. 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ का ट्रूइंग अप

आयोग ने केविविआ (टैरिफ के निबंधन और शर्तें), विनियम 2009 के विनियम 6(1) के परन्तुक के अनुसार 1.4.2009 से 31.03.2014 तक की अवधि के लिए निम्नलिखित दस एनटीपीसी केन्द्रों के लिए टैरिफ के पुनरीक्षण को अनुमोदित किया:

क. सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन (2000 मेगावाट)
ख. कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I (840 मेगावाट)
ग. रिहंद सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I (1000 मेगावाट)
घ. विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-III (1000 मेगावाट)
ड. अंता गैस पावर स्टेशन (419.33 मेगावाट)
च. विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I (1260 मेगावाट)
छ. कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I व II (2100 मेगावाट)
ज. फरक्का सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I व II (1600 मेगावाट)
झ. सिम्हाद्री सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I (1000 मेगावाट)
ञ. सिम्हाद्री सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-II (1000 मेगावाट)

घ. 2009–14 की अवधि के लिए आयोग के टैरिफ आदेशों पर पुनरीक्षण याचिकाएं:

एनटीपीसी द्वारा दाखिल एनटीपीसी उत्पादन केन्द्रों की 2009–14 की अवधि के लिए आयोग के टैरिफ आदेशों पर निम्नलिखित 6 पुनरीक्षण याचिकाओं को आयोग द्वारा निपटाया गया:

क. नेशलन केपिटल थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-II (2 x 490 मेगावाट)
ख. कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-I व II (2100 मेगावाट)
ग. सिम्हाद्री सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-II (1000 मेगावाट)
घ. तल्चर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(460 मेगावाट)
ड. सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन (2000 मेगावाट)
च. विध्यांचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज 3 (1000 मेगावाट)

ङ. 1.4.2009 को या उसके बाद आरंभ किए गए उत्पादन केन्द्र/यूनिट के लिए अनंतिम टैरिफ

आयोग ने 2009 टैरिफ विनियम के विनियम 5 के खंड (4) के अंतर्गत शक्ति का प्रयोग करते हुए :
1. (31.3.2014) के लिए यूनिट 1 और 2 के वाणिज्यिक प्रचालन की प्रत्याशित तारीख से रिहंद सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज 3 (1000) मेगावाट
2. (31.3.2014) तक यूनिट I और II के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज 4 (1000 मेगावाट) के अनंतिम टैरिफ को अनुमोदित किया।

आयोग ने अपील संख्या 39/2013 में विद्युत के अपीलीय न्यायाधिकरण के 26.9.2013 के अधिनिर्णय के कार्यान्वयन के लिए बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन (705 मेगावाट) में वर्ष 2006–07 (1.6.2006 से 31.3.2007), 2007–08 और 2008–09 के दौरान उपगत अतिरिक्त पूंजी व्यय के कारण 2006–09 की अवधि के लिए नियत प्रभारों को संशोधित किया।

7.4.1.2 नेवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन के थर्मल उत्पादन केन्द्रों का टैरिफ

31.03.2015 को नेवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन के उत्पादन केन्द्रों की कुल संस्थापित क्षमता 2740 मेगावाट थी। संस्थपित क्षमता और एनएलसी के प्रत्येक उत्पादन केन्द्र की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख **अनुबंध III** में दी गई है।

थर्मल पावर स्टेशन–1 तमिलनाडु राज्य को समुचित विद्युत की आपूर्ति करता है। थर्मल पावर स्टेशन–2 (स्टेज 1 और 2) और थर्मल पावर स्टेशन 1(विस्तार) दक्षिणी क्षेत्र अर्थात आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी के संघटकों को विद्युत की आपूर्ति करता है। राजस्थान में बरसिंगसर में थर्मल पावर स्टेशन आधारित सीएफबीसी टेक्नालॉजी राजस्थान की वितरण कपंनियों को विद्युत की आपूर्ति करता है।

7.4.1.3 दामोदर घाटी निगम के थर्मल उत्पादन केन्द्रों के टैरिफ

31.3.2015 को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के उत्पादन केन्द्रो की कुल संस्थापित क्षमता 6210 मेगावाट थी। वर्ष 2014–15 के दौरान

डीवीसी ने कोदरमा टीपीएस (2X500 मेगावाट) 500 मेगावाट क्षमता के यूनिट II के आंरभ सहित थर्मल उत्पादन क्षमता में 500 मेगावाट को जोड़ा। 31.3.2015 को संस्थापित क्षमता और डीवीसी की थर्मल उत्पादन केन्द्रों के प्रत्येक यूनिट को आरंभ करने की तारीख **अनुबंध IV** में दी गई है।

आयोग ने डीवीसी की निम्नलिखित केन्द्रों के संबंध में 2009–14 की अवधि के लिए उत्पादन टैरिफ को अनुमोदित किया।

क. चन्द्रपुर थर्मल पावर स्टेशन यूनिट 7 और 8(2 x 250 मेगावाट)

ख. मेजीयर थर्मल पावर स्टेशन यूनिट संख्या 7 और 8 (2 x 500 मेगावाट)

7.4.1.4 उत्तर पूर्वी विद्युत ऊर्जा निगम का टैरिफ (नीपको)

31.3.2015 को नीपको का गैस आधारित थर्मल उत्पादन केन्द्रों की संस्थापित क्षमता 375 मेगावाट की अर्थात् असम जीपीएस (291 मेगावाट) और अगरतला जीपीएस (84 मेगावाट)। यह दोनों केन्द्र उतर पूर्वी क्षेत्र के हिताधिकारियों को विद्युत की आपूर्ति करते हैं। असम गैस विद्युत केन्द्र संयुक्त साईकिल मोड में चलते हैं जबकि अगरतला गैस पावर केन्द्र मुक्त साईकिल में चलते हैं। दोनों केन्द्रों में लघु क्षमता के टर्बाइन (50 मेगावाट यूनिट आकार से कम) हैं। प्रत्येक उत्पादन केन्द्र की संस्थापित क्षमता और वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख **अनुबंध V** में दी गई है।

7.4.1.5 31.3.2015 को ऊर्जा प्रभार

31.03.2015 को एनटीपीसी, एनएलसी, नीपको और डीवीसी जैसे केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सीपीएसयू से संबंधित थर्मल पावर केन्द्रों के लिए ऊर्जा प्रभार **अनुबंध VI** में संलग्न हैं।

7.4.1.6 स्वतंत्र ऊर्जा उत्पादकों के थर्मल उत्पादन केन्द्रो का टैरिफ

आयोग ने 31.3.2014 के लिए यूनिट एक और दो के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से अवधि के लिए मैथान पावर लि (1050 मेगावाट) के टैरिफ और पूंजी लागत को अनुमोदित किया है।

7.5 थर्मल उत्पादन में आयोग द्वारा अन्य मुद्दें:

7.5.1 कोयला अंतःक्षेपण पर आधारित थर्मल विद्युत संयंत्रों के लिए तकनीकी आर्थिक मार्गनिर्देशों के अनुमोदन के लिए याचिका

महागंज पावर लि., अदानी पावर लि0. की एक अनुषंगी ने दो विभिन्न राज्यों को विद्युत उपलब्ध करवाने वाली प्रस्तावित परियोजना से उत्पादित विद्युत के लिए टैरिफ के अवधारण सिद्धान्तः अनुमोदन पर एवं कोयला रद्द करने पर आधारित थर्मल पावर संयंत्रों के लिए तकनीकी आर्थिक मार्गनिर्देशों के अनुमोदन के लिए याचिका दाखिल की ।

आयोग ने इस अभिमत के साथ उक्त याचिका का निपटान किया कि याचिका के तदनतर दाखिल करने पर आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 अधिसूचित किया। ये विनियम 1.4.2014 से 31.3.2019 तक प्रचालन में होंगे। इन विनियमों में रद्द कोयले पर आधारित उत्पादन केन्दों के टैरिफ के निर्धारण के लिए मानदंडों की व्यवस्था है और प्रदत्त मानदंड इस मामले में भी लागू होंगे।

इसके अलावा आयोग ने यह भी पाया है कि दो से अधिक राज्यों के लिए विद्युत की आपूर्ति के लिए एवं उत्पादन के लिए कोई समन्वित योजना है और टैरिफ नीति के अनुसार विकसित की गई है तो संबंधित उत्पादन कंपनी अधिनियम की धारा 63 के अंतर्गत टैरिफ के स्वीकार के लिए या धारा 62 के लिए अंतर्गत टैरिफ के अवधारण के लिए अधिनियम की धारा 79 (1)(ख) के अंतर्गत आयोग से संपर्क कर सकती है।

7.5.2 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध

पहुंच प्रदान करना) विनियम 2009 के विनियम 8(7) के अंतर्गत अनुमति मांगते हुए याचिका

वंदना विद्युत लि. ने 3.3.2014 से 6 महीने तक ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण और याचिकाकर्त्ता के 1/135 मेगावाट के परीक्षण के लिए समयावधि के विस्तार के लिए याचिका दाखिल की। याचिकाकर्त्ता ने 14.3.2014 के अपने शपथ पत्र में पीईआरटी चार्ट प्रस्तुत किया। जिसमें 27.8.2014 तक की परीक्षण गतिविधियों के चरणों को दर्शाया गया। तथापि चूंकि याचिकाकर्ता ने आयोग द्वारा अनुमत्त समयलाईन के अंदर 10.4.2014 को वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख प्राप्त की इसलिए और आगे समयावधि बढ़ाना अपेक्षित नहीं है।

एनएलसी द्वारा यूनिट 1 के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख की घोषणा तक या 30.4.2014 जो भी पहले हो एनएलसीटीपीएस II (विस्तार) से ग्रिड में इन्फर्म पावर के अतःक्षेपण के लिए अनुमति की मांग की गई।

टौरेंट पावर लि. (टीपीएल) ने गुजरात राज्य में दहेज विशेष अंचल क्षेत्र में गैस आधारित परियोजना के यूनिटों (3X398.95 मेगावाट) के लिए 6 महीने से आगे यूनिटों द्वारा इन्फर्म पावर के तदन्तर अंतःक्षेपण और पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण की अवधि के विस्तार की मांग करते हुए याचिका दाखिल की। आयोग ने वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख तक या 31.7.2014 तक, जो भी पहले हो पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षणों को आरंभ करने के प्रयोजन के लिए ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतक्षेपण के लिए समय बढ़ाने की मंजूरी दी।

एनटीपीसी ने याचिका दाखिल की जिसमें आंरभिक सिन्क्रोनाईजेशन से 6 महीने से आगे बड़ एसटीपीपी (स्टेज II)(2X660 मेगावाट) के यूनिट IV (660 मेगावाट) के पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण के लिए इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए अवधि के विस्तार की अनुमति के लिए आयोग की अनुमति की मांग की। याचिकाकर्ता द्वारा सामना की गई समस्याओं पर विचार करते हुए आयोग ने 30.9.2014 तक या वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तारीख तक, जो भी पहले हो, यूनिट IV के पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण आरंभ करने के प्रयोजन के लिए ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए समय बढ़ाने की अनुमति दी।

प्रगति पावर कार्पोरेशन लि. ने अपेक्षा के अनुसार संबद्ध अनुषगियों एवं एसटीजी के परीक्षण के लिए 6 महीने से आगे परीक्षण के लिए प्रगति 3 सीसीपीएस (1371 मेगावाट) के ब्लाक 2 के गैस टर्बाइन #4 से ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण की मांग की। इसके संबद्ध यूनिटों अर्थात जीटी अनुषंगियों की आरंभ की जा रही गतिविधियों में विलंब जो जीटी के आईसोलेशन में नहीं किया जा सकता और गैस की गैर उपलब्धता के कारण नहीं हो सकता इसलिए आयोग ने यूनिट के पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण के प्रयोजन के लिए ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए समय बढ़ाने की अनुमति दी है।

एनटीपीसी तमिलनाडु ऊर्जा कंपनी लि. (एनटीईसीएल) ने याचिका दाखिल की जिसमें आंरभिक सिन्क्रोनाईजेशन से 6 महीने से आगे एनटीईसीएल के वैलूर पीपीपी के यूनिट 3 (500 मेगावाट) के लिए पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण के लिए इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए अनुमति की मांग की। आयोग ने याचिकाकर्त्ता द्वारा सामना की गई समस्याओं तथा अनुसूचित गतिविधि के संबंध में 25.7.2014 के शपथ पत्र पर विचार करते हुए 15.10.2014 तक या वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तारीख से, जो भी पहले हो, यूनिट 3 के पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण को आरंभ करने के लिए ग्रिड में इंफर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए अवधि बढ़ाने की अनुमति दी।

आरंभिक सिन्क्रोनाईजेशन से 6 महीने से आगे डीबी पावर छत्तीसगढ़ प्लांट यूनिट 2 (600 मेगावाट) के लिए पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण के लिए इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए समय बढ़ाने के लिए आयोग की अनुमति की मांग करते हुए याचिका। आयोग ने 31.12.2014 तक या वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तारीख तक, जो भी पहले हो यूनिट के पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षणों को आरंभ करने के लिए ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए समय बढ़ाने की अनुमति दी।

आयोग ने जिंदल पावर लि. के तमनार ने 4X600 मेगावाट पावर प्लांट के यूनिट 3 के लिए पूर्ण भार परीक्षण सहित परीक्षण के लिए इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए समय बढ़ाने की अनुमति प्रदान की।

7.5.3 याचिका संख्या 309 / एमपी / 2013

ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लि. (ओटीपीसीएल) ओएनजीसी, आईएलएंडएफएस (इसकी संबद्ध आईईडीसीएल) के माध्यम से, का एक संयुक्त उद्यम है और त्रिपुरा सरकार 726.6 मेगावाट (2X363.3 मेगावाट) की अनुमोदित क्षमता सहित त्रिपुरा राज्य में प्लाटना में संयुक्त साईकिल पावर स्थापित कर रहा है। दिनांक 20.5.2013, 26.08.2013, 31.12.2013 के आदेशों के माध्यम से आयोग ने यूनिट 1 के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख तक ग्रिड में इन्फर्म पावर के अंतःक्षेपण के लिए याचिकाकर्ता को अनुमति दी। याचिकाकर्ता ने निवेदन किया कि 2.60 रुपए प्रतिकिलोवाट घंटे की दर पर इन्फर्म पावर की कैपिंग के कारण 5.94 करोड़ रुपए की कम वसूली रही।

आयोग ने इस अभिमत के साथ 19.8.2014 के आदेश के माध्यम से याचिका का निपटान किया कि यूआई खातों में एनईआरपीसी द्वारा यथाप्रयुक्त 2 रुपए 60 पैसे की कैप दर अनंतिम टैरिफ प्रदान करने के लिए इसकी टैरिफ याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा दावा किए गए 1.22 रु / किलोवाट घंटे की ऊर्जा प्रभार दर की अपेक्षा बहुत अधिक है। दूसरे शब्दों में याचिकाकर्ता द्वारा प्रदत्त ऊर्जा प्रभारों की वास्तविक लागत की तुलना में कोई कम वसूली नहीं है। इसके अलावा केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2009 के विनियम 11 के अनुसार इन्फर्म पावर की बिक्री से उत्पादन कंपनियों द्वारा अर्जित कोई राजस्व वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख पर परियोजना की पूंजी लागत में समायोजित किया जाएगा जिसे टैरिफ के माध्यम से वसूल किया जाएगा। तदनुसार याचिका दाखिल की गई।

7.5.4 याचिका संख्या 85 / एमपी / 2013

पश्चिमी प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र (डब्ल्यूआरएलडीसी) ने इस प्रार्थना के साथ 25.4.2013 को याचिका दाखिल की (i) तथ्यों को जानबूझकर दबाने और गलत व्याख्या करने को ध्यान में रखते हुए स्वतंत्र इंजीनियर द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र को देखना और इस प्रकार की कार्यों के लिए लेमयर इंटरनेशनल (इंडिया) प्रा. लि. को उपयुक्त निर्देश जारी करना (ii) डब्ल्यूआरएलडीसी द्वारा भार नियंत्रण के आधार पर वाणिज्यिक के रूप में 101.38 मेगावाट की पार्ट (डीरेटिड) की घोषणा के लिए और वाणिज्यिक मेकेनिज्म के संबद्ध पैरामीटरों के इरादतन गलत घोषणा करते हुए लेमयर इंटरनेशनल (इंडिया) प्रा. लि. के मामले को देखना और इस मामले में उपयुक्त निर्देश जारी करना।

याचिकाकर्ता और प्रत्यर्थियों द्वारा किए गए निवेदनों पर विचार करते हुए आयोग ने 20.6.2013 के अपने आदेश के माध्यम से यह निर्णय किया कि 101.38 मेगावाट के लिए वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख की घोषणा के लिए स्वतंत्र इंजीनियर द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र बना नहीं रह सकता और एसपीएल को निर्देश दिया कि पीपीए की अनुसूची 5 के साथ पठित अनुच्छेत 6.3.1 के उपबधों के अनुसार परीक्षित क्षमता प्राप्त करने के लिए यूनिट के नए परीक्षण किए जाएं। आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि एसपीएल द्वारा वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा की तारीख तक उत्पादन केन्द्र द्वारा अंतःक्षेपित विद्युत को आयोग के विनियमों के अनुसार इन्फर्म पावर के रूप में माना जाएगा।

आयोग के आदेश दिनांक 20.6.2013 से पीड़ित होने पर एसपीएल ने इस आधार पर माननीय विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष 01.7.2013 को 2013 की अपील संख्या 149 दाखिल की कि केन्द्रीय आयोग ने मैरिट का अवसर अपीलकर्ता को दिए बिना प्रतिवाद आदेश पारित किया है। अपीलीय विद्युत न्यायाधिकरण ने अपने दिनांक 21.8.2013 के निर्णय में आयोग के 20.6.2013 के आदेश को सेटअसाइट कर दिया और संबंधित पार्टियों की सुनवाई के बाद नए सिरे से मुद्दों के निर्णय के लिए आयोग को मामला रिमांड के लिए वापस कर दिया है।

आयोग ने सभी संबंधित पार्टियों की सुनवाई के बाद दिनांक 8.8.2014 के माध्यम से यह पाया कि उत्पादन केन्द्र का यूनिट कान्ट्रेक्ट की गई क्षमता के 95 प्रतिशत के लिए कार्यनिष्पादन की अर्हकता में असफल रहा है जो पीपीए के उपबंधों के अनुसार वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा के लिए पूर्व अपेक्षा है अतएव इस अवधि के दौरान अतःक्षेपित पावर इन्फर्म पावर के रूप में मानी जाएगी। आयोग ने यह निर्णय लिया कि 30.3.2013 को जारी किए स्वंतत्र इंजीनियर के प्रमाण के आधार पर वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख की घोषणा पीपीए के उपबंधों के अनुसार नहीं हैं और 16.8.2013 के रूप में एसपीएल की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख स्वीकार की गई। आईई प्रमाण पत्र के संबंध में आयोग ने यह पाया है

कि 30.3.2013 को जारी किए गए स्वतंत्र इंजीनियर के प्रमाण पत्र के आधार पर वाणिज्यिक प्रचालन के तारीख की घोषणा पीपीए उपबंधों के अनुसार नहीं थी और डीरेटिड क्षमता की घोषणा के लिए नहीं थी अतएव सभी प्राप्तकर्ताओं की सहमति अनिवार्य है। आयोग ने यह पाया कि एसपीएल तथा प्राप्तकर्ता दोनों इससे लाभ लेते हैं लेकिन स्थापित मानंदडों के लिए और वाणिज्यिक प्रचालन की इस प्रकार की घोषणा तथा पीपीए उपबंधो की अनुमति नहीं दी जा सकती चूंकि इससे स्थापित प्रणाली का मजाक बन जाता है। आयोग ने यह भी निर्णय दिया कि 101.38 मेगावाट की कम क्षमता पर वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख की घोषणा करते हुए 31.3.2013 को स्वतंत्र इंजीनियर द्वारा जारी किया गया प्रणाण पत्र ठीक नहीं है और उसे बनाए रखा नहीं जा सकता। एसपीएल द्वारा गलत घोषणा के संबंध में आयोग ने यह पाया कि एसपीएल ने चार दिनों के लिए क्रमिक रूप से 600 मेगावाट की घोषणा की है। तथापि, डब्ल्यूआरएलडीसी द्वारा उल्लेख किए जाने के बाद इसमें घोषित क्षमता की अनुसूची कम हुई हैं। आयोग ने निर्णय दिया कि क्षमता की गलत घोषणा का कोई इरादा प्रतीत नहीं होता है अतएव एसपीएल द्वारा क्षमता की जानबूझकर गलत घोषण का कोई इरादा नहीं है।

7.5.5 याचिका संख्या एसएम/14/2014 : केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 के विनियम 30 के खंड (7) के उपबंधों का गैर अनुपालन

केविविआ के टैरिफ विनियम 2014 में निम्नानुसार व्यवस्था है:

"उत्पादन कंपनी ईंधन की कीमत एवं जीसीवी के पैरामीटरों के ब्यौरे अर्थात इन विनियमों के अनुबंध 1 में निर्धारित फार्मों के अनुसार देशी कोयला, आयातित कोयला, ई बोली कोयला, लिग्नाईट प्राकृतिक गैस, आरएलएनजी, तरल ईंधन इत्यादि के हिताधिकारियों को उपलब्ध करवाएंगें : बशर्ते कि देशी कोयले के साथ आयातित कोयले का ब्लैंडिंग अनुपात, ई बोली का समानुपात तथा प्राप्त किए गए ईंधन की भारित औसत जीसीवी के ब्यौरे संबंधित माह के बिलों सहित अलग से उपलब्ध करवाए जाएंगे; बशर्ते कि बिलों की प्रतियां और ईंधन की कीमत एवं जीसीवी के पैरामीटरों के ब्यौरे अर्थात देशी कोयला, आयातित कोयला, ईबोली कोयला, लिग्नाईट प्राकृतिक गैस, आरएलएनजी, तरल ईंधन इत्यादि के हिताधिकारियों को उपलब्ध करवाएंगें : बशर्ते कि देशी कोयले के साथ आयातित कोयले का ब्लैंडिंग अनुपात, ई बोली का समानुपात तथा प्राप्त किए गए ईंधन की भारित औसत जीसीवी के ब्यौरे उत्पादन कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। ये ब्यौरे 3 महीनों की अवधि के लिए मासिक आधार पर इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध होने चाहिए।"

आयोग के नोटिस में यह आया है कि कुछ उत्पादन कंपनियां अपनी वेबसाइट में मार्च 2014 के बाद उक्त विनियमों के अंतर्गत ब्यौरों को अपलोड नहीं किया है और न ही आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट उक्त विनियमों के अनुसार अपनी उत्पादन केन्द्रों के संबंध में उक्त ब्यौरों को अद्यतन किया है। आयोग द्वारा विनियमित सभी थर्मल उत्पादन केन्द्रों द्वारा विनियम 30(7) के उपबंधों के अनुपालन की मांग करता है। तदनुसार आयोग ने शपथ पत्र पर निवेदन करते हुए प्रत्यर्थियों को निदेश दिया है कि 2014 टैरिफ विनियमों के विनियम 30 (7) के उपबंधों को अप्रैल 2014 से जुलाई 2014 तक की अवधि के लिए अपनी वेबसाइटों से डाउनलोड किए गए दस्तावेजों सहित अपने नियंत्रण के अंतर्गत सभी उत्पादन केन्द्रों के संबंध में अनुपालन करें।

7.5.6 22.4.2009 से 31.7.2011 तक की अवधि के लिए भिलाई एक्सपेंशन पावर प्लांट (2X250 मेगावाट) के संबंध में अननुसूचित अंतःपरिर्वतन प्रभारों की वसूली के लिए आयोग ने याचिका का निपटान किया।

7.5.7 याचिका संख्या 70/एमपी/2014 उत्तरपूर्वी विद्युत ऊर्जा निगम लि0 ने केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 (2014 टैरिफ विनियम) के विनियम 54 के अंतर्गत टैरिफ विनियमों के 2014 के कुछ विनियमों की समीक्षा के लिए याचिका दाखिल की। आयोग ने 30.9.2014 के आदेश में यह अभिमत दिया कि चूंकि 2014 टैरिफ विनियमों को इसकी विधायी शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा विनियमित कर दिया गया है अतएव अधिनियम की धारा 94 (1)(एफ) के अंतर्गत इसकी पुनरीक्षण नहीं की जा सकती।

7.5.8 याचिका संख्या 06/एमपी/2013 दिनांक 7.8.2007 के विद्युत क्रय करार के अनुच्छेद 13.2 (ख) और प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से विद्युत के सांविधिक फ्रेमवर्क अधिशासित अवाप्ति के साथ पठित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 के अंतर्गत याचिका सासन पावर लि. और परिचालनकारी अवधि के दौरान लागतों के राजस्व सहित "विधि में परिवर्तन के कारण क्षतिपूर्ति के लिए अवाप्तकर्ताओं के बीच निष्पादित की गई।"

आयोग ने लेखा परीक्षित लेखों पर आधारित कान्ट्रेक्ट वर्षों के दौरान (विधि में परिवर्तन) के कारण प्रभाव की मात्रात्मकता के बाद कान्ट्रेक्ट वर्ष की समाप्ति के छह महीने के अंदर उपयुक्त आवेदन दाखिल करने के लिए सासन पावर लि0 को निर्देश दिया।

7.5.9 याचिका संख्या 64/एमपी/2013 : झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा उठाए गए विद्युत आपूर्ति संबद्ध विवादित विषयों के संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की 79 (1)(क)(ख)(ग) के साथ पठित धारा 79 (1)(एफ) के अंतर्गत याचिका

आयोग ने मुख्य निर्देशों सहित उक्त याचिका का निपटान किया कि :

(I) याचिकाकर्ता 4213.745 करोड़ रुपए की कुल अविवादित रकम की तत्काल वसूली के लिए पात्र है।

(ii) याचिकाकर्ता जुलाई 2013 से जनवरी 2014 तक की अवधि के लिए 578.72 करोड़ रुपए की गैर मिलान की गई रकम अनंतिम रूप से अदा करेगा जिसे मिलान के बाद अंतिम रूप से समायोजित किया जाएगा।

7.5.10 याचिका संख्या आरपी/06/2014 : 17.02.2014 से प्रभावी केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) विनियम 2014 के विनियम 12 के अंतर्गत पुनर्रीक्षण याचिका।

याचिकाकर्ता त्रिपुरा राज्य विद्युत कार्पोरेशन लि ने उक्त विनियम के विनियम 12 के अंतर्गत विद्युत का आह्वान करते हुए विचलन व्यवस्थापन तंत्र विनियमों के विनियम 7.3 और विनिमय 5(1)(iii) के उपबंधों की छूट के लिए मौजूदा याचिका दाखिल की। विचलन व्यवस्थान तंत्र के विनियम 12 के अंतर्गत विद्युत का प्रयोग करते हुए आयोग ने 2 फरवरी 2015 से 400 मेगावाट व उससे कम की अनुसूची वाली कंपनियों के संबंध में डीएसएम विनियम के विनियम 7 (3) और विनियम 5 (1)(iii), 5(1)(iv) को निम्नानुसार छूट दी:

क.400 मेगावाट व उससे कम की अनुसूची वाली कंपनियों के मामले में विचनल प्रभार प्राप्य होगा:

(I) डीएसएम विनियम के विनियम 5 (1)(iii) की छूट में 48 मेगावट तक कम निकासी के लिए

(ii) डीएसएम विनियम के विनियम 5 (1)(iv) की छूट में 48 मेगावाट तक अधिक अंतःक्षेपण के लिए

ख. डीएसएम विनियमों के विनियम 7 के खंड (3) के अंतर्गत सारणी 2 के नीचे परंतुक की निम्नानुसार प्रदान करने की छूट दी गई है:

"बशर्ते कि जब अनुसूची 400 मेगावाट से कम या बराबर है तो विचलन के लिए अतिरिक्त प्रभार उक्त सारणी 1 (क) और सारणी 2(क) के अनुसार 400 मेगावाट अनुसूची के संदर्भ में निकाली गई विचलन की प्रतिशतता पर आधारित होगी।"

7.6 हाईड्रो उत्पादन

वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग ने निम्नलिखित 32 संख्या में सीपीएसयू अर्थात एनएचपीसी, एनएचडीसी, नीपको, एसजीवीएनएल, टीएचडीसी और डीवीसी द्वारा स्वामित्व के केन्द्रीय क्षेत्र हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों तथा मैसर्स जयप्रकाश पावर वैंचर लि. द्वारा स्वामित्व के एक आईपीपी केन्द्र जो उत्तरी पश्चिमी, पूर्वी और उतरी पूर्वी क्षेत्र में स्थित हैं और जिनकी 1,1695.40 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता है। उनके टैरिफ को विनियमित किया। इसके ब्यौरे **अनुबंध VII** में दिए गए हैं।

वर्ष के दौरान वर्ष 2009 से 2014 तक की अवधि के लिए टैरिफ के पुनरीक्षण के लिए ट्रूइंगअप कार्यों से संबंधित उक्त हाइड्रो केन्द्रों के अंतिम टैरिफ (2009–14) का अनुमोदन, नए आरंभ किए गए केन्द्रों, (2009–14) के अनंतिम टैरिफ का अनुमोदन, टैरिफ (2014–19) का अनुमोदन, पुनरीक्षण याचिकाएं, विविध याचिकाओं इत्यादि के संबंध में 38 याचिकाएं का कार्य किया गया। ब्यौरे **अनुबंध VIII** में दिए गए हैं।

7.6.1 निम्नलिखित नए हाइड्रो केन्द्रों से 2009–14 की अवधि के लिए अनंतिम/अंतिम उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिकाओं का निपटान किया गया:

क. एनएचपीसी के चटक हाईड्रो स्टेशन (4 x 11 = 44 मेगावाट)

ख. एनएचपीसी का चमेरा 3 हाइड्रो स्टेशन(3 x 77 = 231 मेगावाट)

ग. एनएचपीसी का टीएलडीपी 3 हाइड्रो स्टेशन (4x33=132 मेगावाट)

घ. एनएचपीसी का रामपुर हाइड्रो विद्युत परियोजना (6 x 66.68 = 412 मेगावाट)

ङ. एनएचपीसी का पारबती हाइड्रो विद्युत परियोजना स्टेज 3(4 x 130 = 520 मेगावाट)

7.6.2 निम्नलिखित हाइड्रो स्टेशनों की अंतिम/पुनरीक्षण ट्रूअप उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिकाओं का निपटान किया गया।

क टीएचडीसी लि. का टिहरी हाइड्रो परियोजना(4 x 250=1000 मेगा वाट)(2006–09 की अवधि के लिए)

ख. टीएचडीसी लि. का टिहरी हाइड्रो परियोजना (4 x 250 = 1000 मेगावाट)(2009–14 की अवधि के लिए)

ग. एनएचपीसी की टनकपुर हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3 x 31.4= 94.20 मेगावाट)(2009–12 की अवधि के लिए ट्रूअप)

घ एचएचडीसी की औकारेश्वर हाइड्रो विद्युत परियोजना (8 x 65 = 520 मेगावाट)(2007–09 की अवधि के लिए)

ङ नीपको की खंडौग हाइड्रो विद्युत स्टेशन (2 x 25= 50 मेगावाट) (2009–12 की अवधि के लिए ट्रूंगअप)

च नीपको की कोपली हाइड्रो विद्युत स्टेशन (2x25=50 मेगावाट) (2009–12 की अवधि के लिए ट्रूंगअप)

च. एनएचपीसी की चमैरा हाइड्रो विद्युत स्टेशन स्टेज 3 (3 x 77 = 231 मेगावाट)(2009–12 की अवधि के लिए ट्रूंगअप)

छ. एनएचपीसी की चमैरा हाइड्रो विद्युत स्टेशन स्टेज 2 (3 x 100= 300 मेगावाट)(2009–14 की अवधि के लिए ट्रूंगअप)

7.6.3 वास्तविक पूंजी व्यय (2009–14 पर आधारित) अवधि 2009–14 के लिए टैरिफ के पुनरीक्षण के लिए निम्नलिखित हाइड्रो स्टेशनों की ट्रूइंगअप याचिकाएं और 2009–14 की उन्नति के लिए टैरिफ का अनुमोदन की प्रगति / विचारार्थ हैं:

क. एनएचपीसी का टनकपुर हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3 x 31.4=94.20 मेगावाट)
ख. एनएचपीसी का दुलहस्ती हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x130=390 मेगावाट)
ग. एनएचपीसी का चमैरा स्टेज 1 हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x180=540 मेगावाट)
घ. एनएचपीसी का चमैरा स्टेज 2 हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x100=300 मेगावाट)
ङ. एनएचपीसी का चमैरा स्टेज 3 हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x77=231 मेगावाट)
च. एनएचपीसी का दौहलीगंगा हाइड्रो विद्युत स्टेशन (4x70=280 मेगावाट)
छ. एनएचपीसी का लोकटक हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x35=105 मेगावाट)
ज. एनएचपीसी का बैरासूल हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x60=180 मेगावाट)
झ. एनएचपीसी का रंगित हाइड्रो विद्युत स्टेशन (3x20=60 मेगावाट)
ञ. एनएचपीसी का सलाल हाइड्रो विद्युत स्टेशन (6x115=690 मेगावाट)
ट. एनएचपीसी का ऊरी–I हाइड्रो विद्युत स्टेशन (4x120=480 मेगावाट)
ठ. एनएचपीसी का नीमू बाजगू एचई स्टेशन (3x15=45 मेगावाट)
ड. एनएचपीसी का टीएलडीपी 3 एचई स्टेशन (4x33=132 मेगावाट)
ढ. एनएचपीसी का टीएलडीपी 5 एचई स्टेशन (3x170=510 मेगावाट)
ण. एनएचपीसी का यूरी 2 एचई स्टेशन (4x60 = 240मेगावाट)
त. एनएचपीसी का सेवा 2 एचई स्टेशन (4x120=480 मेगावाट)
थ. एनएचपीसी का चटक एचई स्टेशन (4x11=44 मेगावाट)
द. एनएचपीसी का परबती हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट स्टेज 3 (4x130 =520 मेगावाट)
ध. नीपको का खण्डोंग एचई स्टेशन (2x25=50 मेगावाट)
न. नीपको का कोपली एचई स्टेशन (4x50= 200 मेगावाट)
प. नीपको का कोपली स्टेज 2 एचई स्टेशन (3x25=75 मेगावाट)
फ. नीपको का दोयग एचई स्टेशन (3x25= 75मेगावाट)
ब. नीपको का रंग नदी एचई स्टेशन (3x135=405 मेगावाट)
भ. टीएचडीसी लिमिटेड का टेहरी हाइड्रो पावर परियोजना (4x250 =1000 मेगा)
म. एसजेवीएनएल का नाथपा झाखरी हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट (6X250=1500 मेगा)
य. एसजेवीएनएल का रामपुर हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट (6X68.66=412 मेगा.)
र. डीवीसी का मैथन हाइडल स्टेशन (2X20+1X23.20=63.20 मेगा.)
ल. डीवीसी का पंचेत हाइडल स्टेशन (2X40=80 मेगा.)
व. डीवीसी का तलैया हाइडल स्टेशन (2X2=4 मेगा.)
श. एनएचडीसी का ओंकारेश्वर हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट (8X65=520 मेगा.)
ष. एनएचडीसी का इंदिरासागर हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट (8X125=1000 मेगा.)
स. जेपीवीएल (प्राइवेट पावर प्लांट) का करचमवांगतू हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट (4X250=1000 मेगा.)

7.7 नवीकरणीय ऊर्जा

7.7.I वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान आरंभ की जाने वाली सौर थर्मल विद्युत परियोजनाओं और सौर पीवी के लिए बैंचमार्क पूंजी लागत मानदंड के निर्धारण के मामले में आदेश (स्व–प्रेरणा आदेश एसएम 005/2015 दिनांक 31.03.2015)

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए सौर पीवी विद्युत परियोजनाओं के लिए बैंचमार्क पूंजी लागत मानदंड 605.85 लाख रु प्रति मेगावाट निर्धारित किया।

आयोग ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए सौर थर्मल पावर पारियोजनाओं के लिए बैंचमार्क पूंजी लागत मानदंड 1200 लाख रु. प्रति मेगावाट निर्धारित किया।

7.7.2 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम 2012 के विनियम 8 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए जैनेरिक स्तरीकृत उत्पादन टैरिफ का अवधारण। याचिका संख्या एसएन/004/2004(स्वप्रेरणा) आदेश की तारीख 31.03.2015

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम 2012, (नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियम) 6.2.2012 को अधिसूचित किया। नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियम में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन केंन्द्रों की निम्नलिखित श्रेणियों के टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें और क्रियाविधि की व्यवस्था है:

क. पवन ऊर्जा परियोजनाएं
ख. लघु हाइड्रो परियोजनाएं
ग. बायोमास विद्युत परियोजनाएं
घ. गैर जीवाश्व ईंधन आधारित सह उत्पादन संयंत्र
ङ सौर फोटो वोल्टेक विद्युत परियोजनाएं
च. सौर थर्मल विद्युत परियोजनाएं
छ. बायोमास गैसफायर आधारित विद्युत परियोजनाएं
ज. बायोगैस आधारित विद्युत परियोजनाएं

नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियम के विनियम 8 के खंड 1 में यह व्यवस्था है कि 'आयोग नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक के लिए नियंत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के आरंभ में अग्रिम रूप से कम से कम

छह महीनों में स्वप्रेरणा याचिका के आधार पर जनेरिक टैरिफ अवधारित करेगा जिसके लिए विनिमयों के अंतर्गत मानदंड विनिर्दिष्ट किए गए हैं' आयोग ने 6.02.2012 को नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियम अधिसूचित किया और उसके बाद नियंत्रण अवधि के प्रथम, द्वित्तीय और तृत्तीय वर्ष के लिए जैनेरिक स्वप्रेरणा आदेश जारी किया। नवीकरणीय ऊर्जा विनियमों के विनियम 8 (1) के अंतर्गत अधिदेश के निर्वहन में आयोग ने 31.3.2015 के आदेश के माध्यम से नियंत्रण अवधि के चौथे वर्ष (अर्थात् वितीय 2015–16) के लिए नवीरकरणीय ऊर्जा जनैरिक टैरिफ को अवधारित किया। टैरिफ के ब्यौरे **अनुबंध IX** में दिए गए हैं:

7.8 पारेषण :

7.8.I पारेषण टैरिफ:-

देश में पारेषण प्रणाली तेज गति से बढ़ रही है और आयोग टैरिफ तथा संयोजकता निर्बाध पहुंच, अंतरराज्यिक पारेषण प्रभारों की शेयरिंग और अननुसूचित अर्न्तबदल (यूआई) एवं ट्रूइंगअप याचिकाओं, टैरिफ के अवधारण से संबद्ध कार्यों को संचालित करता है।

आयोग ने 1.4.2014 से 31.03.2019 से आरंभ होने वाली अवधि के लिए 12.03.2014 के राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम 2014 जारी किया। कई टैरिफ याचिकाएं पावरग्रिड द्वारा दाखिल की गईं और 31.3.2014 तक किए गए पूंजी व्यय की ट्रूइंगअप के लिए अन्य अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा दाखिल की गई और 2014–19 की अवधि के लिए पारेषण टैरिफ के अवधारण के लिए की गई।आयोग ने अनंतिम आदेश सहित अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली से संबद्ध याचिकाओं में कई आदेश जारी किए। अधिकांश टैरिफ याचिकाएं टैरिफ अवधि 2009–14 से संबंधित पावर ग्रिड द्वारा दाखिल की गई और कई याचिकाएं 2014–15 के दौरान आरंभ की गई आस्तियों के अवधारण के लिए थी।

आयोग ने याचिका संख्या (एसएम/2012) में दिनांक 14.03.2012 के आदेश के माध्यम से पीओसी पारेषण प्रभारों में गैस आईएसटीएस लाईनों को शामिल करने का प्रस्ताव किया और संवितरण के

लिए टैरिफ के अवधारण के लिए आयोग के समक्ष उपयुक्त आवेदन दाखिल करने के लिए इन अंतराज्यिक लाईनों के स्वामियों को निर्देश दिया। उक्त आदेश को ध्यान में रखते हुए, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, डीवीसी, केरल उत्तर प्रदेश असम, पंजाब ओडिशा आदि जैसे राज्यों में पीओसी संगणाओं में शामिल करने के लिए टैरिफ के अवधारण के लिए याचिका दाखिल की। 18.03. 2015 को आयोग द्वारा जारी किया गया एक आदेश निम्नानुसार दिया गया है :

याचिका संख्या 213/टीटी/2013 : केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम 2009 के अनुसार पीओसी पारेषण प्रभारों में समावेश के लिए याचिका संख्या 15/स्वप्रेरणा 2012 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के आदेश दिनांक 14.03.2012 के अनुसार विद्युत के अंतरराज्यिक पारेषण के लिए संयोगिक पारेषण लाइनों के हस्तक्षेप और अन्य राज्यों के साथ संबद्ध पारेषण लाइनों/तंत्र की स्वामित्व वाली आरवीपीएनएल के संबंध में टैरिफ का अवधारण।

आयोग ने राज्य प्रणालियों में विभिन्न कन्फ्रीगिरेशन की पारेषण लाइनों की कुल लंबाई और एआरआर प्रस्तुत करने के लिए राज्य कंपनियों को निर्देश दिया है जिसके लिए एआरआर राज्य आयोग द्वारा अनुमोदित है। तदनुसार सीकेटी किलोमीटर में पारेषण लंबाई के आधार पर और वर्ष 2009–10, 2010–11, 2012–13, और 2013–14 के लिए राज्य आयोग द्वारा अनुमोदन के आधार पर और संबंधित वर्षों के लिए लागत डाटा के आधार पर 1.07.2011 से 31.03.2012 की अवधि के लिए और वर्ष 2012–13 और 2013–14 की अवधि के लिए पारेषण आस्तियों के लिए वाईटीसी संगणित की गई थी।

उक्त आदेश में आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि याचिका संख्या 2013/टीटी/2013 में अपनाई गई प्रणाली पीओसी तंत्र में समावेश के प्रयोजन के लिए संबंधित आरपीसी द्वारा विधिवत प्रमाणित विद्युत के अंतरराज्यिक पारेषण के लिए प्रयुक्त अन्य एसटीयू द्वारा स्वामित्व लाइनों के लिए एक समान रूप से अपनाई जाएगी। इसके अलावा याचिका में कवर की गई आस्तियों के लिए अनुमत वार्षिक पारेषण प्रभार पर शेयरिंग विनियमों के अनुसार वाईटीसी पर विचार किया जाएगा और राज्य आयोग द्वारा अनुमोदित याचिकाकर्ता एआरआर में समायोजित किया जाएगा।

7.8.2मानिटंरिंग एवं ग्रिड अनुशासन का प्रवर्तन

अन्य बातों के साथ साथ भारतीय विद्युत ग्रिड कोड में यह व्यवस्था है कि एनएलडीसी राष्ट्रीय ग्रिड की ग्रिड सुरक्षा और प्रचालनों की मानिटरिंग के लिए उत्तरदायी होगी। और आरएलडीसी संबंधित क्षेत्र में विद्युत प्रणाली के संमन्वित प्रचालन और प्रचालनों की मानिटरिंग के लिए उत्तरदायी होगी।

एनएलडीसी और आरएलडीसी ने कंपनियों द्वारा ग्रिड कोड के उल्लंघन के संबंध में कई याचिकाएं दाखिल की। आयोग ने उल्लंघनों में शामिल पार्टियों की सुनवाई के बाद कंपनियों द्वारा ग्रिड अनुशासन की मानिटरिंग और प्रवर्तन के लिए कई आदेश जारी किए। आयोग के कुछ आदेश नीचे दिए गए हैं:

7.8.2.I याचिका संख्या 448/आरसी/2014 : दिनांक 21.02.2014 के आदेश के अनुपालन के के लिए समय बढ़ाने की मांग करने के लिए विनियामक अनुपालन आवेदन संख्या 220/एमपी/2012 में पारित किया गया।

पावर ग्रिड ने आरपीसी के आवश्यक निर्देशों की मांग करने के लिए याचिका संख्या 220/एमपी/2012 दाखिल कीः ;(i) संरक्षण लेखा परीक्षा के दौरान पाई गई कमियों को सुनिश्चित करना। (ii) 20 अगस्त 2010 की अधिसूचना के अनुसार नियंत्रण प्रणाली एवं सभी प्रकार के सुरक्षा के कार्यान्वयन (iii) संबंधित संघटकों द्वारा ग्रिड की स्थिरता और विश्वनीयता के सुधार के लिए नियंत्रण प्रणाली और संरक्षण प्रणाली की दुरस्तता की मानिटंरिंग और (iv) समन्वित ग्रिड के स्थिर के और विश्वनीय प्रचालन के लिए प्रणाली में परिवर्तनों/संशोधनों को ध्यान में रखते हुए संरक्षण प्रणालियों के विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा।

आयोग ने दिनांक 21.02.2014 के आदेश के माध्यम से प्रत्येक एसटीयू और सीटीयू को निर्देश दिया कि इस आदेश को जारी करने के एक महीने के

अंदर प्रत्येक कमी के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करे जिसमें कमियों को स्पष्ट रूप से बताया गया है जिसे बिना किसी आवाप्ति के ठीक किया जा सके। (श्रेणी 1) और उपकरण की अवाप्ति को शामिल करते हुए कमियों(श्रेणी ख) को ठीक किया जा सके। आयोग ने शेष कमियों को ठीक करने के लिए निर्देश दिया कि इन्हें आदेश के जारी होने के दो महीने के अंदर श्रेणी 1 में शेष कमियों को ठीक किया जाए और आदेश के जारी होने के छह महीने के अंदर श्रेणी ख की कमियों को ठीक किया जाए। संबंधित आरपीसी को इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि आवाप्ति प्रक्रिया में विलंब या निधियों की गैर उपलब्धता के कारण स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

याचिकाकर्ता के लिए विद्वान परामर्शदाता की प्रतिबद्धता को नोट करते हुए और कार्य को ठीक करने व अवाप्ति की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आयोग ने कमियों को ठीक करने को पूरा करने के लिए 31.03.2015 तक की समय की अनुमति दी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की और समय बढ़ाने की अवधि स्वीकार नहीं की जाएगी। और याचिकाकर्ता को 31.03.2015 तक इस कार्य को सुनिश्चित करना होगा।

7.8.2.2 याचिका संख्या 005/एसएन/2014

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010 के विनियम 5.4.2(घ) का गैर अनुपालन। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010 के विनियम 5.4.2(घ) ग्रिड कोड में संबंधित राज्य विद्युत बोर्डों/वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से राज्य भार प्रेषण केन्द्र द्वारा मांग प्रबंधन कार्यान्वयन की व्यवस्था है। आयोग के नोटिस में आया है कि स्वचालित मांग प्रबंधन योजनाएं या तो अप्रभावी है या कई अधिकांश राज्यों में अभी कार्यान्वित की जानी है। तदनुसार आयोग ने अन्य बातों के साथ साथ सभी एसएलडीसी को स्वचालिक भार प्रबंधन योजना की मौजूद स्थिति को दाखिल करने का निर्देश दिया है। पार्टियों की सुनवाई के बाद आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा है प्रत्यर्थी न केवल आयोग के निर्देशों का अनुपालन करने में असफल हुए हैं बल्कि अधिनियम और ग्रिड कोड के अंतर्गत अपने उतरदायित्व का निर्वाह करने में भी असफल हुए है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए आयोग ने हमारे निर्देशों के गैर अनुपालन के लिए और अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत स्वचालित भार प्रबंधन योजना के कार्यान्वयन के संबंध में अधिनियम और ग्रिड कोड के उपबंधों के गैर अनुपालन के लिए प्रत्यर्थी राज्य पारेषण कंपनियों/राज्य भार प्रेषण केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

इस मामले पर सुनवाई 22.05.2014 को आयोजित की गई। आयोग अंतिम आदेश जारी करने की प्रक्रिया में है।

7.8.2.3 याचिका संख्या 006/एसएम/2014 : उत्तरी क्षेत्रीय ग्रिड तथा अंतरसंबंध भारतीय ग्रिड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010 के विनियम 5.2(एन) का गैर अनुपालन

एनआरएलडीसी ने याचिका संख्या 221/एमपी/2012 दाखिल की जिसमें ग्रिड कोड के विनियम 5.2(एन) के अनुपालन के लिए राज्य कंपनियों को निदेश जारी करने की मांग की। पार्टियों की सुनवाई के बाद आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि राज्य कंपनियों ने ग्रिड कोड के उपबंधों का अनुपालन नहीं किया।

तदनुसार आयोग ने याचिका संख्या 221/एमपी/2012 में 23.12.2013 के आदेश के माध्यम से एसएलडीसी के प्रमुखों को और ग्रिड कोड के गैर अनुपालन के पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मूकाश्मीर के एसटीयू के एमडी/सीएमडी तथा चंडीगढ़ के विद्युत विभाग के प्रमुख को अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

7.8.2.4 याचिका संख्या 008/एसएम/2014 में 20.06.2014 का आदेश ; विद्युत अधिनियम की धारा 29 और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010 के विनियम 5.2(आर) 5.4.2 (ए)(जी)(एच) और (1), 6.4.12, 6.5.20, 6.5.27, 5.7.4(सी)(जी)(iv) और 4.6.3 तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड के संयोजकता के लिए तकनीकी मानदंड) विनियम 2007 के

विनियम 6 (4)(ए) और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड मानक) विनियम 2010 के विनियम 3(ई)

उत्तरी क्षेत्रीय ग्रिड लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर दिनांक 30.07.2012 को खराब हुआ और उत्तरी, पूर्वी, और पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी ग्रिडों में 31.7.2012 को लगभग 13:00 बजे खराबी आई। ग्रिड की खराबी से कई राज्यों में अंधेरा हो गया और लोगों को कई घंटो तक बिना बिजली के रहना पड़ा तथा इससे लोगों के जीवन में संचार व्यवस्था, अनिवार्य सेवाएं, उद्योग अर्थव्यवस्था और उनका जीवन प्रभावित हुआ। ग्रिड व्यवधान के प्रमाण और गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए आयोग ने स्वतः अपनी ओर से कार्रवाई की और सीईओ पावर सिस्टम आपरेशन कार्पोरेशन लि(पोसोको) और सीईओ, केन्द्रीय पारेषण कंपनी (सीटीयू) को निर्देश दिया की ग्रिड खराबी की जांच करें और आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पोसोको और सीटीयू द्वारा संयुक्त रूप से विस्तृत जांच करने के बाद पोसोको ने 9.8.2012 को रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर और संबंधित पार्टियों की सुनवाई के बाद आयोग ने याचिका संख्या 167/एसएम/2012 में 22.2.2014 के आदेश के माध्यम से इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि हरियाणा, उ.प्र. राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब मध्यप्रदेश, डब्ल्यूआरएलडीसी, एनआरएलडीसी, एनटीपीसी और पावर ग्रिड ने विद्युत अधिनियम 2003, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010(ग्रिड कोड) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण(ग्रिड की संयोजकता के लिए तकनीकी मानक) विनियम 2007, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण तकनीकी मानक और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड मानक) विनियम 2010, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड मानक) के विभिन्न उपबंधों का उल्लंघन किया है।

मामले पर सुनवाई 30.9.2014 और 12.2.2015 को की गई सुनवाई के दौरान प्रत्यर्थियों ने दोहराया कि उन्होंने याचिका संख्या 167/एसएम/2012 मे सुनवाई के दौरान/शपथ पत्र के माध्यम से निवेदन किया है। इसके अलावा सभी प्रत्यर्थियों ने यह भी बताया है कि उन्होंने विद्युत अधिनियम तथा ग्रिड कोड, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण तकनीकी मानक और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड मानक) के अंतर्ग अपने सांविधिक कर्त्तव्यों का पूर्ण पालन करने का प्रयास किया है और उनको जारी किए गए निर्देशों का उन्होंने जानबूझकर गैर अनुपालन नहीं किया है।

आयोग ने याचिका संख्या 167/एसएम/2012 में 22.02.2014 के आदेश में राष्ट्रीय विद्युत समिति को निर्देश दिया कि केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सीईए, इंजीनियरिंग प्रभाग के प्रतिनिधियों तथा अन्य को शामिल करते हुए कार्यदल गठित किया जाए और ग्रिड स्थिरता के संबंध में तकनीकी अध्ययन किया जाए जिसमें व्यवधानपूर्ण परिदृश्य, 23.7.2012 से 31.7.2012 तक प्रत्येक आकस्मिकता पर विचार तथा पूर्वी क्षेत्र–पश्चिमी क्षेत्र, और पश्चिमी क्षेत्र–उत्तरी क्षेत्र पर टीटीसी उल्लंघन का प्रभाव और 400 बिना ग्वालियर लाइन की ट्रिपिंग के बाद कैस्केट ट्रिपिंग की सेम्यूलेशन को कवर किया जा रहा है। कार्यदल ने विस्तृत विद्युत प्रणाली अध्ययन किया जिसमें भार प्रवाह सिम्यूलेशन, एटीसी/टीटीसी उल्लंघन और आकस्मिकता विश्लेषण एवं स्थिरता अध्ययन से प्रणाली गतिशीलता इत्यादि को 23 जुलाई 2012 से 31 जुलाई 2012 तक की अवधि के दौरान विभिन्न ग्रिड स्थितियों के लिए किया और आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यदल की रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि पश्चिमी क्षेत्र संघटकों की कम निकासी से उत्तरी क्षेत्र संघटकों द्वारा अधिक निकासी के लिए पर्याप्त कारिडोर की अनुमति हुई जिससे उत्तरी क्षेत्र– पश्चिमी क्षेत्र कारीडोर और पश्चिमी क्षेत्र–पूर्वी क्षेत्र कारीडोर में एटीसी/टीटीसी का उल्लंघन हुआ। यह स्थिति उत्तरी क्षेत्र –पश्चिमी क्षेत्र के बीच महत्वपूर्ण पारेषण लिंक के नियोजित आउटेज की अनुमति से हुई।

आयोग ने उपरिलिखित कंपनियों के समन्वित निष्क्रियता या जानबूझकर की गई लापरवाही जिससे 30 और 31 जुलाई 2012 को ग्रिड व्यवधान हुआ उसके लिए अप्रसन्नता व्यक्त की। इस संबंध में अंतिम आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा।

7.8.3 निर्बाध पहुंच का प्रवर्तन :

निर्बाध पहुंच, विद्युत अधिनियम, 2003 की एक आधारशिला है। आयोग को अंतरराज्यिक पारेषण प्रणालियों के लिए निर्बाध पहुंच को सुकर बनाने के कृत्य सौंपे गए है। आयोग ने केन्द्रीय विद्युत

विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में संयोजकता, दीर्घकालिक और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और उससे संबद्ध मामले) विनियम 2009 और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) विनियम, 2008 जारी किए गए जो अंतरराज्यिक पारेषण प्रणालियों में दीर्घकालिक पहुंच, मध्यकालिक निर्बाध पहुंच और अल्पकालिक पहुंच को सुकर बनाते हैं। 2014–15 की अवधि के दौरान आयोग ने अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए याचिकाओं का निपटान किया।

7.8.3.1 आईए न. 43/2014, 51/2014, 52/2014, 54/2014, 56/2014 और 59/2014 के साथ याचिका संख्या 92/एमपी/2014 में 16.2.2015 का आदेश : विनियमों के उपबंधों का उल्लंघन करने वाले मध्यकालिक निर्बाध पहुंच के यादृच्छिक मनाही के मामले में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता प्रदान करने, दीर्घकालिक और अल्पकालिक निर्बाध पहुंच और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के विनियम 32 एवं विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 (1)(सी) के अंतर्गत याचिका।

7.8.3.2 याचिका संख्या 376/एमपी/2014 में 16.2.2015 का आदेश : विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 (1)(के) और धारा 79 (1)(एफ) के साथ पठित धारा 79 (1)(ग) के अंतर्गत याचिका जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 के उपबंधों को यादृच्छिक एवं अनुचित डेहोर्स के रूप में दिनांक 22.9.2014 के पत्र को घोषित करते हुए आदेश या उचित निर्देश की मांग की गई थी और केन्द्रीय पारेषण कंपनी द्वारा प्रस्तुत आईएसटीएस में संयोजकता प्रदान करने के लिए आवेदन करने के लिए विस्तृत क्रियाविधि तथा केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता प्रदान करने, दीर्घकालिक और अल्पकालिक निर्बाध पहुंच और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के विनियम 27 (1) के अंतर्गत इस आयोग द्वारा अनुमोदित किया।

7.8.3.3 याचिका संख्या 382/एम/2014 में दिनांक 16.2.2015 का आदेश : अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में दीर्घकालिक पहुंच प्रदान करने के लिए याचिकाकर्ता, उत्पादन कंपनी, प्रत्यर्थी, केन्द्रीय पारेषण कंपनी और नोडल एंजेसी के बीच उत्पन्न विवादों के संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 (1)(एफ) के अंतर्गत याचिका।

7.8.3.4 याचिका संख्या 393/एम/2014 में दिनांक 16.2.2015 का आदेश : अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में दीर्घकालिक पहुंच प्रदान करने के लिए याचिकाकर्ता, उत्पादन कंपनी, प्रत्यर्थी, केन्द्रीय पारेषण कंपनी और नोडल एंजेसी के बीच उत्पन्न विवादों के संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 (1)(के) और 79 (1)(एफ) के साथ पठित धारा 79 (1)(ग) के अंतर्गत याचिका जिसमें अन्य बातों के साथ साथ विद्युत अधिनियम 2003 और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता प्रदान करने, दीर्घकालिक और अल्पकालिक निर्बाध पहुंच और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के उपबंधों के विपरीत और पक्षपातपूर्ण एवं अवैध यादृच्छिक, कपटपूर्ण, अवैध के रूप में 22.9.2014 के पत्र के माध्मय से प्रत्यर्थी संख्या 1 द्वारा मौजूदा लाईनों लीलो पर एलटीए के आवंटन की घोषणा के आदेश या समुचित निर्देश की मांग की गई।

7.8.3.5 याचिका संख्या 25/आरपी/2014 में 16.2.2015 का आदेश : केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता प्रदान करने, दीर्घकालिक और अल्पकालिक निर्बाध पहुंच और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के विनियम 32 एवं विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 94 (1)(एफ) के साथ पठित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79(1)(सी) के अंतर्गत याचिका जिसमें दिनांक 8.8.2014 और 5.9.2014 के मांगों की पुनरीक्षण की मांग की गई और जून 2013 में प्राप्त आवेदनों के लिए एमटीओए प्रदान करने की सैटिंअसाईड की मांग की गई।

केरल राज्य विद्युत बोर्ड लि.(केएसईबीएल) में याचिका संख्या 92/एमपी/2014 में याचिकाकर्ता ने केन्द्रीय पारेषण कंपनी द्वारा मध्यकालिक निर्बाध पहुंच की मनाही को चुनौती दी जिसके लिए केएसईबीएल की ओर से एनवीवीएन लि. और पीटीसी इंडिया लि. द्वारा आवेदन किए गए थे। केन्द्रीय पारेषण कंपनी द्वारा मध्यकालिक निर्बाध पहुंच की मनाही से व्यथित होने पर याचिका संख्या 376/एमपी/2014, 382/एमपी/2014 और 392/एमपी/2014 और 25/आरपी/2014 को कुछ अन्य कंपनियों द्वारा दाखिल किया गया।

आयोग ने 16.2.2015 के आदेश के माध्यम से केन्द्रीय पारेषण कंपनी और सभी याचिकाकर्ताओं के मदों पर विचार करने के बाद निर्देश जारी किए। आयोग ने कई मुद्दें जैसे जून 2014 माह में पारेषण मार्जिन की संगणना, दीर्घकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए एटीसी की संगणना के लिए निर्माण के अंतर्गत प्रणाली पर विचार करना, अगले पात्र प्रत्यर्थी को अप्रयुक्त दीर्घकालिक निर्बाध पहुंच क्षमता के आवंटन, विक्रय क्रय करार के रूप में एलओआई पर विचार करना, विद्युत बाजार के विकास के लिए एमटीओए और एसटीओए के लिए क्षमता का रिजर्वेशन, एनटीओए के लिए आवेदन करते समय आवेदन फीस के भुगतान का ढंग, लीलो व्यवस्था पर एलटीए प्रदान करना, क्षेत्र के परिवर्तन के लिए नए आवेदन की आवश्यकता एमटीओए और एलटीओए के लिए आवेदनों की प्रोसेसिंग, अंशतः एलटीए का प्रचालनीकरण, इसके निपटान पर अनआवंटित में से विद्युत मंत्रालय द्वारा आवंटित विद्युत का संव्यवहार तथा क्षेत्र की परिवर्तन की स्थिति में छोड़े गए प्रभारों का भुगतान पर विचार किया है।

7.8.3.6 याचिका संख्या 311/एमपी/2013 में 5.1.2015 का आदेश : विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 38(2)(सी)(डी) के साथ पठित 79 (एफ)सी के अंतर्गत याचिका और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता प्रदान करने, दीर्घकालिक और अल्पकालिक निर्बाध पहुंच और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के विनियम 8.8 के परंतुक जिसमें आन्ध्र प्रदेश के श्री काकूल्लम राज्य में 2640 मेगावाट भावनपादू थर्मल पावर परियोजना से विद्युत की शून्यीकरण के लिए संबद्ध पारेषण प्रणाली के निर्माण के लिए प्रथ्यर्थी के विरुद्ध निर्देश की मांग की गई।

एक उत्पादन कंपनी याचिकाकर्त्ता प्रत्येक 1320 मेगावाट के 2 चरणों में भावनापादू थर्मल पावर परियोजना के 2640 मेगावाट का कार्यान्वयन कर रहा है। प्रथम चरण के पहले और दूसरे यूनिट क्रमशः दिसम्बर 15 और मार्च 2016 में आरंभ किए जाने की लिए अधिसूचित है। दूसरा चरण पहले चरण के बाद 12 से 18 महीने के अंतराल के बाद तदन्तर आरंभ होने के लिए अनुसूचित है। याचिकाकर्त्ता ने सभी सरकारी और विनियामक क्लीयरैंस और अनुमोदन प्राप्त कर लिए हैं और परियोजना अब निमार्णाधीन है। याचिकाकर्ता ने याचिकाकर्ता द्वारा आफर की गई भूमि के प्लाट पर पूंलिग स्टेशन के निर्माण के लिए सीटीयू को निर्देश की प्रार्थना की है, सीटीयू के पूलिंग स्टेशन के लिए याचिकाकर्त्ता के उत्पादन केन्द्र से समर्पित पारेषण लाइन के निर्माण के लिए सीटीयू को निर्देश दे और याचिकाकर्ता के लिए स्टार्टअप पावर प्रदान करने के लिए सीटीयू को निर्देश दे और बेज के निर्माण के लिए सीटीयू के पास याचिकाकर्ता द्वारा जमा धन की वापसी के लिए सीटीयू को निर्देश दे।

11.10.2007 को याचिकाकर्ता ने आन्ध्रप्रदेश राजस्थान, कर्नाटक पंजाब और गोवा को विद्युत की बिक्री के लिए एनटीए प्रदान करने के लिए पावरग्रिड सीटीयू को आवेदन प्रस्तुत किया। 18.2.2009 को उत्पादन विकासकर्ता के साथ सीटीयू द्वारा बैठक आयोजित की गई जिसमें दक्षिण क्षेत्र में सिरीकाकुल्लम और पूर्व गोदावरी में स्थित दीर्घकालिक निर्बाध पहुंच की मांग की गई। उक्त बैठक में यह संकेत दिया गया कि प्रथम दृष्टया 2 गुणा 765 केवी पूलिंग स्टेशनों की स्थापना की अपेक्षा होगी।(2) पूर्वी गोदावरी राज्य में एक 765 केवी पूलिंग स्टेशन और आन्ध्र प्रदेश में श्रीकाकुल्लम राज्य में दूसरा। पीजीसीआईएल द्वारा प्रस्तुति के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि पूलिंग स्टेशन का स्थान किस प्रकार से चयन किए जाने की अपेक्षा होगी कि परिसर में परियोजनाओं को विद्युत को समर्पित पारेषण लाइनों के माध्यम से पूलिंग स्टेशन की ओर सरलता से लाया जा सकता है।

आयोग ने 5.1.2015 के आदेश के माध्यम से उत्पादन स्विच यार्ड में पूलिंग स्टेशन के निर्माण के लिए सीटीयू को निर्देश देने के लिए याचिकाकर्ता की प्रार्थना को रद्द किया। आयोग ने यह पाया कि

याचिकाकर्ता ने क्रमशः 5.6.2011 और 13.1.2014 को विद्युत मंत्रालय से विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 68 और धारा 164 के अधीन पहले ही अनुमोदन प्राप्त कर लिया है और श्रीकुकुल्म पूलिंग स्टेशन के लिए उत्पादन स्विचयार्ड से इसकी समर्पित पारेषण लाइन के लिए याचिकाकर्ता को आदेश दिया है जो बीपीटीए के अनुसार इसकी परिधि में आती है। श्रीकाकुल्म में 400 केवी उपकेन्द्र में 2 बेज के निर्माण के लिए अग्रिम रूप से प्रदत्त धन की वापसी के लिए सीटीयू को निर्देश देने की याचिकाकर्ता की प्रार्थना रद्द कर दी गई। इसके अलावा आयोग ने निर्देश दिया कि यह याचिकाकर्ता का उत्तरदायित्व है कि वह उत्पादन परियोजना को आंरभ करने के लिए स्टाटअप पावर की व्यवस्था करें और इस संबंध में कोई निर्देश सीटीयू को जारी नहीं किए जा सकते।

7.8.3.7 याचिका संख्या 187/एमपी/2014 में 11.9.2014 का आदेश : धारा 79 (आई)(के) के साथ पठित धारा 66 के अंतर्गत याचिका और विद्युत अधिनियम 2003 की अन्य उपयुक्त उपबंधों के अंतर्गत याचिका जिसमें उचित आदेशों/निर्देशों को पारित करने के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग की मांग की गई ताकि भूटान में दग्छू हाइड्रो पावर कार्पोरेशन द्वारा विकसित की जा रही हाइड्रो उत्पादन परियोजना से विद्युत के आयात के लिए याचिकाकर्ता समर्थ हो सके।

याचिकाकर्ता, टाटा पावर कंपनी लि. और ड्रग ग्रीन पावर कार्पोरेशन लि. (भूटान उपक्रम की एक रायल सरकार) की पूणतः निजी स्वामित्व की अनुषंगी ने जेवी अर्थात भूटान में 126 मेगावाट हाइड्रोपावर परियोजना के विकास के लिए दाग्छू हाइड्रो पावर कार्पोरेशन में प्रवेश किया। याचिकाकर्ता ने यह निवेदन किया कि परियोजना प्रारंभ होने की उन्नत स्थिति में है और शीघ्र ही वाणिज्यिक प्रचालन के अंतर्गत घोषित किए जाने की संभावना है। डीएचपीसी से विद्युत के आयात के उद्देश्य से याचिकाकर्ता ने संयोजकता और निर्बाध पहुंच के लिए कई अवसरों पर पीजीसीआईएल, ईआरएलडीसी और ईआरपीसी सहित संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क किया। याचिकाकर्ता ने भूटान से आयात के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए विद्युत मंत्रालय से संपर्क किया। जिससे विद्युत मंत्रालय ने सूचित किया कि भूटान से विद्युत के आयात के लिए डीजीएफटी से अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ता ने यह अनुरोध किया कि डीएचपीसी से अपेक्षित प्राधिकार प्राप्त करने के बाद याचिकाकर्ता ने पोसोको को निर्बाध पहुंच और संयोजकता प्रदान करने के लिए आवेदन किया। जिसमें याचिकाकर्ता को डीएचपीसी से विद्युत की आयात के लिए पर्याप्त तंत्र अवधारण के लिए आयोग से संपर्क करने के लिए सलाह दी। पार्टियों की सुनवाई के बाद आयोग ने याचिकाकर्ता, पोसोको और ईआरपीसी को निर्देश दिया कि सामाधान के लिए आयोग के स्टाफ की उपस्थिति में अंतर्गस्त मुद्दों पर विचार विमर्श करें।

इस संबंध में एक बैठक 4 और 5 सितम्बर 2014 को की गई जिसमें अंतरिम व्यवस्था की गई। अंतरिम व्यवस्था के संबंध में पार्टियों में एक मद को ध्यान में रखते हुए आयोग ने अगले आदेश तक दाग्छू परियोजना से अंतःक्षेपित विद्युत की ऊर्जा लेखांकन और अनुसूचीकरण के लिए अंतरिम व्यवस्था को अनुमोदित किया। आयोग ने याचिकाकर्ता और प्रत्यर्थियों को निर्देश दिया कि दो लेखांकन चक्रों के लिए प्रादेशिक ऊर्जा लेखों को तैयार करने के बाद अंतरिम व्यवस्था के बादे में आयोग को सूचित करें। आयोग को दूसरे चक्र के लिए प्रादेशिक ऊर्जा लेखा को जारी करने के बाद 15 दिनों के अंदर अंतरिम व्यवस्था के कार्य के बारे में सूचित किया जाएगा। उसके बाद आयोग यथापेक्षित विचार करेगा।

7.8.3.8 निर्बाध पहुंच प्रवर्तन के लिए आयोग द्वारा निपटाई गई अन्य याचिकाएं : निर्बाध पहुंच प्रवर्तन के लिए आयोग द्वारा निपटाई गई अन्य याचिकाएं वर्ष 2014–15 के दौरान निर्बाध पहुंच प्रवर्तन के लिए आयोग द्वारा निपटाई गई अन्य याचिकाओं में आईए संख्या 19/2014 के साथ याचिका संख्या एमपी/0एससी/2014 याचिका संख्या 52/एमपी/2014, याचिका संख्या 83/एमपी/2013 इत्यादि शामिल हैं।

7.8.4 पारेषण आस्ति के कार्यान्वयन के लिए विनियामक अनुमोदन

7.8.4.1 याचिका संख्या 153/एमपी/2013 में 24.7.2014 का आदेश : एनसीसी पावर परियोजना लि. को संयोजकता प्रदान करने सहित संयोजकता में अपेक्षित पारेषण प्रणाली के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करने के लिए केन्द्रीय

विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता प्रदान करना दीर्घकालिक और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच और संमद्ध मामले) विनियम 2009 के साथ पठित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(केन्द्रीय पारेषण कंपनियों को अंतरराज्यिक पारेषण योजना के कार्यनिष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करना) विनियम 2010 के अधीन अनुमोदन।

याचिकाकर्ता पावर ग्रिड ने चुनिंदा पारेषण प्रणालियों के कार्यान्वयन के लिए विनियामक अनुमोदन के लिए और पीओसी प्रभार प्रणाली विज्ञान में आस्तियों को शामिल करने के लिए निवेदन करने के लिए उपरिलिखित याचिका दाखिल की है।

याचिकाकर्ता ने एनसीसी विद्युत परियोजना लि. के लिए पारेषण प्रणाली हेतु विनियामक अनुमोदन के लिए अनुरोध किया है। हमारा यह विचार है कि विद्युत इन कारिडोरों की स्थापना के कारण उपलब्ध होगा और विशेष रूप में उद्योग के विकास में और समग्र रूप में अर्थव्यवस्था के लिए उपलब्ध होगा। विद्युत परियोजना तटीय क्षेत्रों में स्थित है और इन परियोजनाओं से विद्युत को दक्षिण या राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से क्षेत्रों में भार केन्द्रों में लाया जाना है जिसके लिए पारेषण प्रणाली का विकास अपेक्षित है इसलिए पारेषण प्रणाली के कार्यान्वयन की आवश्यकता है ताकि उत्पादन केन्द्र से उत्पादन कड़ा न हो। तदनुसार हम एनसीसी विद्युत परियोजना लि. के लिए संयोजकता हेतु पारेषण प्रणाली के निष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन विनियमों के विनियम 3 और 6 के साथ पठित संयोजकता विनियमों के विनियम 8 (8) के अधीन विनियामक अनुमोदन की सहमति प्रदान करते हैं।

याचिकाकर्ता ने आयोग द्वारा अधिसूचित टीएसए के अंतर्गत पारेषण प्रणाली को शामिल करने के लिए अनुमोदन प्रदान करने का निवेदन किया है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि चूंकि ये योजनाएं सीटीयू और सीईए द्वारा पारेषण प्रणाली की समन्वित योजना का भाग है इसलिए पारेषण प्रणाली शेयरिंग विनियमों के अंतर्गत इस आयोग द्वारा अनुमोदिन टीएसए का भाग होगी। हम आईपीपी के उत्पादन परियोजना की प्रगति सहित संयोजकता लाइन की तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सीटीयू को निर्देश दे सकते है।

आयोग ने यह पाया है कि याचिकाकर्ता ने अत्यंत विलंब से विनियामक अनुमोदन प्रदान करने के लिए मौजूदा याचिका दाखिल की है। एलटीए जून 2012 में प्रदान किया गया था और तदनुसार उसी माह में आधिकारिक समिति में परियोजना के लिए विनियामक अनुमोदन की मांग के लिए सीटीयू को निर्देश दिया था। तथापि याचिकाकर्ता ने अगस्त 2013 माह में मौजूदा याचिका दाखिल की। याचिकाकर्ता समय से पारेषण प्रणाली के कार्यानिष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन की मांग करने के संबंध में अपनी कर्त्तव्यों के निर्वहन में असफल रहा। विनियामक अनुमोदन बोली के लिए प्रोसेसिंग से पूर्व प्राप्त किया जाना चाहिए। अब स्थिति में जब उत्पादन केन्द्र निर्माण की उन्नत स्थिति में है तो कार्य के निष्पादन में किसी प्रकार विद्युत में व्यवधान उत्पन्न करना होगा। यह अधिनियम की धारा 38 के अधीन विनिर्दिष्ट गतिविधियों के समन्वय के लिए सीटीयू का हिस्सा होगा और समय से कार्रवाई के लिए आईएसटीएस अनुज्ञप्ति के रूप में पीजीसीआईएल को सलाह देगा। आयोग ने सीटीयू और पीजीसीआईएल को निर्देश दिया कि इस आदेश के जारी होने के 15 दिन के अंदर इस संबंध में समुचित कार्रवाई न करने के लिए कारणों को स्पष्ट किया।

7.8.4.2 29/एमपी/2015 : विद्युत की धारा 79 (1)(सी)(के) के साथ पठित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 38(2) की याचिका (i) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(केन्द्रीय पारेषण कंपनियों को अंतरराज्यिक पारेषण योजना के कार्यनिष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करना) विनियम 2010 (ii) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग कारबार का संचालन, विनियम 1999 के विनियम 111 और 114 है। (iii) केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण प्रभारों की शेयरिंग और हानियां) विनियम 2010 अंततपुर राज्य आंध्रप्रदेश में 1000 मेगावाट की क्षमता वाले अल्ट्रामेगा सौर विद्युत पार्क के लिए पारेषण प्रणाली के कार्यनिष्पादन के लिए विनियामक अनुमोदन प्रदान करना।

यह याचिका 8.1.2015 को पावर ग्रिड द्वारा दाखिल की गई जिसमें याचिकाकर्ता को सौंपी गई पारेषण प्रणाली के कार्यनिष्पादन के लिए विनियम अनुमोदन प्रदान करने का अनुमोदन किया गया। पीओसी तंत्र में आस्ति को शामिल करने के लिए

अनुमोदन प्रदान करने का निवेदन किया गया। यह याचिका 10.2.2015 को सुनवाई के लिए आई जिसमें आयोग द्वारा यह स्वीकार किया गया। इस संबंध में सुनवाई जारी है और इस संबंध में अंतिम आदेश सुनवाई पूरा होने के बाद जारी किया जाएगा।

7.8.5 पुनरीक्षण याचिकाएं

7.8.5.I याचिका संख्या 263/एमपी/2012 में पुनरीक्षण याचिका संख्या 7/आरपी/2014 में 24.12.2014 का आदेश : केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) के विनियम 5.2 के अनुसार दक्षिण क्षेत्र में समन्वित सुरक्षित ग्रिड प्रचालन को सुरक्षित करने और रखरखाव से संबंधित याचिका संख्या 263/एमपी/2012 में 19.12.2013 के आदेश का पुनरीक्षण।

पुनरीक्षण याचिकाकर्ता, राज्य भार प्रेषण केन्द्र ऐपट्रेंस्कों इस पुनरीक्षण याचिका को दाखिल किया। जिसमें याचिका संख्या 263/एमपी 2012 में जिसमें दिनांक 19.12.2013 के आयोग के आदेश की पुनरीक्षण की मांग की गई जिसमें अन्य बातों के साथ साथ आयोग ने दक्षिण क्षेत्र के संघटकों को निर्देश दिया जिसमें यूएफआर की स्थापना के लिए अधिक फीडरों का पता लगाने के लिए पुनरीक्षण याचिका और समय समय से एसआरपीसी द्वारा यथानिर्णित राहत सुनिश्चित करने के लिए डीएफ/डीटी रिले तथा दक्षिण प्रादेशिक विद्युत समिति को ब्यौर प्रस्तुत करना शामिल है। संघटकों को यह निर्देश दिया गया कि एसआरएलडीसी और एसआरपीसी द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए जिसमें एयूएफआर द्वारा राहत की मात्रा के कार्यान्वयन और डीएफ/डीटी रिले की उचित कार्यप्रणाली को आदेश जारी होने के एक माह के अंदर दिया जाए।

पुनरीक्षण याचिका का मुख्य तर्क इस आधार पर था कि इस प्रतिवाद आदेश में औसत मूल्य के आधार पर लक्षित मात्रा के निर्धारण में आयोग द्वारा पुनरीक्षण अपेक्षित है। चूंकि इससे आयोग के निर्देश का कार्यान्वयन असंभव हो जाएगा। यदि लक्षित मात्रा अधिकतम मांग स्थितियों के आधार पर निर्धारित की जाती है तो आयोग के निर्देशों का कार्यान्वयन संभव है।

पुनरीक्षण याचिकाकर्ता, एसआरएलडीसी, एसआरपीसी एसएलडीसी और सीईए की सुनवाई के बाद आयोग ने यह पाया कि विशेषज्ञ का यह मत है कि यूएफआर व्यवस्था या तो औसत भार या न्यूनतम भार पर होनी चाहिए और पुनरीक्षण याचिकाकर्ता के मत तक सीमित नहीं हो कि यूएफआर व्यवस्था अधिकतम भार के आधार पर होनी चाहिए। एसआरपीसी और एसआरडीसी ने औसत आधार पर भार राहत की सिफारिश की। मुख्य याचिका में 9.4. 2013 को सुनवाई के दौरान एसआरएलडीसी ने यह निवेदन किया कि एसआरएलडीसी की पीसीसी/ओसीसी की बैठक के दौरान पुनरीक्षण याचिकाकर्ता यूएफआर प्रचालन के लिए फीडरों में औसत भार के लिए सहमत हो गया। इसलिए हम यह अनुभव करते हैं कि औसत भार पर व्यवस्थित यूएफआर कार्यान्वित किया जा सकता है और तदनुसार हम 19.12.2013 के अपने आदेश के पुनरीक्षण के लिए कोई पर्याप्त कारण नहीं पाते हैं।

आयोग ने यह भी पाया कि यूएफआर और डीएफ/डीटी रिले ग्रिड की जीवन बचाव सुरक्षा योजना है और किसी बड़े ग्रिड व्यवधान के लिए सुरक्षित है और हम यह पाते हैं कि सामान्यतः सीमित दृष्टिकोण सुरक्षा तंत्र के अंतिम लाइन के संबंध में अपनाए जाने की आवश्यकता है इसलिए यह तथ्य है कि प्रचलित फ्रिक्वेंसी क्षेत्र के अंतर्गत इन रिले का प्रचालन सामान्य प्रचालन के दौरान विद्युत कंपनियों के लिए असुविधा का कारण होने के लिए संभावित नहीं है और इन रिलेज के प्रचालन की आवश्यकता केवल आपात स्थितियों के दौरान उत्पन्न होती है। हमारा यह विचार है कि सीमित दृष्टिकोण सुरक्षा तंत्र के अंतिम लाइन के संबंध में सामान्यतः अपनाया जाना चाहिए ताकि वांछित भार राहत सभी आकस्मिकताओं में उपलब्ध हो सके।

7.8.5.2 याचिका संख्या 211/एमपी/2011 में पुनरीक्षण याचिका संख्या 2/2014 में दिनांक 1.8.2014 का आदेश याचिका संख्या 2011/एमपी/2011 में माननीय आयोग द्वारा पारित 20.11.2013 के आदेश का पुनरीक्षण। पुनरीक्षण याचिकाकर्ता राज्य भार प्रेषण केन्द्र गुजरात ने इस पुनरीक्षण याचिका को दाखिल किया जिसमें याचिका संख्या 208/एसएम/2011 में 18.12.2013 के आयोग के आदेश की पुनरीक्षण की मांग की जिसमें आयोग ने प्रत्यर्थी राज्यों के एसटीयू/एसएलडीसी के प्रभारी अधिकारियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम

2003 की धारा 142 के अधीन कार्रवाई आरंभ करने के लिए मामले को प्रोसेस करने के लिए आयोग के स्टाफ को निर्देश दिया। पुनरीक्षण याचिकाकर्ता ने निवेदन किया कि 7.8.2013 का आदेश संख्या 246/एमपी/2009 और रिकार्ड पर विभिन्न अन्य सामग्री सहित कार्रवाइयों के पूर्ववर्ती रिकार्ड पर विचार किए बिना आयोग द्वारा पारित किया गया जो रिकार्ड के अंश पर स्पष्ट त्रुटि है । पुनरीक्षण याचिकाकर्ता ने निवेदन किया कि 18.12.2013 के आदेश के पुनरीक्षण के लिए अन्यथा पर्याप्त कारण है।

पुनरीक्षण याचिकाकर्ता ने आगे निवेदन किया कि आयोग ने याचिका संख्या 246/एमपी/2009 ने 7.08.2013 के आदेश में योजना भार प्रबंधन और आकस्मिकता उपायों के लिए राज्य की वितरण कंपनियों और पुनरीक्षण याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को नोट किया है और एसएलडीसी और वितरण कंपनियों को निर्देश दिया है कि एडीएमएस जैसी राज्य मांग प्रबंधन योजनाओं को तैयार और कार्यान्वित करे। पुनरीक्षण याचिकाकर्ता ने निवेदन किया है कि उक्त आदेश अनुपालन के लिए राज्य की वितरण कंपनियों को भेजा गया था। चूंकि वे एबीएमएस के कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं।

पुनरीक्षण याचिकाकर्ता के सुनवाई के बाद आयोग ने यह पाया कि पुनरीक्षण याचिकाकर्ता वितरण कंपनियों के माध्यम से कार्यान्वित एडीएमएस प्राप्त करने में सफल नहीं रहा तथापि रिकार्ड के दस्तावेजों से यह सामने आया कि एसएलडीसी गुजरात ने इसकी वितरण कंपनियों द्वारा कार्यान्वित एडीएमएस प्राप्त करने में प्रामाणिक प्रयास किए हैं। पुनरीक्षण याचिकाकर्ता ने एडीएमएस के कार्यान्वयन के लिए कुछेक पद्धतियां भी जारी की है। एडीएमएस को कार्यान्वित करने के लिए एसएलडीसी गुजरात की प्रतिबद्धता सहित सभी पहलुओं पर विचार करते हुए आयोग ने यह पाया कि पुनरीक्षण याचिकाकर्ता के विरुद्ध अधिनियम की धारा 142 के अधीन कार्रवाई आरंभ नहीं की जाएगी। तदनुसार आयोग ने यह निर्देश दिया कि अधिनियम की धारा 142 के अधीन नोटिस पुनरीक्षण याचिकाकर्ता के विरुद्ध जारी न किया जाए। इसी के साथ आयोग ने जनवरी 2015 तक योजना के पूर्णतः कार्यान्वयन के लिए पुनरीक्षण याचिकाकर्ता को निर्देश दिया और डब्ल्यूआरपीसी सचिवालय को द्विमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा आयोग एवं डब्ल्यूआरएलडीसी को उसकी प्रति भेजने का निर्देश दिया। आयोग ने योजना के कार्यान्वयन को मानिटर करने के लिए डब्ल्यूआरपीसी और डब्ल्यूआरएलडीसी को निर्देश दिया और कार्यान्वयन में पुनरीक्षण याचिकाकर्ता को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। भविष्य में पुनरीक्षण याचिकाकर्ता के अंश पर किसी प्रकार की ढील को गंभीरता से लिया जाएगा और तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

7.8.6 पारेषण अनुज्ञप्ति

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 में यह व्यवस्था है कि उपयुक्त आयोग किसी व्यक्ति को अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए धारा 15 के अंतर्गत किए गए आवेदन पर प्रदान कर सकता है। (क) पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के रूप में विद्युत पारेषण के लिए या (ख) वितरण अनुज्ञप्तिधारी के रूप में विद्युत के वितरण के लिए या (ग) विद्युत व्यापार के रूप में विद्युत में व्यापार के लिए

वर्ष 2014–15 के दौरान आयोग ने पारेषण परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए दरभंगा मोतीहरी पारेषण कंपनी लि, आरएपीपी पारेषण कंपनी लि., उंचार पारेषण लि., पुरलियां, खडकपुर पारेषण कंपनी लि. विचार पारेषण लि., कुदगी पारेषण लि., जैसी कंपनियों को पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान की।

आईएल एंड एफएस तमिलनाडु पावर कंपनी लि. द्वारा याचिका संख्या 81/पीएल/2014 में आयोग ने कंपनी को पारेषण अनुज्ञप्ति 3.12.2014 के आदेश को मना किया। याचिकाकर्ता तमिलनाडु के कुददालोर राज्य में 1200 मेगावाट(2x600) मेगावाट के कोयला आधारित उत्पादन केन्द्र का कार्यान्वन कर रहा है। उत्पादन परियोजना के भाग के रूप में यह पावर ग्रिड के नागापटनम पूलिंग स्टेशन के केडालोर थर्मल पावर परियोजना से समर्पित 400 केवी क्वेद मूज डी/सी पारेषण 48 किलोमीटर को कार्यान्वित कर रहा है। याचिकाकर्ता ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में संयोजकता दीर्घकालिक और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और संबद्ध मामले) विनियम 2009 के विनियम 8 (8) में याचिका दाखिल की है जिसमें यह व्यवस्था है कैप्टिव उत्पादन संयंत्र से भिन्न 500 मेगावाट और उससे अधिक के थर्मल उत्पादन केन्द्र से प्वाइंट आफ कनैक्शन के लिए समर्पित पारेषण लाईन के निर्माण की अपेक्षा नहीं होगी और इस प्रकार की लाइन केन्द्रीय पारेषण कंपनी और केन्द्रीय

विद्युत प्राधिकरण द्वारा समन्वित पारेषण योजना के लिए परिगणित नहीं होगी। आयोग ने पार्टियों की सुनवाई के बाद यह पाया कि पीजीसीआईएल की नागापटना पूलिंग स्टेशन तक याचिकाकर्ता के उत्पादन केन्द्र से पारेषण लाइन अनन्य रूप से याचिकाकर्ता के उत्पादन केन्द्र से विद्युत के शून्यीकरण से समर्पित पारेषण लाईन है। पीजीसीआईएल के साथ याचिकाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित बीपीटीए के अनुसार समर्पित पारेषण लाइन परियोजना विकासकर्ता की सीमा के अंतर्गत आती है। याचिकाकर्ता ने पारेषण लाइन के निर्माण के लिए अधिनियम की धारा 68 और 164 के अधीन विद्युत मंत्रालय से आवश्यक क्लीयरैंस प्राप्त की है। याचिकाकर्ता यह स्थापित करने में समर्थ नहीं हुआ कि विषयगत पारेषण लाइन अन्य उत्पादक द्वारा या याचिकाकर्ता के उत्पादन केन्द्र को छोड़कर विद्युत के पारेषण के लिए प्रयुक्त की जाएगी। इस प्रकार विषयगत पारेषण लाइन पावर ग्रिड के पूलिंग गेट तक याचिकाकर्ता के उत्पादन केन्द्र तक विद्युत के शून्यीकरण के लिए समर्पित पारेषण लाइन बनी रहती है। इसके अलावा 16.11.2010 को आयोजित एसआरपीसी की ग्यारवीं बैठक में पीजीसीआईएल द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि उत्पादन योजनाओं के संबंध में समर्पित पारेषण योजना संबंधित विकासकर्ताओं की सीमा के अधीन आएंगी। नोडल एजेंसी के रूप में सीटीयू विकासकर्ताओं की ओर से परियोजना को निष्पादित करेंगे और यदि प्रमोटर पीजीसीआईएल के विनिर्दिष्ट समय लाइन से पूर्व संयोजकता को वरीयता देते हैं तो वे स्वयं संबंद्धता लाइनों का निर्माण कर सकते हैं।

पारेषण अनुज्ञप्ति विनियमों के विनियम 6 के खंड (ग) के अनुसार जब उत्पादन कंपनी द्वारा निर्मित समर्पित पारेषण लाइन मुख्य पारेषण लाइन के रूप में प्रयुक्त की जानी होती है और अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के भाग के रूप में की जानी होती है तो उत्पादन कंपनी को इस प्रकार की समर्पित पारेषण लाइन के लिए पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए विचार किया जाए। खंड (ग) में उपबंध पारेषण आस्तियों के अधिकतम प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए किया गया है और विद्युत क्षेत्र में पारेषण खंड में मितव्ययिता और कार्यकुशलता को उन्नत करने के लिए अभीष्ट है। इस प्रकार के मामलों में पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए दो शर्तें पूरी की जानी आवश्यक है अर्थात क) मुख्य पारेषण लाइन के रूप में पारेषण लाइन का उपयोग और ख) अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के रूप में लाइन का संव्यवहार। याचिकाकर्ता की पारेषण लाइन इसकी उत्पादन केन्द्र से विद्युत के शून्यीकरण के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त की जाएगी। उत्पादन केन्द्र का बस भार किसी अन्य पारेषण लाइन या अन्य उत्पादक से संबद्ध नहीं है इसलिए पारेषण लाइन अन्य प्रयोक्ताओं द्वारा प्रयुक्त नहीं की जा रही है ताकि इसे मुख्य पारेषण लाइन के रूप में माना जाए। आईएसटीएस के रूप में पारेषण लाइन के संव्यवहार के रूप में यह नोट किया गया कि यह अधिनियम की अधारा 2(36) की किसी शर्त को पूरा नहीं किया। इसलिए पारेषण लाइन को आईएसटीएस के रूप में नहीं माना जा सकता।

7.8.6 स्वप्रेरणा याचिकाएं:

7.8.6.I याचिका संख्या 331/एसएम/2013 में 15.10.2014 का आदेश : केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए कियाविधि, निबंधन और शर्तें और अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2009 का गैर अनुपालन।

रायचुर शोलापुर पारेषण लाइन के निष्पादन की प्रगति के संबंध में 30.9.2013 के आदेश के मामले में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुरोध के आधार पर आयोग ने दिनांक 10.12.2013 के आदेश के माध्यम से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए कियाविधि, निबंधन और शर्तें और अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2009 के विनियम 10(2) के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवादियों के विरुद्ध मौजूदा स्वप्रेरणा कार्रवाइयों की पहल की ताकि उक्त पारेषण लाइन को शेष भारतीय ग्रिड सहित दक्षिण क्षेत्र के सिन्क्रोनस समाकलन के लिए यथाशीघ्र पूरा किया जा सके। मामले की 7.01.2014, 13.02.2014, 13.03.2014. 15.04.2014,22.05.2014, 11.07.2014 को सुनवाई की गई और आयोग ने परियोजना को पूरा करने के लिए समय समय से निर्देश जारी किए। 11.7.2014 को सुनवाई के दौरान प्रत्यर्थियों के लिए विद्वान अधिवक्ता ने सूचित किया कि पारेषण लाइन आरंभ कर दी गई है। इसके अलावा प्रत्यर्थियों ने 18.7.2014 के शपथ पत्र के माध्यम से निवेदन किया

कि पारेषण लाइन के पूरा होने के बाद सीईए निरीक्षण को 27.6.2014 और 28.6.2014 को कार्यान्वित किया गया। चार्ज करने के लिए अनुमोदन 29.6.2014 को सीईए द्वारा प्रदान किया गया और लाइन को 30.06.2014 को आरंभ किया गया। प्रत्यर्थियों ने निवेदन किया कि पारेषण लाइनों का वाणिज्यिक प्रचालन टीएसए के खंड 6.2 के साथ पठित खंड 4.4 के अनुसार अनुमति योग्य अवधि के अंदर प्राप्त किया गया है। प्रत्यर्थियों ने निवेदन किया कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी से पारेषण तत्व के ट्रायल प्रचालन के पूरा होने के प्रमाण पत्र के लिए संपर्क किया है और वह अनिर्णीत है। प्रत्यर्थियों ने यह निवेदन किया है कि लाइन प्रचालनीय है और लगभग 500 मेगावाट विद्युत पोसोको द्वारा प्रदान किए जाने वाले सही डाटा के आधार पर पुष्टि के अध्यधीन प्रवाहित की जा रही है।

प्रत्यर्थी के निवेदन पर विचार करने के बाद आयोग ने यह पाया कि 765 केवी एस/सी रायचुर शोलपुर पारेषण लाइन पूरी हो गई और चार्ज हो गई है और लगभग 500 मेगावाट विद्युत के माध्यम से प्रवाहित हो रही है। सीटीयू के प्रतिनिधि ने यह भी पुष्टि की कि लाइन प्रचालन में रखी गई है और इसमें विद्युत प्रवाहित हो रही है। प्रत्यर्थियों ने 9.8.2014 के पत्र के माध्यम से एनएलडीसी सफल ट्रायल प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया उक्त पत्र के अनुसार 765 केवी एस/सी रायचुर शोलापुर लाइन को 30.6.2014 को ऊर्जा प्रदान की गई और इस पारेषण लाइन का वाणिज्यिक प्रचालन 1.7.2014 को अधिसूचित किया।

7.8.6.2 याचिका संख्या एसएम/011/2014 में 12.8.2014 का आदेश : विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 38 और 39 का गैर अनुपालन

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 38 और 39 में यह व्यवस्था है कि सीटीयू और एसटीयू एक दूसरे के साथ और अन्य एजेसिंयों के साथ समन्वय करेंगे ताकि आईएसटीएस और संबद्ध डाउनस्ट्रीम/अपस्ट्रीम अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के कार्यान्वयन सही समयफ्रेम किया जा सके ताकि कोई भी आस्ति स्ट्रेंड या प्रयुक्त न रहे और पारेषण योजना का अभीष्ट प्रयोग/ उपयोग किया जा सके।

याचिका संख्या 89/टीटी/2012 में आयोग के नोटिस में आया है कि पावर ग्रिड ने सोहवाल उपकेन्द्र और जयपुर दक्षिण केन्द्र प्रत्येक में छह 220 केवी के कार्य को पूरा किया है जिसके लिए डाटनस्टीन प्रणालियां अपूर्ण थी। इसके अलावा पीओसी तंत्र में समाविष्टी के लिए पारेषण टैरिफ प्रदान करने के लिए 12.6.2014 को याचिका संख्या 28/टीटी/2014, 99/टीटी/2014, 100/टीटी/2014, 107/टीटी/2014 की सुनवाई के दौरान हमीदपुर उपकेन्द्र, कोर्टपुतली उपकेन्द्र 765 केवी एस/सी बरेली – 400 केवी स्तर पर लखनऊ पारेषण लाइन से संबद्ध डाउनस्टीन आस्तियों के पूरा न होने के कारण कड़ा मुद्दा और 400 केवी डी/सी बरेली न्यू–बरेली (वर्तमान) पारेषण लाइन का एक सर्कट बनाया गया है।

आयोग ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश के सीटीयू, एसटीयू को इस संबंध में अपने स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया और प्रत्येक पार्टी द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के प्रमाण और इस प्रकार के समन्वय के आधार पर की गई कार्रवाई के प्रमाण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उपरिलिखित याचिका में सुनवाई 23.9.2014, 08.01.2015 और 12.2.2015 को की गई। आयोग ने संबंधित पार्टियों की सुनवाई के बाद यह पाया कि आईएसटीएस के बेज डाउनस्टीम प्रणाली में अप्रयुक्त बने हुए हैं चूंकि एसटीयू प्रणाली समय से नहीं आई। यह एसटीयू का उत्तरदायित्व है कि आईएसटीएस प्रणाली से मिलान करने के लिए समय से अपनी प्रणालियों को लाएं। आयोग इस संबंध में अंतिम आदेश जारी करने की प्रक्रिया में है।

7.8.6.3 याचिका संख्या 9/एसएम/2014 में 19.6.2014 का आदेश : 30.05.2014 में उत्तरी क्षेत्र में भार क्रेश की जांच

आयोग ने 19.6.2014 के आदेश के माध्यम से यह पाया कि 16.00 घंटे से 19.00 घंटे में 30.5.2014 को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की वेबसाईट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तरी क्षेत्र ग्रिड ने वर्षा,आंधी/अंधर के कारण अत्यधिक मांग क्रेश का अनुभव किया जो मुख्यतः उत्तर प्रदेश हरियाणा उत्तराखंड और दिल्ली में रहा। यह मांग 16.40 घंटे पर कम होना आरंभ हुई और लगभग 17.15 घंटों पर न्यूनतम हो गई अत्यधिक मांग कमी से

पूरी प्रणाली में उच्च वोल्टेज फैल गई। प्रणाली फ्रिक्वेंसी ने 17.05 घंटे पर 50.65 एचजैड के स्तर को छू लिया। यह भी नोट किया गया कि उत्तरी क्षेत्र मांग लगभग 200 मेगावाट/ न्यूनतम दर पर तेजी से कम होना आरंभ हुई और 17.15 घंटे पर 32780 मेगावाट पर पहुंच गई। जो लगभग परवर्ती दिन के तदनुरूपी समय पर मांग से लगभग 8000 मेगावाट कम थी और यह विद्युत उच्च फ्रिक्वेंसी और प्रणाली में उच्च वोल्टेज में परिणत हो गई।

ये नोटिस किया गया है कि इस अवधि के दौरान एक एचवीडीपी बाई पोल लाइन सहित 68 एसी पारेषण लाइन ट्रिप हुई जिससे दिल्ली में 3500 मेगावाट सहित उत्तरी क्षेत्र में लगभग 8000 मेगावाट का भार क्रेश हुआ। भारतीय मीटरलाजिकल विभाग और नवकास्ट के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरी क्षेत्र के सभी संघटक को तूफान की संभावना के बारे में सतर्क कर दिया गया है। भार क्रेश रिपोर्ट के अनुसार तूफान से कई टावरों को क्षति हुई जिसमें 765 केवी के दो टावर और 400 केवी लाइन का एक और दिल्ली में 220 केवी पारेषण लाइन के विभिन्न 10 टावर शामिल हैं। पारेषण टावरों तथा पारेषण टावरों का टूटना और इस प्रकार के लाइनों की ट्रिपिंग काफी चेतावनी पूर्ण है और इसे विस्तार से जांच किए जाने की आवश्यकता है।

उपरिलिखित याचिका में 14.10.2014 को की गई सुनवाई के दौरान पावर ग्रिड के प्रतिनिधि ने निवेदन किया कि 30.5.2014 को टावर पवन की उच्च सघनता के कारण गिर गए और ये टावर पवन जोन 4 के लिए डिजायन किए गए थे जो 169 किलोमीटर/ घंटे पवन गति के अनुरूप थे। उन्होंने यह भी निवेदन किया कि टावर डिजायन 50 वर्षों की विश्वसनीयता अवधि के आईएस मानकों के अनुरूप थे और आईएमजी डाटा पर विचार करते हुए थे जिसने विभिन्न पवन अंचलों में देश को विभक्त किया। उन्होंने यह भी निवेदन किया कि पारेषण लाइने और टावर उचित पवन अंचलों के आधार पर डिजायन की गई है। सीईए के प्रतिनिधि ने यह निवेदन किया कि 1997 के पूर्व पारेषण टावर 3 पवन अंचलों पर विचार करने के बाद डिजायन किए गए थे। तथापि 1997 में देश को 6 पवन अंचलों में डीमार्क किया गया और अब टावरों को 400 केवी लाइनों के लिए '1' और 765 केवी के लिए '2' के विश्वसनीय घटक पर विचार करते हुए डिजायन किया गया। 765 केवी गया फतेहपुर लाइन में टावरक्षति को 19.6. 2014 को आयोजित स्थायी समिति की बैठक में विचार विमर्श किया गया और इस संबंध में रिपोर्ट आयोग के समक्ष आज पहले ही प्रस्तुत कर दी गई है। पोसोको के प्रतिनिधि ने निवेदन किया कि राष्ट्रीय विद्युत योजना 2007 के अनुसार एन2 मानदंड बड़े उत्पादन केन्द्रों (3000 मेगावाट) मल्टीलाइन कारिडोर (3 डीसी लाइन या अधिक) के लिए अपनाए जाने की आवश्यकता है। तथापि इसे अभी तक प्राप्त नहीं किया गया और इसे पारेषण प्रणाली की योजना बनाते समय विचार किए जाने की आवश्यकता है।

प्रत्यर्थियों की सुनवाई के बाद आयोग ने यह पाया कि 15 टावर 31.5.2014 को 765 केवी गया फतेहपुर लाइन पर ढह गए और विस्तार में इस मुद्दें पर जांच के लिए सीईए को निर्देश दिया और 30.11. 2014 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। आयोग ने पीजीसीआईएल को निर्देश दिया कि वह विस्तार से सीईए के साथ समन्वय करते हुए जांच करे और संरचनात्मक तथा कामगार कार्य करने के पहलू प्रयुक्त की गई सामग्री और ओएंडएम प्रणालियों पर विचार करते हुए 30.5.2014 और 31.5. 2014 को टावरों की असफलता को प्रस्तुत करे तथा 14.10.2014 के आरओपी के मुद्दें की 3 महीने के अंदर रिपोट्र प्रस्तुत करे और उपचारी उपायों का सुझाव दें। आयोग इस संबंध में अंतिम आदेश जारी करने की प्रक्रिया में है।

7.8.7 कुछ महत्वपूर्ण मामलों का संक्षिप्त विवरण जिसमें केविविआ के निर्णय सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय/विद्युत के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा रखे गए :

7.8.7.I 2014 की अपील संख्या 78– मैसर्स एडी हाइड्रो पावर लि. बनाम केविविआ

मैसर्स एडी हाइड्रो पावर लि. ने अपनी याचिका संख्या 180/एमपी/2013 में आयोग के समक्ष प्रार्थना की कि केविविआ (पारेषण प्रभारों की शेयरिंग और हानियां) विनियम 2010 (शेयरिंग विनियम) में आवश्यक उपबंध विभिन्न प्रकार के उत्पादकों को स्तर निर्वाह फील्ड उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करवाएं और इसे प्राप्त करने के लिए सभी प्रकार के उत्पादकों के लिए पारेषण प्रभार उनके द्वारा अंतःक्षेपित ऊर्जा की समान मात्रा के लिए वहीं होने चाहिए। आयोग ने 3.1.2014 के अपने आदेश में यह निर्णय किया कि शेयरिंग विनियमों के मौजूदा उपबंध

सभी प्रकार के उत्पादकों के लिए पारेषण प्रभारों की संगणना के लिए पर्याप्त हैं और यह भी स्पष्ट किया कि याचिका को दाखिल करना मौजूदा विनियमों के संशोधन आरंभ करने के लिए उचित प्रक्रिया नहीं है। विनियमों को बनाने या संशोधित करने की कार्रवाई तभी की जाती है जब आयोग संतुष्ट है कि इस प्रकार के विनियमों या मौजूदा विनियमों के संशोधन की आवश्यकता है। इस प्रकार के आदेश से व्यथित होने पर अपीलकर्त्ता ने इस आधार पर माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष उक्त अपील दाखिल की कि आयोग ने यह निर्णय लेने में गलती कि है कि शेयरिंग विनिमयों के आवेदन से उद्भूत शिकायत के निपटान के लिए दाखिल याचिका मौजूदा विनियमों के संशोधन के लिए उचित प्रक्रिया नहीं हैं। अपीलीय न्यायधीकरण ने यह निर्णय किया कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 178 के अधीन तैयार किए गए विनियम प्रत्यायोजित विधान पर है और अपील द्वारा अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। मौजूदा विनियमों की वैधता के संबंध में उपचार 2006 की सिविल अपील संख्या दिनांक 15.3.2010 (पीटीसी इंडियां लि0 बनाम केन्द्रीय आयोग) में केवल माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संविधानपीठ द्वारा निर्धारित संविधान के अनुच्छेद 226 के अधीन उच्च न्यायालय के समक्ष उपलब्ध होगी। इस प्रकार यह अपील माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित अभ्युक्ति के अनुसार रक्षणीय नहीं है।

7.8.7.2 2013 की अपील संख्या 169 – ग्रिडको लि. बनाम मैसर्स भूषण पावर एंड स्टील लि.

ग्रिड कार्पोरेशन आफ ओडिशा लि. (ग्रिडको) ने याचिका संख्या 163/एमपी/2012 में आयोग द्वारा पारित दिनांक 9.5.2013 के आदेश को चुनौती देते हुए विद्युत के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष यह अपील दाखिल की जिसमें निर्णय लिया गया कि यह विवाद केविविआ के विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 (1)(एफ) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत और केविविआ (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) विनियम 2004 की 35 के अंतर्गत आता है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह निर्णय किया कि आयोग को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 की उपधारा (1) के खंड (क) से (घ) से संबद्ध मामलों के संबंध में उत्पादन कंपनियों या पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों को शामिल करने वाले विवादों से संबंधित विद्युत अधिनियम (1)(एफ) के अधीन याचिका को देखने का क्षेत्राधिकार है और मध्यस्थता के लिए किसी विवाद को भेजने का अधिकार है। चूंकि विवाद केविविआ (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) विनियम 2004 के अनुसार मैसर्स भूषण पावर एवं स्टील लि के कारण यूआई प्रभारों के गैर भुगतान से संबंधित है जो विद्युत के अंतरराज्यिक पारेषण के विनियमन के लिए इसके निर्वहण में केन्द्रीय आयोग द्वारा अधिसूचित किए गए थे, अतएव केन्द्रीय आयोग उक्त विवाद के अधिनिर्णय के लिए सक्षम है। यह विवाद संबंधित राज्य आयोग के क्षेत्राधिकार या सक्षमता के स्पष्ट रूप से आगे हैं।

7.8.7.3 2013 की अपील संख्या 225– मोजर बेयर क्लीन एनर्जी लि0 बनाम केविविआ

मोजर बेयर क्लीन एनर्जी लि ने केविविआ(नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से अवधारण के लिए टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम 2012 (आरई टैरिफ विनियम) के विनियम 8 के अधीन जैनेरिक स्तरीकृत उत्पादन टैरिफ का अवधारण करने वाली स्वप्रेरणा की कार्रवाइयों में आयोग द्वारा पारित 27.03.2012 के आदेश के विरुद्ध विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपील दाखिल की। अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष उठाया गया प्रश्न था कि बट्टा घटक का अवधारण और आयोग द्वारा प्रयुक्त प्रणाली आरई टैरिफ विनियमों के विनियम 16 के अनुरूप थी और वैध थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि आयोग ने पोस्ट टेक्स डब्ल्यूए सीसी के रूप में बट्टा घटक पर विचार करते हुए वित्त वर्ष 2014–15 के लिए सौर पीवी के लिए जनेरिक स्तरीकृत टैरिफ का अवधारण किया है और बट्टा घटक से संबंधित अपीलकर्त्ता द्वारा मांगी गई सहायता आरई टैरिफ विनियमों के संशोधन या समीक्षा के लिए मांग करते हुए होगी जिसे विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 111 के अधीन दाखिल इस अपील में नहीं लिया जा सकता। तदनुसार अपील को रद्द किया गया।

7.8.7.4 2013 की अपील संख्या 162: इनोक्स नवीकरणीय लि. बनाम केविविआ एवं अन्य

इनाक्स नवीकरणीय लि. पूर्व में गुजरात क्लोरो कैमिकल ने आयोग द्वारा पारित 9.5.2013 के आदेश के विरुद्ध अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष मौजूदा अपील दाखिल की जिसमें निर्णय लिया कि अपीलकर्ता गेमिंग में लिप्त था और अपीलकर्ता को राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण लि को 870 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए आदेश किया। अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष उठाया गया मुख्य मुद्दा यह था कि क्या आयोग इन निष्कर्षों की रिकाडिंग में न्यायोचित था कि अपीलकर्ता यह दर्शाने

के लिए किसी प्रमाण की अनुपस्थिति में आशंकाओं के आधार पर केवल गेंमिंग का दोषी था कि अपीलकर्ता ने इरादतन गेमिंग के सहारे कोई लाभ लिया। अपीलीय न्यायाधिरण ने यह निर्णय किया कि केन्द्रीय आयोग ने यह सही ठहराया है कि अपीलकर्ता इसके समक्ष प्रस्तुत रिकार्ड पर विचार करने के बाद और एनआरएलडीसी के जांच रिपोर्ट के बाद गेमिंग में लिप्त पाया गया। अपीलीय न्यायाधिकरण ने आगे यह निर्णय लिया कि अपीलकर्ता द्वारा उत्पादन अनुसूची की गलत घोषणा से आरआरवीएनएल को वित्तीय हानि हुई जिसके लिए केन्द्रीय आयोग ने अपीलकर्ता द्वारा अदा किए जाने वाली आरआरवीपीएनएल को सही क्षतिपूर्ति प्रदान की। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपील को रद्द किया और केन्द्रीय आयोग के आदेश को बनाए रखा

7.8.7.5 2014 की अपील संख्या 186 – वित्तीय तकनीक (इंडिया) लि.) बनाम केविविआ एवं एएनआर

वित्तीय प्रौद्योगिकी इंडिया लि (एफटीआईएल) ने स्वप्रेरणा याचिका संख्या एसएम/341/2013 में आयोग द्वारा पारित 13.5.2014 के आदेश के विरुद्ध अपील दाखिल की जिसके द्वारा आयोग ने निम्नलिखित के अनुपालन के लिए आईईएक्स को निर्देश दिया:

क. आईईएक्स यह सुनिश्चित करेगा कि एफटीआईएल 30.9.2014 तक आईईएक्स से समूची शेयरहोडिंग को डाईवेस्ट करेगा।

ख. शेयरों की अनिर्णीत डाईवेस्टमेंट से एफटीआईएल के मताधिकार समाप्त हो जाएंगे और इस प्रकार के शेयरहोल्डिंग के स्थान पर कोई निगमित लाभ एक्सचेंज द्वारा आस्थगित रखा जाएगा या रखा जाएगा।

ग. आईईएक्स यह सुनिश्चित करेगा कि एफटीआईएल का किसी नामिती का आईईएक्स के बोर्ड में प्रतिनिधित्व नहीं है।

घ. आईईएक्स को यह निर्देश है कि तत्काल प्रभाव से उक्तनिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करे और आयोग को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

अपीलीय न्यायाधिकरण ने निम्नलिखित विषयों को तैयार किया है।

क. क्या आयोग को विद्युत अधिनियम 2003 या पावर एक्सचेंज विनियम विद्युत एक्सचेंज में शेयरहोल्डिंग पर किसी प्रकार के प्रतिबंध लगाने की शक्ति है।

ख. क्या आयोग ने नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का पालन किए बिना और अपीलकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान किए बिना आदेश पारित करने में गलती की है?

ग. क्या आयोग ने एफएमसी के 17.12.2013 के आदेश पर निर्भर करते हुए गलती की है जिसके विरुद्ध रिट याचिका माननीय बंबई उच्च न्यायालय के समक्ष अनिर्णीत है?

घ. क्या आयोग ने सेबी के 19.3.2014 के आदेश पर निर्भर करते हुए गलती की है जिसके विरुद्ध सिक्यूरिटी अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष दाखिल अपील 9.7.2014 को रद्द कर दी गई है?

ङ क्या प्रतिवाद आदेश नए विनियम 22 क जोड़ते हुए 3 अप्रैल 2014 को यथासंशोधित केविविआ(पावर मार्केट) विनियम 2010 की शक्तियों एवं संभावनाओं से आगे हैं?

च. क्या आयोग अपीलकर्ता के शेयरहोल्डिंग की डाइवेस्टमेंट का निर्देश देने से पूर्व अपने मामले को प्रस्तुत करने के लिए अपीलकर्ता को कोई उचित अवसर दिए बिना और स्वतंत्र जांच किए बिना प्रतिवाद आदेश पारित करने में न्यायोचित है?

चूंकि उक्त सभी मुद्दें अंतःसंबद्ध थे इसलिए माननीय न्यायाधिकरण ने उनपर एकसाथ निर्णय किया। माननीय न्यायाधिकरण ने अपने निष्कर्षों में यह पाया कि आयोग 13.5.2014 के प्रतिवाद आदेश को पारित करने में विधिक रूप से न्यायोचित है। जिसमें आईईएक्स को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि एफटीआईएल को आईईएक्स से इसकी समूची शेयरहोल्डिंग डाइवेट करनी चाहिए और शेयरों का अनिर्णीत अनावरण होना चाहिए इसलिए अपीलकर्ता के मताधिकार समाप्त हो जाएंगे और इस प्रकार के शेयरहोल्डिंग के स्थान पर कोई निगमित लाभ आईईएक्स द्वारा आस्थगित या रोक रखा जाएगा। प्रतिवाद आदेश में आईईएक्स को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अपीलकर्ता का

कोई नामिती आईईएक्स के बोर्ड में प्रतिनिधित्व नहीं है और आईईएक्स को तत्काल प्रभाव से बहस आदेश में दिए गए निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और केन्द्रीय आयोग को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। केन्द्रीय आयोग स्वप्रेरणा याचिका संख्या एसएम/341/2013 के माध्यम से स्वप्रेरणा कार्यवाहियों को आरंभ करने में विधिक रूप से उचित था और क्रमशः 17.12.2013 और 19.3.2013 के एफएमसी एवं सेबी के आदेशों पर विधिक रूप से निर्भर किया। केन्द्रीय आयोग ने अपीलकर्ता के बारे में प्रथ्यर्थी/आईईएक्स के बारे में कुछेक जांच करते हुए कई आदेश पारित किए और केन्द्रीय आयोग तथा आईईएक्स के बीच पत्राचार के आदान प्रदान से यह तथ्य स्पश्ट होता है कि अपीलकर्ता को केन्द्रीय आयोग के समक्ष स्वप्रेरणा कार्यवाहियों के बारे में पूर्ण जानकारी थी लेकिन वह जानबूझकर किसी व्यक्तिगत सुनवाई के अपेक्षा करते हुए केन्द्रीय आयोग के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ। उक्त स्थिति में आयोग के लिए अनिवार्य नहीं था कि प्रतिवाद आदेश के पारित करने से पूर्व अपीलकर्ता के विरुद्ध स्वतंत्र और पृथक जांच की जाए विशेष रूप से जब विस्तृत अभिमतों द्वारा माननीय मुबंई उच्च न्यायालय ने एफएफसी के दिनांक 17.12.2013 के आदेश के प्रचालन के स्थगन के लिए इंकार किया। माननीय उच्च न्यायालय या किसी उच्च फोरम में रिट याचिका की अनिर्णितता केन्द्रीय आयोग के लिए कोई आधार नहीं था कि उक्त रिट याचिकाओं के निपटान तक मामले को अनिर्णीत रखा जाए। अपीलकर्ता स्वप्रेरणा कार्यवाहियों में केन्द्रीय आयोग के समक्ष जानबूझकर किए गए अपने असहयोग के कारण पूर्वाग्रह दर्शाने में असफल रहे और प्रतिवाद आदेश विधिक रूप से और सही रूप में पारित किया गया।" अंततः माननीय न्यायाधिकरण ने 4.2.2015 के अपने आदेश के माध्यम से माननीय न्यायाधीकरण ने गुणावगुण के रूप में अपील को रद्द कर दिया और अपीलकर्ता के विरुद्ध उक्त सभी मुद्दों का निर्णय लिया। माननीय न्यायाधिकरण ने यह निर्णय लिया कि आयोग द्वारा पारित 13.5.2014 के प्रतिवाद आदेश में कोई गैर विधिकता या दुराग्रह नहीं है।

7.8.7.6 2014 की अपील संख्या 95 : छतीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी लि. बनाम केविविआ एवं एएनआर

छतीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी लि. (सीएसपीडीसीएल) ने याचिका संख्या 193/एमपी/2012 में आयोग द्वारा पारित 20.2.2014 के आदेश के विरुद्ध अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष यह अपील दाखिल की जिसके द्वारा आयोग ने मध्यप्रदेश विद्युत प्रबंधन कंपनी लि. द्वारा सीएसपीडीसीएल को पर्याप्त विलंब के बाद अदा किए गए रिएक्टिव ऊर्जा प्रभारों पर ब्याज या अधिभार के भुगतान के लिए अपीलकर्ता के दावे को रद्द किया। अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह निर्णय किया कि "आयोग अपीलकर्ता को प्रत्यर्थी संख्या 2 द्वारा अदा रिएक्टिव ऊर्जा प्रभारों पर अधिभार या ब्याज के भुगतान के लिए अपीलकर्ता/याचिकाकर्ता के दावे को अस्वीकृत करने में विधिक रूप से न्यायोचित है और आयोग का दृष्टिकोण विधिक रूप से वैध है जिसमें इस स्थिति में इस अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा किसी प्रकार का हस्तक्षेप अपेक्षित नहीं है।"

7.8.7.7 2014 का अपील संख्या 90 – सासन पावर लि. बनाम केविविआ एवं अन्य

सासन पावर लि ने याचिका सख्या 75/एमपी/2013 में आयोग द्वारा पारित 22.2.2014 के विरुद्ध अपील दाखिल की जिसके द्वारा आयोग ने परियोजना के प्रचालन अवधि के दौरान लागतो का प्रभाव डीजल की कीमतों में वृद्धि के कारण क्षतिपूर्ति के लिए दावे को अस्वीकार किया गया। अपीलीय न्यायाधिकरण ने निम्नलिखित मुद्दों को तैयार कियाः

क. क्या डीजल उपभोक्ताओं की दोनों श्रेणियों के सृजन के संबंध में राजनीतिक एवं मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति के 17.1.2013 के निर्णय एवं बल्क उपभोक्ताओं के लिए डीजल की बाजार संबद्ध कीमत को चार्ज करना विधि में परिवर्तन की घटना है?

ख. क्या प्रशासित कीमत मैकेनिज्म 1997 और 2002 में भारत सरकार द्वारा विघटित किया गया था जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को गैरविनियमित किया गया या क्या भारत सरकार ने 1997 और 2002 में प्र ाासित कीमत मैकेनिज्म के विघटन के लिए गए निर्णय के बाद भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत के विनियमों को जारी रखा?

माननीय न्यायाधिकरण ने यह निर्णय लिया कि "बोली के प्रस्तुत करने के समय पर अपीलकर्ता

भारत सरकार द्वारा जारी किए गए राजपत्र अधिसूचना के बारे में जानकारी थी। बाजार निर्धारित कीमतों के प्रति अपीलकर्ता को जानकारी थी। यह स्पष्ट था कि डीजल कीमत का विधिक मैकेनिज्म के रूप में एपीएफ अधिक समय नहीं रहा और डीजल की कीमत बाजर निर्धारित घटकों द्वारा संचालित की जाएगी। एपीएफ का विघटन कटऑफ तारीख से काफी पूर्व रहा। अपीलकर्ता यह नहीं कह सकता कि डीजल की कीमत में वृद्धि की संभावना उसके मस्तिष्क में नहीं थी। अपीलकर्ता इस अनुमान पर बोली को प्रस्तुत नहीं कर सका कि भारत सरकार कीमतों की नियंत्रण को जारी रखेगी।" अपीलीय न्यायाधिकरण ने आगे यह निर्णय लिया कि "यह अपीलकर्ता का मामला नहीं है कि अपीलकर्ता का डीजल की सब्सिडाइज कीमत पर ओएमसी के साथ दीर्घकालिक ईंधन आपूर्ति करार है और राजनीतिक एवं आर्थिक मामले की मंत्रिमंडलीय समिति दिनांक 17.1.2013 के निर्णय ने डीजल की कीमतों को प्रभावित किया। अपीलकर्ता द्वारा बोलियों को प्रस्तुत करने के लिए कटऑफ तारीख के अनुसार विधिक स्थिति यह है कि एपीएम को भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 28.3.2002 द्वारा विघटित कर दिया गया है। भारत सरकार या ओएमसी से अपीलकर्ता को कोई आश्वासन नहीं कि भारत सरकार डीजल कीमत पर नियंत्रण को जारी रखेगी और मुक्त बाजार मैकेनिज्म को आरंभ नहीं किया जाएगा। एपीएम को कभी भी पुनः आरंभ नहीं किया गया।"

अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह भी निर्णय किया कि "अपीलकर्ता को बोली प्रस्तुत करने के समय पर डीजल कीमत भिन्नता को ध्यान में रखते हुए वृद्धिशील संघटक को उद्गत करने की पूर्ण स्वतंत्रता थी या कान्ट्रेक्ट अवधि के विभिन्न वर्षों के लिए उद्गत गैर वृद्धिशील लागत को भाामिल करने की पूर्ण स्वतंत्रता थी। अपीलकर्ता ने 25 वर्ष की समूची परियोजना अवधि के लिए ऊर्जा प्रभारों के गैर वृद्धिशील संघटक को उद्गत करने का निर्णय किया। यह अपीलकर्ता द्वारा लिया गया एक वाणिज्यिक निर्णय था। अपीलकर्ता विधि में परिवर्तन के आधार पर क्षतिपूर्ति के लिए कोई दावा नहीं कर सकता जो कटऑफ तारीख के बहुत पहले हुई थी जब एपीएफ विघटित हो गया था। प्रतियोगी बोली प्रक्रिया की इस प्रकार की पद्धति से अनुमति नहीं दी जा सकती।"

उक्त अभिमतों के साथ अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपीलकर्ता सासन पावर लि द्वारा दाखिल अपील को रद्द किया और यह निर्णय दिया कि अपील में कोई मैरिट नहीं है।

7.8.7.8 2013 की अपील संख्या 77 : टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्री लि. बनाम एनटीपीसी लि. एवं अन्य, 2013 की अपील संख्या 194 – बीसीईएस, यमुना पावल लि. बनाम केविविआ तथा अन्य तथा 10 अन्य संबद्ध अपीलें

उपरिलिखित अपीलें विभिन्न याचिकाओं में आयोग द्वारा पारित आदेशों दिनांक 22.10.2012, 5.12.2012 और 8.10.2013 को चुनौती देते हुए अपील न्यायाधिकरण के समक्ष अपीलकर्ता वितरण कंपनी द्वारा दाखिल की गई जिसमें आयोग ने शक्तियों का प्रयोग करते हुए 1.1.2006 से 31.3.2009 के दौरान उत्पादन केन्द्रों में संबंधित कर्मचारियों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के स्टाफ और केन्द्रीय विद्यालय के वेतन संशोधन के लिए उनके द्वारा उपगत अतिरिक्त लागत वसूली के लिए एनटीपीसी, एनएचपीसी, एनएलसी और एसजेवीएनएल जैसी उत्पादन कंपनियों को अनुमति दी ताकि केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम 2004 के विनियम 12 और 13 के अधीन रियायत के लिए शक्ति और कठिनाइयों को दूर किया जा सके। बहस आदेशों में अपीलकर्ता ने विचार के लिए किसी प्रकार के मुद्दों को उठाया है इसलिए माननीय न्यायाधिकरण ने 24.32.2015 के सामान्य अधिनिर्णय सहित इन सभी अपीलों पर निर्णय किया है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपीलों में किए गए निवेदनों के आधार पर निम्नलिखित मुद्दों को तैयार किया है:

क. क्या आयोग कठिनाइयों को दूर करने के लिए अपनी शक्ति का प्रयोग कर सकता है जो विनियमों के प्रयोग के परिणामतः उत्पन्न हुई हैं और जो इन विनियमों को प्रभाव देने में उत्पन्न हो सकती हैं?

ख. क्या आयोग कठिनाइयों को दूर करने में विनियमों के सशोधन करने, विनियमों के शर्तों के विपरीत अपनी शक्ति का प्रयोग कर सकता है?

ग. क्या आयोग प्रत्यर्थी कार्पोरेशनों के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों के व्ययों की अनुमति देते हुए यह विचार करने में सफल रहा है कि प्रत्यर्थी कार्पोरेशनों ने

असामान्य विलंब के बाद आयोग से संपर्क किया है विशेष रूप से जब संगत टैरिफ अवधि पहले से समाप्त हो गई है और अगली टैरिफ अवधि के लिए टैरिफ याचिका संबंधित प्रत्यर्थी कार्पोरेशन द्वारा दाखिल की गई है?

घ. क्या आयोग यह अवज्ञा करने में सही था कि टैरिफ एक पैकेज है और इस प्रकार टैरिफ का प्रत्येक संघटक अलग से नहीं देखा जा सकता?

मुद्दा संख्या (क) और (ख) के संबंध में अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह स्पष्ट किया कि यदि छठे वेतन आयोग की सिफारिशें 2004 के टैरिफ विनियमों के पूर्व कार्यान्वित की गई हैं और यदि वेतन की जानकारी हुई है तो केन्द्रीय आयोग विगत वर्षों के वास्तविक व्यय के आधार पर ओएंडएम व्यय को सामान्य करते हुए कुल मिलाकर टैरिफ विनियम 2004 के विनियम 21 (IV) में विनिर्दिष्ट सामान्य ओएंडएम में कर्मचारी लागत में वृद्धि का घटक होगी। दिनांक 1.1.2007 से वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में वेतन आदि में वृद्धि चूंकि टैरिफ विनियम 2009 के प्रवृत होने के बाद दिनांक 7.7.2010 और 17.8.2010 के भारत सरकार के परिपत्रों द्वारा वास्तविक रूप से कार्यान्वित किया गया था। तथापि प्रस्तावित वृद्धि पर एनटीपीसी जैसे कार्पोरेशनों द्वारा विचार किया गया था और उस समय आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया जब 2009 के टैरिफ विनियमों पर विचार किया जा रहा था"

माननीय न्यायालय ने आगे स्पष्ट किया कि "छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के कारण तदन्तर प्रगति हुई और वेतनमानों का संशोधन एवं अन्य लाभों का संशोधन कठिन स्थिति थी जो 2004 के टैरिफ विनियमों को लागू करने में उत्पन्न हुई विशेष रूप से टैरिफ विनियम 2004 के विनियम 23 के समय यदि इसे ओएंडएम व्ययों के संबंध में इसकी शर्तों को प्रभावित करते हुए एनटीपीसी जैसी विद्युत उत्पादकों/कार्पोरेशन द्वारा उपगत व्यय एंव समुचित विधिक लागतों की वसूली नहीं हो सकेगी।"

